दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :171
प्रतापगढ़ | बुधवार , 24 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

जहां लोग शांति से त्योहार नहीं मना सकते वहां मतदान कैसे करेंगे

मुर्शिदाबाद में रामनवमी के दिन हिंसा पर हाई कोर्ट की टिप्पणी

कोलकाता(हि.स.) । पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राज्य के मुर्शिदाबाद इलाके में जारी हिंसा और अनियंत्रित घटनाओं को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग से हम कहेंगे कि मुर्शिदाबाद का चुनाव टाल दें।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने कहा, ÷मैं चुनाव आयोग से मुर्शिदाबाद के बहरामपुर इलाके में चुनाव स्थगित करने के लिए कहूंगा। उन्होंने रामनवमी के दिन हुए हिंसा को लेकर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, %%जहां लोग आठ घंटे तक शांति से अपना त्योहार नहीं मना सकते, वहां इस वक्त वोट देने की कोई जरूरत नहीं है।उल्लेखनीय है कि रामनवमी वाले दिन शोभा यात्राओं पर मुर्शिदाबाद के दो इलाकों में पथराव और आगजनी हुई थी।

भारत में बिकने वाले मसालों की जांची जाएगी गुणवत्ता

हांगकांग-सिंगापुर की आपत्ति के बाद सरकार ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांची जाएगी। यह फैसला हांगकांग, सिंगापुर द्वारा दो लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों की गुणवत्ता पर चिंता जताने के बाद लिया गया है। हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा था कि इन मसालों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है जिससे कैंसर होने का खतरा होता है। नियामक ने विक्रेताओं को इनकी बिक्री रोकने का निर्देश दिया था।सरकारी सूत्र ने कहा कि खाद्य सुरक्षा नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने देशभर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के पाउडर के नमूने लेने शुरू कर दिए हैं। एफएसएसएआइ निर्यात किए जाने वाले मसालों की गुणवत्ता को नियंत्रित नहीं करता है।सरकारी सूत्रों ने कहा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत काम करने वाले एफएसएसएआइ घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले मसालों की गुणवत्ता की जांच करेगा। देश के सभी खाद्य आयुक्तों को अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन से चार दिनों में देश की सभी मसाला निर्माता इकाइयों से नमूने एकत्र किए जाएंगे। सिर्फ एमडीएच और एवरेस्ट ही नहीं सभी मसाला कंपनियों से नमूने लिए जाएंगे। लैब से लगभग 20 दिनों में

रिपोर्ट आ जाएगी।इस बीच भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसालों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध की जांच कर रहा है। भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा, इन मामलों पर हमारी नजर है। जब इन आरोपों को लेकर इन कंपनियों से सपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने को कहा है, जबकि सिंगापुर की खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है। जिन चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसाला शामिल है।भारत में खाद्य पदार्थों में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। सरकार ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत मसाला बोर्ड से कहा है कि वह जागरूकता फैलाए कि उत्पादों में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिलाया जाए। भारतीय मसालों में हानिकारक तत्व पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मसाला बोर्ड के अनुसार एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस होता है। कीटनाशक के तौर पर भी इसका इस्तेमाल होता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने के लिए भी किया जाता है। प्राकृतिक स्त्रोतों के अलावा, इसे जल-जमाव वाली मिट्टी, खाद और कीचड़ से भी पैदा किया जा सकता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को 'समूह 1 कार्सिनोजेन' (कैंसर पैदा करने वाला) के रूप में वर्गीकृत किया है। इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) के अनुसार इसके संपर्क से अवसाद और आंखों में जलन हो सकती है। लंबे समय तक संपर्क में रहने से आंखों, त्वचा, नाक, गले और फेफड़ों में जलन हो सकती है और मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को नुकसान हो सकता है।

तिहाड़ में बंद अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली, (हि.स.)। राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। आज केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया।कोर्ट ने 15 अप्रैल को केजरीवाल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 28 मार्च को पेशी के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि ये राजनीतिक साजिश है, जनता इसका जवाब देगी। 28 मार्च को केजरीवाल ने खुद कोर्ट में अपनी बात रखते हुए कहा था कि असली घोटाला तो ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ।

ईडी का मकसद आम आदमी पार्टी को खत्म करना है। ईडी का मकसद एक स्मोक क्रिएट करना था कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारी है। ईडी का दूसरा मकसद उगाही करना है। इस मामले में शरद रेड्डी ने गिरफ्तारी के बाद भाजपा को 55 करोड़ रुपया दिया। भाजपा को इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में पैसा देने के बाद शरद रेड्डी को जमानत मिल गई।दिल्ली हाई कोर्ट से 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने उसी दिन देर शाम केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। 27 मार्च को हाई कोर्ट ने केजरीवाल को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने 28 मार्च को केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी।केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से खारिज करने के बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

के. कविता को कोर्ट ने 7 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को 7 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था।सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी।

इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने इस मामले में के. कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी।कोर्ट ने 5 अप्रैल को सीबीआई को के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। ईडी के मुताबिक कविता शराब कारोबारियों की साउथ लॉबी से जुड़ी हुई थीं। ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजा था लेकिन कविता ने इसे नजरअंदाज कर दिया और पेश नहीं हुईं, जिसके बाद छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

हेमंत सोरेन को नहीं मिली राहत, जमानत याचिका पर जवाब के लिए ईडी ने कोर्ट से मांगा वक्त

रांची (आरएनएस)। जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए ईडी ने एक बार फिर अदालत से वक्त मांग लिया है। सोरेन की याचिका पर मंगलवार को एक बार फिर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ने ईडी ने जवाब देने के लिए दो हफ्ते के समय की मांग की।हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने ईडी को एक हफ्ते का समय देते हुए 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी। रांची के बड़गाई अंचल में 8.66 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और पतंजलि का माफीनामा फिर अस्वीकार किया

30 अप्रैल को बालकृष्ण सहित पेश होने का आदेश

नई दिल्ली, (हि.स.) । सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाओं के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने के केस में बाबा रामदेव और पतंजलि का माफीनामा फिर अस्वीकार कर दिया। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को 30 अप्रैल को फिर सुप्रीम कोर्ट में पेश होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को विज्ञापन का साइज बड़ा करने और माफीनामा को हाई लाइट करने के लिए कहा ताकि लोगों को समझ में आए। सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 67 अखबारों में माफीनामा दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या अखबारों को दिया गया माफीनामा उतने ही साइज का है जितना बड़ा आप विज्ञापन देते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई का दायरा बड़ा करते हुए कहा कि मामला सिर्फ एक संस्था (पतंजलि) तक सीमित नहीं रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि भ्रामक विज्ञापन के जरिए उत्पाद

बेच कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली बाकी कंपनियों के खिलाफ उसने क्या कार्रवाई की है। कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से पूछा कि एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां अपने पर्चे में क्यों लिखते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल मेडिकल कमीशन से पूछा कि क्या जानबूझकर महंगी दवा लिखने वाले डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है।

सुप्रीम कोर्ट ने हर राज्य की दवा लाइसेंसिंग ऑथोरिटी को भी मामले में पक्षकार बनाया है।उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 अप्रैल और इससे पहले दो अप्रैल को भी माफीनामा अस्वीकार कर दिया था। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया।

यह देश की सबसे बड़ी अदालत की तौहीन है और अब आप माफी मांग रहे हैं। यह हमें स्वीकार नहीं है। आप बेहतर हलफनामा दाखिल करें।

सेना पर खर्च करने के मामले में भारत दुनिया का चौथा देश बना

सिपरी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत सेना पर सबसे ज्यादा खर्च वालों की लिस्ट में दुनिया का चौथा बड़ा देश है। इसकी जानकारी स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पड़ोसी देश चीन के बढ़ते सैन्य खर्च और क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने पड़ोसी मुल्कों के भी खर्च को बढ़ा दिया है। इसी बीच जापान और ताइवान ने भी अपने सैन्य वजट में 11 प्रतिशत का इजाफा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 के मुकाबले भारत ने अपनी सेना पर 4.2 प्रतिशत अधिक खर्च किया।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में अपनी सेना पर सबसे ज्यादा अमेरिका ने खर्च किया है। दूसरे नंबर नंबर पर चीन और तीसरे स्थान पर रूस है। भारत का नाम चौथे पायदान पर है। भारत साल 2022 में भी सेना पर

खर्च करने वाले देशों की लिस्ट में चौथे स्थान पर था। भारत ने पिछले साल 2023 में 83.6 बिलियन अमेरिका डॉलर खर्च किया।

रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन का सैन्य खर्च 51 प्रतिशत बढ़कर 64.80 बिलियन डॉलर हो गया। रूस का सैन्य वजट 24 फीसदी बढ़कर 109 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका ने 2.3 प्रतिशत सैन्य बजट बढ़ाकर 916 बिलियन डॉलर कर दिया। जबकि चीन 6 प्रतिशत बढ़ाकर 296 बिलियन डॉलर कर दिया। दुनिया में हथियार खरीदने की ऐसी होड़ मची कि वैश्विक सैन्य खर्च 7त्न बढ़कर 2,443 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 में वैश्विक सैन्य खर्च में एक दशक की सबसे तेज वृद्धि हुई है। यह इजाफा दुनिया के कई हिस्सों में चल रही जंगों और अन्य वजहों से हुआ है।

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में ओडिशा में कांग्रेस के विधायक की सजा निलंबित की

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। पीठ ने कहा, '' नोटिस जारी करें। पक्षों के वरिष्ठ वकीलों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है।मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।

खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है कांग्रेस-पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (23 अप्रैल) को कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया और आरोप लगाया कि पार्टी खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है और तुष्टिकरण करती है और वोट बैंक की राजनीति पार्टी के डीएनए में है। प्रधान मंत्री की टिप्पणी उनके ÷धन के पुनर्वितरण÷ वाले बयान पर विवाद के रूप में आई, जिससे राजनीतिक विवाद पैदा हो गया और कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना की और मामले को भारत के चुनाव आयोग में ले गई। जांजगीर-चांपा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की हर गारंटी पर मुहर लगाई है।मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया था। भाजपा के हर साथी को आप सब ने बहुत आशीर्वाद दिया, हमारे सेवा भाव को बहुत मान दिया। इसके लिए मैं आप



सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के जिस मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग हम पर तंज करते थे, हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था कि मंदिर कब बनेगा? हमने उन्हें तारीख भी बताई, समय भी बताया, निमंत्रण भी भेजा, लेकिन उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। कांग्रेस खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है।नरेंद्र मोदी ने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के ष्ठद्ब में है।

तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो एक सेकंड भी नहीं लगाएगी। जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। हमारी प्राथमिकता- गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले करीब 60 वर्ष तक, कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधा या रिमोट से सरकार चलाई। कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि दलित, पिछड़े, आदिवासियों की भागीदारी बढ़े।मोदी ने कहा कि 2014 में आपने, अपने बीच से आए मोदी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं आप सभी के बीच से आया हूं। मैं गरीबी को जी कर आया हूं। जिन मुसीबतों को आपके माता-पिता ने झेला है, उन्हें मैंने भी झेला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब एक और बड़ा खेल शुरू कर दिया है। पहले कर्नाटक से कांग्रेस सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत को अलग देश घोषित कर देंगे और अब कांग्रेस के गोवा के उम्मीदवार कह रहे हैं कि गोवा पर देश का संविधान लागू नहीं होता, गोवा पर देश का संविधान थोपा गया। ये भारत का और बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान है।

बिश्नोई गिरोह ने सलमान खान को पनवेल फार्महाउस पर मारने की योजना बनाई थी

मुंबई, (हि.स.)। बिश्नोई गिरोह के शूटरों ने ईद के दौरान सलमान खान को उनके पनवेल फार्महाउस पर मारने की योजना बनाई थी। यह प्लान इसलिए कामयाब नहीं हो पाया, क्योंकि सलमान खान ने ईद का जश्न मनाने का स्थान ऐन वक्त पर बदल दिया था।सलमान खान के आवास पर हुई हवाई फायरिंग की छानबीन में पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ के बाद यह खुलासा हुआ है। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि सलमान के फार्महाउस पर हमले की योजना बनाई थी। इसी वजह से आरोपितों ने खान के फार्महाउस से लगभग 7 किलोमीटर दूर पनवेल के हरिग्राम गांव में एक घर भी किराए पर लिया था। पनवेल स्थित फार्महाउस पर आने जाने के लिए दोनों शूटरों ने 20 हजार रुपये में सेकंड हैंड बाइक भी खरीदी थी और कई बार फार्महाउस के बाहर रेकी की थी।सलमान खान अपने पूरे परिवार के साथ अपने पनवेल फार्महाउस पर ईद मनाते हैं।

इस साल सलमान ने अपने फार्महाउस पर ईद पार्टी का जश्न रद्द कर दिया था। सलमान अपने पूरे परिवार के साथ 10 अप्रैल को अपने गैलेक्सी अपार्टमेंट में मुंबई में थे। इसके बाद पूरे खान परिवार ने एक साथ सलमान खान के भाई के घर पर ईद का जश्न मनाया था। जब दोनों शूटरों को इसकी जानकारी मिली तो दोनों उसी दिन सलमान के निवास क्षेत्र की निगरानी की थी।पुलिस की टीम इस मामले में आरोपितों के फोन काल की भी जांच कर रही है। इस दौरान आरोपितों ने किसे संपर्क किया था, इसकी भी छानबीन की जा रही है। आरोपितों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि वे इंटरनेट कालिंग के माध्यम से अनमोल विश्नोई से बातचीत कर रहे थे। जब शूटरों का यह योजना विफल हो गई तो इन लोगों ने अलग योजना बनाई और 14 अप्रैल को सुबह सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने फायरिंग की। इसके बाद आरोपित गुजरात भाग गए थे और पिस्तौल सूरत में तापी नदी में फेंक दी थी। सोमवार को मुंबई पुलिस की टीम ने सूरत में तापी नदी में मछुआरों के सहयोग से घटना में प्रयुक्त पिस्तौल को खोजने का प्रयास किया लेकिन पिस्तौल नहीं मिल सकी थी।

सलमान के आवास पर फायरिंग के लिए प्रयुक्त दो पिस्तौल और दस जिंदा कारतूस तापी नदी से बरामद

मुंबई, (हि. स.)। अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग मामले में मंगलवार को प्रयुक्त दोनों पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस मुंबई पुलिस ने सूरत में तापी नदी से बरामद किया है। मुंबई पुलिस सोमवार से सूरत क्राइम ब्रांच पुलिस और मछुआरों की मदद से तापी नदी में पिस्तौल और कारतूस ढूंढ रही थी।जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के आवास के बाहर फायरिंग करने वाले मामले में आरोपित विक्की गुप्ता और सागर पाल को कच्छ भुज इलाके से मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है।इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता।

झूठे हैं पीएम मोदी, यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है-खड़गे

चेंगानूर,एजेंसियॉ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज केरल में चुनाव प्रचार किया। चेंगानूर में उन्होंने केहा कि हम देख रहे हैं कि भाजपा सरकार संविधान को बदलने पर तुली हुई है। आरएसएस प्रमुख से लेकर वर्तमान सांसद या भाजपा उम्मीदवार तक, वे बयान दे रहे हैं कि एक बार भाजपा को दो-तिहाई बहुमत मिल जाए, तो वे संविधान बदल देंगे, इसलिए वे कह रहे हैं ÷अबकी बार 400 पार।÷ इस बार भारत की जनता मोदी जी को सबक सिखाएगी ! उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह चुनाव भारत के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है। खड़गे ने आगे कहा कि मैं मोदी को चुनौती देता हूं, अगर उन्हें इस देश के गरीब लोगों के लिए कोई चिंता है और सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देना चाहते हैं, तो उन्हें उन सभी भाजपा नेताओं को निष्कासित करना चाहिए जो कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे। अगर मोदी में हिम्मत है तो उन्हें यह कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि सत्ता में आने के बाद, इंडिया गठबंधन सरकार



देशव्यापी जाति-आधारित जनगणना कराएगी। हम आरक्षण की मौजूदा ऊपरी सीमा को भी बढ़ाएंगे। हम एक विविधता आयोग का गठन करेंगे जो सार्वजनिक और निजी रोजगार के साथ-साथ शिक्षा में विविधता को मापेगा, निगरानी करेगा और बढ़ावा देगा।खड़गे ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए, तो उन्होंने सबका साथ, सबका विकास का वादा किया। उन्होंने सबका साथ तो लिया, लेकिन सबका विकास नहीं किया; इसके बजाय, उन्होंने सबका सत्यानाश किया। पिछले साल मोदी ने 14 देशों की यात्रा की और सैकड़ों चुनावी बैठकों में हिस्सा लिया, लेकिन वह एक बार भी मणिपुर नहीं गए। उन्होंन साफ तौर पर कहा कि झूठे हैं प्रधानमंत्री मोदी !पहले चुनाव में उन्होंने कालाधन वापस लाने और रुपये बांटने का वादा किया था। सभी को 15 लाख रु. क्या आपको वादे के मुताबिक 15 लाख रुपये मिले? उन्होंने हर साल 2 करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा किया. क्या मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 20 करोड़ नौकरियां पैदा कीं?कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी ने एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है, और भाजपा के लोग उन्हें एक वैश्विक व्यक्ति के रूप में सम्मानित करते हैं।

16 जून को ही होगी आईएएस प्री और यूजीसी नेट की परीक्षा

दो परीक्षाओं की तिथि टकराने से अभ्यर्थियों में आक्रोश

प्रयागराज। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित आईएएस प्री की परीक्षा की तिथि 16 जून 2024 पूर्व में घोषित थी। अब एनटीए ने भी यूजीसी नेट की परीक्षा की तिथि 16 जून 2024 निर्धारित कर दी है ऐसे में बहुत से अभ्यर्थियों में कोष व्याप्त हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट) जून 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन के अनुसार यूजीसी नेट का आयोजन 16 जून 2024 को किया जाएगा और उसी दिन यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 भी प्रस्तावित है। ऐसे में अभ्यर्थियों को किसी एक परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा।

यूजीसी पर नोटिफिकेशन जारी होते ही परीक्षा तिथि बदलने का दबाव बढ़ने लगा है। वहीं, यूपीएससी ने पूर्व में जारी वर्ष 2024 के परीक्षा कैलेंडर में सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 26 मई प्रस्तावित की थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोग को परीक्षा तिथि बदलनी पड़ी और आयोग की ओर से जारी संशोधित कैलेंडर में प्रारंभिक परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 16 जून निर्धारित की गई।

यूजीसी नेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 11 मई से 12 मई और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में सुधार की तिथि 13 से 15 मई निर्धारित की गई है। वहीं, प्रवेश पत्र परीक्षा से एक सप्ताह पहले जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को काफी दिनों से यूजीसी नेट की तिथि घोषित होने का इंतजार था।

परीक्षा तिथि घोषित होने के बाद अभ्यर्थियों में आक्रोश हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे अभ्यर्थियों की है, जिन्होंने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए आवेदन कर रखे हैं। अब उनके सामने किसी एक परीक्षा में शामिल होने का विकल्प रह गया है। अगर दोनों में से कोई एक परीक्षा तिथि बदली नहीं जाती है तो अभ्यर्थी किसी एक परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे।

प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय का कहना है कि यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की संशोधित तिथि पहले ही घोषित कर दी थी, जबकि एनटीए ने यूजीसी नेट का नोटिफिकेशन बाद में जारी किया गया। ऐसे में यूजीसी नेट की परीक्षा तिथि बदली जानी चाहिए। इस मांग को लेकर कई अभ्यर्थियों ने यूजीसी को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भी प्रेषित किए हैं।इस बार यूजीसी नेट ऑनलाइन की जगह पुनः ऑफलाइन ओएमआर पर होगी। नेट/जेआरएफ परीक्षा की मार्गदर्शक डॉ.अलका प्रकाश ने ऑनलाइन परीक्षा में आ रही समस्याओं की जानकारी देते हुए बताया कि अभी आनलाइन परीक्षा में केंद्र पर सर्वर डाउन की समस्या के साथ ही परीक्षा के बीच में छात्रों के कंप्यूटर बंद होने, कॉम्प्रिहेंशन पढ़ने में समस्या समेत अनेक दिक्कतें आती थीं, जिससे छात्रों को राहत मिलेगी।तीन कैटेगरी के लिए होगी परीक्षा इस बार परीक्षा जेआरएफ, असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी तीनों कैटेगरी के लिए होगी। जानकारों का मानना है कि यूजीसी ने नई शिक्षा नीति के दृष्टिकोण से एक सकारात्मक कदम उठाया है। इससे जहां अच्छे शोधार्थियों की संख्या बढ़ेगी, वहीं छात्र-छात्राओं का समय और धन दोनों बचेगा। अनके विश्वविद्यालयों का शोध सत्र बहुत पीछे चल रहा है। अभी तक सभी विश्वविद्यालयों की ओर से शोध प्रवेश परीक्षा अलग- अलग आयोजित की जाती थी। अब विश्वविद्यालयों पर शोध प्रवेश परीक्षा के आयोजन का बोझ भी कम होगा।

तहसील में नहीं मिलते लेखपाल एवं आर आई

फूलपुर। फूलपुर तहसील में लेखपाल कक्ष में ताला लटकता रहता है। इधर अर्सा से उक्त कक्ष शोपीस बना है। दूर दराज से चलकर जमीन संबंधी विवाद एवं जानकारियां लेने हेतु पीड़ित व्यक्ति यहां आते हैं और वापस चले जाते हैं। इसको लेकर अधिवक्ता गण इस विकट समस्या से दो चार हैं। अधिकांश तो फोन भी नहीं अटेंड करते इन्हीं सब मुद्दों को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने सैकड़ो अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर एसडीएम फूलपुर से इस प्रकरण पर गंभीरता बरतने की मांग की। जबकि एसडीएम तपन मिश्रा ने इस संबंध में एक पत्र समस्त लेखपाल आर आई हेतु सप्ताह में मंगलवार को सुबह 10 से 2 बजे दिन तक लेखपाल कक्ष में बैठने के आदेश पारित किए हैं। परंतु उक्त आदेशों पर कोई अमल नहीं हुआ। ज्ञापन में मुख्य रूप से समीम अहमद, धर्मराज यादव, कामता प्रसाद गुप्ता, विजय मौर्य, विजय यादव, शंकर सिंह, उमाकांत, धर्मेंद्र सिंह, सौरभ यादव, मोहम्मद शारिब, मोहम्मद इजहार, सद्दाम हुसैन एवं अन्य दर्जनों अधिवक्ता गणों ने अपने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपे।

बीएसएनएल मुख्य कार्यालय में लगी आग

लाखों का नुकसान, मोबाइल एवं ब्राडबैंड का नेटवर्क धवस्त रहा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज में आज बीएसएनएल के सिविल लाइंस स्थित मुख्य कार्यालय में सुबह आग लग गई। आग से कार्यालय के ट्रांसमिशन की मेन मीडिया लाइन की केबिल पूरी तरह जल गई। इस केबिल के जल जाने से प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बांदा और चित्रकूट के सभी टॉवरों की सप्लाई ठप हो गई।टॉवरों की सप्लाई बंद हो जाने से मोबाइलों से नेटवर्क भी उड़ गया। ब्राडबैंड की लाइनें भी पूरी तरह से ठप हो गईं। हालात ये हो गए कि 10 लाख मोबाइल जिनमें बीएसएनएल का सिम था वह पूरी तरह ठप रहा। सुबह से उड़ा मोबाइल नेटवर्क शाम के साढ़े चार बजे वापस लौटा।

ब्राडबैंड की लाइन अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी है।बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता का कहना है कि भोर के वक्त धीरे धीरे आग लगी। धुआं भर गया। उस वक्त कार्यालय में कोई नहीं था। परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने से लाइन पूरी तरह ठप हो गई। सुबह फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग बुझाई। आग से ट्रांसमिशन की मेन मीडिया केबिल जल गई। प्रयागराज के साथ ही कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बांदा और चित्रकूट के करीब 1457 मोबाइल टॉवर पूरी तरह से ठप हो गए।

इसी वजह से बीएसएनल की ब्राडबैंड सेवा पर असर पड़ा। युद्ध स्तर पर मरम्मत का कार्य कराया गया लेकिन कई घंटे का वक्त लगा। मोबाइल नेटवर्क बहाल करने में दस घंटे से ज्यादा का वक्त लगा।बीएसएनएल की लाइन पूरी तरह ठप होने से लाखों लोगों की परेशानी बढ़ गई। बीएसएनएल की सर्विस ठप हो जाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, कचहरी, बैंक, जिला कलेक्ट्रेट समेत तमाम सरकारी बैंक व दफ्तर के कामकाज भी प्रभावित होने लगे। सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के पास बीएसएनएल के सीयूजी नंबर ही हैं। ऐसे में सबका बुरा हाल रहा।

मेजा ऊर्जा निगम द्वारा सेनिटरी नैपकिन वितरण समारोह आयोजित

अपराजिता महिला समाज की अध्यक्ष अनु सोनी ने छात्राओं को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। पृथ्वी-दिवस 2024 के उपलक्ष्य पर मेजा ऊर्जा निगम के आरोग्यम अस्पताल ने मेजा स्थित पॉलिटैक्निक कॉलेज में सैनिटरी नैपकिन वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य-अतिथि अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनु सोनी रहीं। उंन्होने कहा कि स्वस्थ व सशक्त समाज के लिए किशोरियों का जागरूक होना जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए और छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। श्रीमती अनु सोनी नें बालिकाओं से बातचीत कर उन्हे जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने के साथ-साथ, खुद के प्रति भी ज़िम्मेदारी उठानी है और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना है तभी एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होने मेजा ऊर्जा निगम के आरोग्यम अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए यह भी कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मेजा ऊर्जा निगम हमेशा से ही प्रतिबद्ध है और उसी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आरोग्यम अस्पताल ने समय-समय पर महिलाओं पर आधारित स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता बढ़ाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करते आया है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान, आरोग्यम अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा पांडेय ने बालिकाओं से वार्तालाप कर उनके सभी प्रश्नो का उत्तर देकर उन्हे और अधिक जागरूक किया। मुख्य रूप से उन्होने सभी को मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे मे बताया कि कैसे हमारी जागरूकता और छोटे-छोटे प्रयास कई बड़ी बीमारियों से हमें बचा सकते हैं।इसके साथ ही उन्होने यह भी बताया कि कैसे पर्यावरण के अनुकूल होकर हम सभी सैनिटरी नैपकिन को नष्ट कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पृथ्वी-दिवस मनाते हुये सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर, इको-फ्रेंडली बैग भी दिए गए।

समारोह में आरोग्यम अस्पताल के प्रतिनिधि, अपराजिता महिला समाज के प्रतिनिधि, एचआर डिपार्टमेन्ट के प्रतिनिधि, बालिकाएँ एवं कॉलेज स्टाफ मौजूद रहे।

हनुमान जयंती पर बड़े हनुमान जी मंदिर में उमड़ा जन सैलाब

108 लीटर दूध, दही, घी, शहद, रस और पंचामृत से हुआ अभिषेक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट स्थित लेटे श्री बड़े हनुमान मंदिर में मंगलवार सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दूर राज्यों से हजारों भक्त हनुमान जी के दर्शन और पूजन करने पहुंचे। चैत्र शुक्ल पक्ष की उदया तिथि पूर्णिमा पर श्री बड़े हनुमान जी का महाभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शहद, रस और पंचामृत से बाघंबरी मठ के महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने हनुमान जी का अभिषेक किया।प्रभु श्रीराम के अन्नय भक्त शिव के अवतार महाबली हनुमान के जन्मोत्सव पर संगम नगरी में भक्तिमय माहौल रहा। जल्द सुबह से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। पट खुलते ही भक्तों ने बड़े हनुमान जी के दर्शन किए। सुबह दस बजे श्री बड़े हनुमान जी का महाभिषेक शुरू किया। बाघंबरी मठ के महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने भव्य तरीके से महाश्रृंगार और महाभिषेक किया।

दो घंटे तक चला महाभिषेक

51 ब्राह्मण और आचार्यों की उपस्थिति और मंत्रोच्चारण से बाघंबरी मठ के महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने 108 लीटर दूध, 31 लीटर दही, 11 किलो गो घी, 11 किलो शहद, 11 किलो रस और 51 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। बलबीर गिरी जी महाराज ने सबसे पहले पुष्प प्रभु को चढ़ाए। इसके बाद जल, दूध, दही, घी, शहद, गन्ने का रस, पंचामृत, अश्वगंधा, गुलाब और गंगाजल से अभिषेक किया। सुबह दस बजे से 12 बजे तक अभिषेक हुआ। भक्तों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मंदिर परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा।

भव्य तरीके से सजाया गया मंदिर

पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक पुष्प से सजाया गया। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई। सुबह ही मंदिर परिसर में पूड़ी सब्ज़ी भंडारा भी शुरू कर दिया गया। वहीं, शाम 4.30 बजे महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने श्री बड़े हनुमान की महाआरती की और तत्पश्चात मंदिर परिसर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया।अनोखा मंदिर है प्रयागराज में महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने बताया कि एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लंबी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के दर्शन के बाद ही पूरा होता है।

भीषण गर्मी देख स्वास्थ्य विभाग ने दिये वाटर कूलर

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। भीषण गर्मी एवं तापमान 40 के पार जाने से आम जनजीवन पर प्रतिकूल असर पडने लगा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने फूलपुर क्षेत्र के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व पी एच सी को नए-नए वाटर कूलर सिस्टम से लैस कर दिया है।

बता दे कि इधर सप्ताह भर से प्रयागराज जनपद का तापमान 40 से 43 डिग्री तक पहुंचा देख आम जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ने और अस्पतालों में मरीजों व तीमारदारो की सुविधा हेतु नए-नए वाटर कूलर विभाग द्वारा लगवाए गए हैं। फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,मैलहन,कनेहटी पीएचसी पर वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। अधीक्षक डॉक्टर नीरज पटेल ने तीनों स्वास्थ्य केंटो पर कोल्ड वाटर की व्यवस्था करा दी है।

20 नए वार्डों के 207 गांवों के मतदाता लोकसभा चुनाव में हो सकते हैं निर्णायक

विस्तारित क्षेत्रों के विकास के साथ डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां लेकर जनता तक पहुंचेगी भाजपा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए अपने विकास कार्यों को लेकर भाजपा लोकसभा चुनाव में जनता के पास जा रही है। प्रयागराज जनपद में पार्टी द्वारा तय किए राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम प्रयागराज की सीमा में शामिल किए गए 20 वार्डों की 4 लाख से अधिक की आबादी के क्षेत्र में हो रहे विकास को भी साथ लेकर चल रही है। इन विस्तारित क्षेत्रों के मतदाता भी भाजपा के समर्थन में खड़े दिख रहे हैं।

परिसीमन के बाद प्रयागराज शहर के भौगोलिक विस्तार में जो 20 वार्ड नए जोड़े गए हैं वहां के 207 गांवों की 4,28,206 की आबादी को सरकार की तरफ से सड़कों का विकास, व्यवधान मुक्त बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ- साथ स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। भाजपा के महा नगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा बताते हैं कि नगर निगम` 200 करोड़ की लागत से विस्तारित क्षेत्रों में सड़कें और नालियां बना रहा है। क्षेत्र में 300 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण हो रहा है। इन क्षेत्रों की सड़कों और गलियों को रोशन करने के लिए 20,000 से अधिक एलईडी लाइटें लगाने और नई बिजली की लाइन खींचने का कार्य चल रहा है। इन क्षेत्रों में` 81 करोड़ की लागत से 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का कार्य भी प्रगति पर है। इन क्षेत्रों में 12 किमी नई 33,000 केवी लाइन, 21.5 किमी नई 11000 केवी ओवरहेड लाइनें, 6 किमी 11000 केवी भूमिगत लाइनें और 45 किमी नई एलटी लाइनें बिछ रही हैं जो इस क्षेत्र के विकास की गवाह बन रही हैं। विकास की यह गारंटी पार्टी का विजय का मूल मंत्र बनेगी।

जिले की इलाहाबाद लोकसभा के प्रभारी मनोज जायसवाल बताते हैं कि नगर निगम के परिसीमन के बाद इलाहाबाद लोक सभा सीट के अंदर आने वाले नैनी और चाका मंडल के नए वार्ड नगर निगम की सीमा में शामिल हुए हैं। इन वार्डों में सड़क, बिजली और पानी की बुनियादी

व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने जो रोड मैप तैयार किया था उस पर तेजी से कार्य हो रहा है। सरकार की कोशिश है कि नगर निगम की सीमा में लेने के बाद शहरी क्षेत्र के अनुरूप ही यहां के विकास में भी बदलाव हो। मतदाता स्थानीय विकास को तरजीह देंगे और इसका असर लोक सभा चुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन में भी दिखेगा। उनका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने देश को आगे बढ़ने का काम किया और विदेश में भी भारत का सम्मान बढ़ा है। हम 400 पार का लक्ष्य निश्चित ही पूरा करेंगे। जनता हमारे समर्थन में है और पीएम मोदी की गारंटी पर उन्हें पूर्ण विश्वास है।

प्रयागराज जिले की फूलपुर लोक सभा सीट में भी विस्तारित क्षेत्रों के वोटर्स भी निर्णायक साबित हो सकते हैं। फूलपुर लोक सभा के प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी का कहना है कि नगर निगम के विस्तारित क्षेत्रों में शामिल हुए अधिकतर गांवों में सड़कों और बिजली की स्थिति ठीक है लेकिन यहां के लोग पेय जल आपूर्ति का स्थाई समाधान चाहते थे। सरकार ने इसके लिए अपना रोड मैप तैयार कर तेजी से काम किया है जिससे लोगों की समस्याएं कम हुई हैं। नगर निकाय चुनाव में यहां के वोटर्स का पार्टी को समर्थन मिला था और उम्मीद है लोक सभा चुनाव में भी विकास पर उन्हे जनता का पूरा साथ मिलेगा।

डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए भाजपा ने सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की टीमों का गठन किया है। शहर के जॉर्ज टाउन स्थित फूलपुर संसदीय सीट के कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे। उन्होंने वॉलिंटियर्स को पूरी लगन और तत्परता के साथ पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। सम्मेलन में फूलपुर के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल सहित पार्टी के मंडल स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

उमरिया बादल एस एस टी इंटर कॉलेज के बच्चों ने मारी बाजी

मऊआइमा (प्रयागराज)। क्षेत्र के उमरिया बादल स्थित एस.एस.टी गर्ल्स इंटर कॉलेज के हाई स्कूल की संचिता यादव 95 त्न, अमन पटेल 94.83 त्न, काजल यादव 94.66 त्न, मानसी 94.33त्न, संजना मौर्य 93.33त्न और इंटर मीडिएट की मधु त्रिपाठी 88.40त्न, निहारिका पांडेय 88.2त्न, अपूर्वा मिश्रा 88त्न,कोमल यादव 86.6त्न , सुभी मिश्रा 83.2त्न पाकर परिजन व स्कूल का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रबंधन ननकऊ तिवारी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इण्टर कॉलेज कल्याणपुर के टापर्स बच्चों का हुआ सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। श्री गांधी स्मारक इंटर कालेज कल्याणपुर के हाई स्कूल और इंटर मीडिएट के उत्तीर्ण बच्चों को विद्यालय में मंगलवार को माला पहना कर पुरस्कृत किया गया।वरिष्ठ शिक्षक पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि हाई स्कूल में सर्वोच्च अंक पाने वाले को बैग व अन्य सभी को बाटल,जमेट्री बाक्स आदि बतौर पुरस्कार दिया गया।बता दें कि इस विद्यालय में हाई स्कूल में 98 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया है। हाई स्कूल में रचित ने 90 प्रतिशत , मंगल ने 89 प्रतिशत, आयुषी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है।इसी प्रकार तनू ने 87 प्रतिशत, हिना ने 84 प्रतिशत, प्रभाष ने 82 प्रतिशत, रेशमा ने 82 प्रतिशत, पायल ने 80 प्रतिशत, शिवम ने 77 प्रतिशत, प्रिया ने 76 प्रतिशत,नंदिनी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि इंटर में काजल सरोज ने 81 प्रतिशत, प्रज्ञा पाण्डेय ने 81प्रतिशत, जान्हवी शर्मा ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रबंधक अजय विक्रम सिंह प्रधानाचार्य गुलाब चंद्र, सुरेंद्र शर्मा, पंकज कुमार मिश्र आदि ने सभी बच्चों को सम्मानित किया।

सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रयागराज। यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर के छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा द्वारा सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें विद्यालय के मेधावी छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित हुए।

हाई स्कूल के दीपक पटेल 91.83त्न, शशि देव सिंह 90. 33त्न, शिवानी भारतीया 90 त्न, अंकिता यादव 89. 87त्न, आर्यन सिंह 89.16त्न, निवेदिता पांडे 88.5त्न, प्रिया विश्वकर्मा 88.6त्न, इंटरमीडिएट की सौम्या साहू 88. 2त्न, उत्कर्ष पटेल 86.6त्न, देव सिंह पटेल 86त्न, अमित यादव 83.6त्न, पाने वाले आदि छात्रों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि छात्रों को सम्मानित करने का उद्देश्य है कि क्षात्रों का मनोबल बढ़ाने और उन छात्रों को प्रेरणा मिले जो आगे की परीक्षाओं में बैठेंगे। उन्हें यह एहसास हो कि हम भी मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करें और इस सम्मान के हकदार बने। साथ ही साथ प्रधानाचार्या अलका विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व औरअध्यापकों के कड़ी मेहनत एवं छात्रों की लगन के कारण हमारा विद्यालय हर वर्ष जिले में अपना स्थान प्राप्त कर रहा है और हमारे विद्यालय के छात्र नीट जैसी परीक्षाएं सरलता से उत्तीर्ण कर रहे हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन और हमारे टीचर द्वारा पढ़ाई गई शिक्षा और निर्देशों को चलकर पढ़ाई की जिससे वह अच्छे अंक प्राप्त कर सके।

सम्मान समारोह में विद्यालय के छात्र सहित उनके अभिभावक एवं विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

लोगों के अहंकार का सदैव मर्दन करते हैं भगवान - विजयकांत

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। कल्याणपुर के3 पूरे नेवाजी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास विजय कांत तिवारी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण लोगों के अहंकार को सदैव तोड़ते हैं। मगर लोग हैं कि मानते ही नहीं।काली नाग मर्दन,गोवर्धन पूजा,बाल लीला और भक्तों के प्रति भगवान के प्रेम को विस्तार से बताया मुख्य यजमान बृजेश कुमार तिवारी,श्याम सुंदर तिवारी,रमा कांत तिवारी,अशोक तिवारी ने सभी आगंतुक भक्तों का अभिवादन किया। कथा संगीत शैली में होने के कारण महिलाओं और भक्तो की भारी भीड़ रही। व्यवस्थापक रामू तिवारी और नागेश तिवारी ,प्रेम कुमार मिश्र, गिरिजा शंकर मिश्र,कृपा शंकर तिवारी,श्याम किशोर मिश्र,अमर नाथ यादव,योगेंद्र पांडेय आदि रहे।

कांग्रेस सपा की राजनीति परिवारवाद, वंशवाद एवं भ्रष्टाचार की निशानी- स्वतंत्र देव सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। फूलपुर लोकसभा सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन का आयोजन जॉर्ज टाउन क्लब के मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं को कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऋषि मुनि तपस्वियों की पार्टी है और उसके कार्यकर्ता ऋषि मुनि के जैसे हैं। जिन्होंने पार्टी के लिए और राष्ट्र के लिए सनातन संस्कृति के लिए अपना सर्वस्व समर्पण कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा की राजनीति परिवारवाद वंशवाद और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा की निशानी है। दोनों दल की एक ही विचार और एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कहा कि कांग्रेस ने देश को लूट तो सपा ने उत्तर प्रदेश को लूटा उनके शासन में भ्रष्टाचार का ऐसा आलम था कि जनता भूखों मर रही थी बुंदेलखंड इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स को चुनावी टिप्स देते हुए बताया कि कहा कि विपक्षी दलों और सामाजिक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया पर सरकार व भाजपा के खिलाफ फैलाए जाने वाले दुष्प्रचार के जवाब के लिए किसी मुहूर्त का इंतजार ना करें बल्कि विरोधियों को मजबूत साक्ष्य के अनुसार उनको मुंहतोड़ जवाब दे।

इस अवसर पर फूलपुर लोकसभा के प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने कहा कि फूलपुर लोकसभा की सीट प्रचंड बहुमत के साथ जीताकर मोदी जी की विजय की माला में फूलपुर से खिला हुआ हुआ कमल का फूल लगाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल एवं धन्यवाद समापन प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन गंगा पार सोशल मीडिया के महानगर संयोजक निमीश खत्री ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, फूलपुर लोकसभा प्रभारी बालेन्दु मणि त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक विधायक गुरु प्रसाद मौर्य एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, एमएलसी निर्मला पासवान, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, आशीष गुप्ता, राजेश केसरवानी , बृजेश त्रिपाठी, विवेक मिश्रा, आनंद वैश्य सुदर्शन, हनुमान प्रसाद पांडे, आनंद जायसवाल, प्रशांत शुक्ला, विजय श्रीवास्तव, राजेश गोंड, एवं सोशल मीडिया के हजारों वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

बारात से लौट रहे बाइक सवार को नीलगाय ने मारी टक्कर, गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सैनी थाना अंतर्गत रामपुर बढ़नावा, शहजादपुर के दो युवक श्याम बाबू पुत्र चंद्रभान (25 वर्ष) एवं राज लाल पुत्र सटकू (23 वर्ष) बारात से वापस घर जा रहे थे, जैसे ही ये लोग रात्रि लगभग 02:30 बजे कड़ा ब्लॉक के अलीपुर जीता गांव के पास पहुचे तेज रसार नीलगाय से इनकी दोपहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों को 108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया गया। घर वालों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी बाइक चालक गंभीर

कौशाम्बी। कड़ा थाना अंतर्गत लेहदरी गांव के पास रात्रि लगभग 12 बजे एक बाइक सवार ओवरस्पीड का शिकार हो गया।

युवक मो0 इरशाद (30 वर्ष) मानिकपुर प्रतापगढ़ से कौशाम्बी दावत में आया था। दावत खाकर वापस जा रहा था कि रात्रि लगभग 12 बजे लेहदरी गॉव के पास मोड़ पर उसकी बाइक की रसार की वजह से गाड़ी मुड़ नहीं पायी और अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। राहगीरों ने आनन फानन में घायल युवक को नजदीकी अस्पताल सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया जहाँ से प्राथमिक उपचार उपचार के बाद 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया । अस्पताल पहुंचने से पहले घायल युवक को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ने पर एम्बुलेंस में मौजूद ईएमटी योगेंद्र कुमार द्वारा घायल युवक को चलती एम्बुलेंस में ऑक्सीजन भी दिया गया।

बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक गंभीर

कौशाम्बी। करारी थाना अंतर्गत म्योहर के पास एक बालू लदा ट्रैक्टर पलट गया जिससे ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोटे आ गयीं। आनन फानन मे राहगीरों और पुलिस की मदद से 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है जहाँ स्थिति गंभीर बनी हुयी है।

मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश सरोज पुत्र मथुरा सरोज रोज की तरह आज भी ट्रैक्टर पर बालू लादकर करारी तरफ जा रहा था।

भोर लगभग 4 बजे म्योहर के पास पंहुचा ही था कि अचानक झपकी आ गयी और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे अखिलेश को गंभीर चोटे आ गयीं। अखिलेश प्रयागराज जिले के हरबसपुर टेकी का रहने वाला है। घर वालों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

मामूली बात को लेकर डीजे संचालक के साथ मारपीट, चार पर केस दर्ज

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले डीजे संचालक के साथ गांव के कुछ युवकों से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई , डीजे संचालक ने मामले की शिकायत सैनी पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की , जिसके बाद पुलिस ने चार युवकों के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के थुलगुला गांव का रहने वाला मनीष पटेल पुत्र राम विलास पटेल डीजे संचालक है , मनीष पटेल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की रविवार की रात वह बुकिंग में डीजे लेकर रघवापुर गांव गया था जहां गांव के चार युवकों से आपसी कहासुनी के बाद विवाद हो गया , मनीष का आरोप है की रात में आर्डर से वापस लौटा तो चारो युवकों ने थुलगुला मोड़ के पास रोककर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर सैनी पुलिस ने थुलगुला गांव के शंकर , अजय , काले व अंशु के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपए हड़पने वाला लखनऊ से धराया

लोकमित्र ब्यूरो

मनौरी, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कसेंदा गांव के एक युवक को एयरपोर्ट अथारिटी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने लाखों रुपए हड़प लिया। नौकरी न मिलने पर युवक के पैसे मांगने पर वह लापता हो गया। सोमवार को युवक ने साथियों संग उस जालसाज को लखनऊ में धर दबोचा। मंगलवार को भुक्तभोगी ने उसके साथ थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस जालसाज से पूछताछ में जुट गई है।

पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कसेंदा गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र श्रीश्याम शिक्षित बेरोजगार हैं। उसके अनुसार एक वर्ष पूर्व एयरपोर्ट के समीप उसे एक युवक मिला था। उसने बताया था कि एयरपोर्ट में उसका अच्छा जुगाड़ है। एयरपोर्ट अथारिटी में 10 सीटों पर वकैंसी है अगर वह नौकरी करना चाहे तो ढ़ाई लाख रुपए देना होगा।नीरज ने नौकरी पाने के लालच में उसे 90 हजार रुपए आनलाइन द्वारा और एक लाख 60 हजार रुपए नगद दे दिया। पैसे देने के बाद वह जल्द ही नौकरी दिलाने का वादा करता रहा।अभी तक नौकरी न मिलने पर युवक ने उससे पैसे वापस करने को कहा।इसी बीच वह युवक लापता हो गया। नीरज ने सुराग लगाते लगाते सोमवार को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर उसे धर दबोचा। स्थानीय पुलिस से सहयोग लेने के बाद नीरज उसे पकड़कर मंगलवार को थाना पिपरी पहुंचा।भुक्तभोगी ने थाने में मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस जालसाज से पूछताछ में जुट गई है।

छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के प्रति किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निर्देशानुसार एवं प्रभारी अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनपद के मतदाताओं को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी श्रृंखला में आज प्राथमिक विद्यालय पैगम्बरपुर एवं नया तालाब की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को 20 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया।

करारी के नेता नगर वार्ड में गंदगी का लगा अंबार, कागजों तक सीमित सफाई

साढ़े तीन दशक बाद भी नहीं बदल सकी दलित बस्ती की तस्वीर

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत करारी का वार्ड एक नेता नगर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां चोक है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से मोहल्ले के लोग परेशान है। साफ-सफाई का हाल पूछिये ही मत। समस्याओं को लेकर आवाज खूब उठी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अफसर से लेकर जनप्रतिनिधि तक सभी सिर्फ आश्वासन देते हैं। गांव से नगर पंचायत बने साढ़े तीन दशक हो गए। लेकिन आजतक नगर पंचायत का प्रथम वार्ड नेता नगर की हालत जस का तस बनी हुई है। जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। साफसफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सिर्फ कागजों तक सीमित है।

करारी गांव को वर्ष 1978 में नगर पंचायत बनाया गया। फिर वर्ष 1995 में 12 वार्ड की इस नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिला। वार्ड नंबर एक नेता नगर की आबादी करीब चार हजार है। जिसमे आधी से ज्यादा आबादी अनुसूचित जाति के लोगों की है। नगर पंचायत में शामिल होने के बाद लोगों को लगा कि मोहल्ले का विकास तेजी से होगा, लेकिन 35 साल बीतने के बाद भी हालात नहीं बदले। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से आबादी के पास बगीचे व गड्ढा में गंदा पानी भरा रहता। नालियां चोक है। सफाई कर्मी बराबर आते नहीं है। महीनो न दवा का छिड़काव होता है और न फागिंग कराई जाती है। गंदगी व जलभराव से मोहल्ले वाले परेशान हैं।

क्या कहते है लोग

वार्ड नंबर एक नेता नगर में दलितों की संख्या काफी है। इस वार्ड को हमेशा उपेक्षित किया गया है। साफ-सफाई के साथ दवाओं का बराबर छिड़काव नहीं होता।

मेदी लाल दिवाकर

करारी गांव को नगर पंचायत बने 35 साल हो गए है। लेकिन हालात आज भी जस के तस बने है। सबसे बड़ी समस्या यहां जल निकासी की है। लोगों के घरों का गंदा पानी आबादी से सटे गड्ढा या बगीचे में भरा रहता है। बदबू से लोगों का जीना मुश्किल है।

हरिकेश सरोज

कस्बे के सभी मोहल्ले में बराबरर साफ-सफाई की जाती है। नेता नगर में जलनिकासी के लिए बजट आते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

अजय निषाद ईओ

अबकी बार 400 पार नारों के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से करना है अच्छे वातावरण का निर्माण- अमरपाल मौर्य

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित हुआ सोशल मीडिया वॉलेंटियर सम्मेलन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सोशल मीडिया वॉलेंटियर सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय मंझनपुर के अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा उ0प्र0 अमरपाल मौर्या, भाजपा सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर लोकसभा संयोजक राकेश पांडेय एवं क्षेत्रीय सहसंयोजक सोशल मीडिया विभाग विमलेश पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। लोकसभा-50-जिला कार्यालय कार्यक्रम का संचालन जिला सोशल मीडिया संयोजक जितेन्द्र साहू ने किया एवं मुख्य रूप से मंच का संचालन जिला आईटी विभाग के जिला संयोजक सत्यम केसरवानी ने कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर सम्मेलन को धार देने का कार्य किया। साथ ही मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य जी ने अलग प्रकार की बैठकें ली जिनमें सबसे पहले जिला सोशल मीडिया टीम के साथ बैठे तत्पश्चात जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए मंन्त्री व पदाधिकाररियों की बैठक ली। इसके

बाद सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स कौशाम्बी लोक सभा की टोली के साथ बैठक की। बैठक में अमरपाल मौर्य ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से आज की दुनिया में हर एक जागरुक व्यक्ति पत्रकार से लेकर कलाकार का रोल अदा कर रहे हैं। अमरपाल मौर्य ने बताया कि हमें हमेशा सार्थक भाषा का प्रयोग और असुविधा वाली भाषाओं से बचना चाहिए। हमें देश के अच्छे बुद्धिजीवियों के विचारों को सुनना चाहिए और उनका अनुपालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के हर वॉलेंटियर को समय-समय पर अपने व्यवहार और आचरण का आकलन करना चाहिए। साथ ही जिला प्रवासी प्रभाशंकर पाण्डेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी भारी वोटो से कौशाम्बी से चुनाव जीत रही है तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में बनने जा रही है पार्टी ने सारी तैयारी कर ली है हर क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ता उत्साहित है सपा सपा और कांग्रेस की जमानत जप्त होगी प्रत्याशी यहां से अपनी जमानत जप्त होने से भी नहीं बचा पाएगा। लोकसभा प्रभारी रणजीत सिंह कुशवाहा ने कहा जिस तरह से पार्टी का उत्साह कौशाम्बी में दिख रहा है कार्यकर्ता ऊर्जावान है विकास के बल पर यहां से कमल खिला कर कौशाम्बी से इतिहास रचा जाएगा। लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सोनकर ने कहा की हमें अपने लोकसभा में सभी सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं के उपर भरोसा है जिस तरह से उत्साह सोशल मीडिया के कार्यकर्ता व पदाधिकारी के अंदर दिख रहा है भारी से भरी मतों से यहां से मैं चूनाव जीतूंगा यह मुझे पूरा आश्वासन और भरोसा है। जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा की हमें अपने सोशल मीडिया वॉलिंटियर सम्मेलन को संबोधित किया एवं बीजेपी सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसे लोगों को जोड़ने में जुटी हुई है, जो पार्टी की विचारधारा को मानते हैं. सोशल मीडिया से जुड़े लोगों का दावा है कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के प्रचार प्रसार और पार्टी की विचारधारा को फैलाने में फेसबुक, ट्विटर ओर वॉट्सएप काफी कारगर हथियार साबित हो सकते हैं। कार्यकर्ताओं पर पूरा विश्वास है सोशल मीडिया सम्मेलन से हम लोगो की मंजिल आसान हो चुकी है आने वाले समय में इतिहास गवाही करेगा यहां का चुनाव ढाई से भारी मतों से विनोद कुमार सोनकर को जीताकर कमल का फूल खिलाकर दिल्ली के तक्थ को मजबूत किया जायेगा सोशल मीडिया सम्मेलन में उपस्थित लोकसभा प्रवासी प्रभा शंकर पांडे, लोकसभा संयोजक राकेश पाण्डे, विमलेश पटेल, क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया काशी क्षेत्र, जितेन्द्र साहू, सत्यम केसरवानी, रिंकू मौर्या, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विनय पांडे, ज्ञानेंद्र साहू, शिवम केसरी, राम कुमार साहू, रोहित पांडे, बिपिन सोनकर ,सुरेंद्र कुमार मौर्य, जितेन्द्र पांडे लोक सभा के भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे।

मिशन शिक्षण संवाद के प्रावधान में योगक्रिया में पारंगत हो रहे बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शिक्षण संवाद के प्रावधान में प्रतिदिन योग की क्रिया संपादित की जा रही हैं। जिसमें जनपद के कुछ विद्यालयों के शिक्षक अपने स्कूल के बच्चों को योगक्रिया सिखाते हुए उन्हे पारंगत बना रहे हैं। उन विद्यालयों में मिशन शिक्षण संवाद से जुड़े मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय अशरफपुर में कार्यरत शिक्षक अरुण कुमार, सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय कादीपुर में शिक्षक मनमोहन सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शिक्षक विकास कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर सुहेला में अनुदेशिका वंदना आर्या के माध्यम से प्रतिदिन स्कूल की प्रातः बेला में बच्चों के साथ योग को करके योगक्रिया संपादित की जा रही है। ये शिक्षक इस योगक्रिया को करके सभी का योग के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति को बढ़ाने का काम कर रहे है। इसके साथ ही इन योग क्रियाओं की वीडियो क्लिप और फोटोग्राफ्स जनपद के योग समूह ग्रुप में भेजकर अन्य स्कूलों के शिक्षकों और बच्चों को योग क्रिया करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस योग क्रिया को एक फार्मेट के माध्यम से प्रदेश स्तर पर संचालित मिशन शिक्षण संवाद ग्रुप में भेजा जाता है जिससे प्रदेश के सभी विद्यालयों में सामूहिक योग क्रिया व प्रतिदिन एक बाल योगी उक्त क्रिया का अभ्यास करते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

मतदान कार्मिकों को दिया गया सामान्य एवं ईवीएम का प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में आज पॉचवे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एवं कालेज, ओसा में दिये जा रहें प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान कार्मिकों को उनके कार्यो दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराए गए मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी पीठासीन अधिकारियों को अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने एवं मतदान के दिन प्रत्येक 02 घण्टे में मतदान प्रतिशत फीड करने के निर्देश दियें। उन्होंने

ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी प्रमाण-पत्र) एवं वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर के विषय में भी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया जाय तथा अपने कार्योध्दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष,पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करायें, निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह, नीतीश यादव एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्यध्दायित्व की विस्तृत जानकारीध्प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बौली में 11 हजार की ढीली तार से हो सकता है बड़ा हादसा, जिम्मेदार मौन

लोकमित्र ब्यूरो

अवाना आलमपुर, कौशाम्बी। बौली गांव के पोखरा बाग चकरोड की तरफ लगे ग्यारह हजार की तार एक दम नीचे होने लोग खड़े खड़े तार आसानी से टच कर सकते है लेकिन गांव के सुमृत लाल सरोज, राम बहादुर, राजेश कुमार, विनोद कुमार, पिंटू कुमार, अनूप कुमार दिलीप कुमार आदि का कहना है की यदि पोखरा बाग चकरोड में तार इतनी ढीली है की खेत में लगे गन्ने को टच कर सकती थी लेकिन बिजली विभाग को कोई फर्क नहीं है जो आज की तरह एक दिन और बड़ा हादसा के इंतजार बिजली विभाग कर रहा। शनिवार को एक व्यक्ति हादसे का हुआ शिकार फिर भी नही जगा बिजली विभाग के कर्मचारी वही यदि समय रहते तार को सुधारा नही गया तो हो सकता है बड़ा हादसा।

कौशाम्बी के लिए जो भाजपा किया पिछली सरकारें नहीं कर पाई- लाल बहादुर

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। गोहरा महरूफपुर उर्फ रजईपुर और मुस्तफाबाद शक्ति केंद्र के कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम के सामने में नुक्कड़ सभा कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष कलीम हसन और मोहन लाल सेन सेक्टर अध्यक्ष की अगुवाई में का आयोजन किया गया। जिसमे नुक्कड़ सभा में निवर्तमान विधायक लाल बहादुर ने कौशाम्बी खास के लिए जो भाजपा किया वह पिछली सरकारें नहीं कर पाई लाल बहादुर तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर जनता विकसित राष्ट्र का निर्माण करेगी वही मौजूद भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने भाजपा संकल्प पत्र के बारे में मोदी जी की गारंटी की बात कही मौजूद भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने सपा पीडीए

और पीडीएम पर जम कर बरसे और बताया की सब जाओ भूल हमारा प्रत्यासी कमल का फूल और भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को कौशाम्बी से तीसरी बार सांसद में कौशाम्बी का प्रतिनिधित्व करने के लिया जनता अपना मत देकर जरूर भेजेगी और मोदी सरकार द्वारा 10 वर्षों में गांव गरीब किसान मजदूर के लिए किए गए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को बताया और लोकसभा कौशाम्बी में हुए विकास कार्य पर चर्चा के साथ साथ कौशाम्बी खास में हुए भाजपा सरकार में हुए कार्य जैसे प्रयागराज से उत्खनन तक फोरलेन सड़क, यमुना नदी में महिला घाट और कोसम इनाम में बन रहे पुल, 55 बीघा जमीन अधिग्रहण कर बौद्ध थीम ,18 घंटे बिजली,मुफ्त राशन,पेंशन,सम्मान निधि जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भाजपा द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा किया और लोगों से अपील अपील और जनता जनार्दन से फिर से देश में मोदी सरकार बनाए जाने की अपील किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र त्रिपाठी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष, रोहित मिश्रा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, जगन्नाथ मंडल अध्यक्ष ,कलीम हसन अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष कौशाम्बी,कौशिक अग्रहरि,इंद्र नारायण केशवानी,मोहन लाल बेनी शरण त्रिपाठी ,संगल लाल यादव,मोहित त्रिपाठी , चुन्ने खान,एजाज खान,सादाब खान,सलीम हसन,रामखेलावन जलील खान सेन,शिव नरेश निषाद,सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 सुनील कुमार यादव व उ0नि0 नीतेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा अर्जुन कुमार निवासी पुरखास थाना सराय अकिल को 01 अदद तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोरके साथजरैनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

आत्महत्या के लिये उकसाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ0नि0 मुस्तफा खान मय हमराहपुलिस बल द्वारा दीपू पासी,

भोला पासी निवासीगण दुधारा मलाक मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी कोगिरफ्तार किया गया।

पांच वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ0नि0 मनीष पाल मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मुन्नी लाल नि0 दानपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी धर्मेन्द्र, नि0 गिरया खालसा थाना पिपरी, मिथुन, बहोरे उर्फराम बहोरे निवासीगण गिरिया खालसा थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी व वारण्टी प्रमेश निवासी छोटा लालापुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 91 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से 01, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 02, थाना कड़ाधाम से 02) कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

हनुमान जयन्ती पर सामूहिक सुन्दरकाण्ड व भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु

बाबा घुइसरनाथ धाम समेत बाजारों में हुआ जयंती पर भण्डारा एवं संकीर्तन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र में नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में हनुमान जयन्ती श्रद्धा एवं आस्था के साथ धूमधाम से मनायी गयी।

पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में मंगलवार को हनुमान जयंती पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महराज का दर्शन पूजन किया। मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि के संयोजन मे हनुमान जयंती पर भगवान बजरंगबली का भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक दिखा। लालगंज बाजार में मंदिरों तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के सामने हनुमान जयंती पर पूजन अर्चन के साथ भण्डारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। चौक पर समाजसेवी ज्ञानचंद्र मोदनवाल के संयोजन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। रजत मोदनवाल के संयोजन में भगवान बजरंगबली की महाआरती हुई। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल

भण्डारे में श्रद्धालुओं के साथ आरती पूजन किया। यहां व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष राकेश तिवारी गुडडू, गौरीशंकर पाण्डेय, दिनेश सिंह, विजय मोदनवाल, रवि मोदनवाल, अंकुर मोदनवाल आदि रहे। कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम में हनुमान जयंती पर भजन व संकीर्तन का आयोजन किया गया।

यहां पंचमुखी हनुमान की आरती मनमोहक दिखी। कार्यक्रम का संयोजन पं. अशोक तिवारी व जमुना तिवारी तथा रामचंद्र शुक्ल ने किया। सीएचसी परिसर में हनुमान मंदिर पर मोनू पाण्डेय तथा मानवेन्द्र सिंह के संयोजन में श्रद्धालुओं को शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। यहां डा0 नीरज शुक्ला, डा0 रंजन जायसवाल, रवि तिवारी, गौरव मिश्र, देवकुमार दुबे आदि रहे। वहीं डिग्री कालेज गेट के सामने केशव मिश्र के संयोजन में तथा सूर्य नारायण मार्केट में राजेश मिश्र के संयोजन में भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नेशनल हाइवे के हनुमत निकेतन में पं. वज्रघोष ओझा के संयोजन में सामूहिक सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा के पाठ में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे।

हनुमान जयंती को लेकर इनहन भवानी धाम में आचार्य राजेश मिश्र के संयोजन में हनुमान जयंती धूमधाम से मनायी गयी। ककोरिहा गोडवा में समाजसेवी कालिका प्रसाद पाण्डेय के संयोजन में हुए भण्डारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महराज का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन सुभाषचंद्र पाण्डेय ने किया। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं को हनुमान जयंती पर पूजन अर्चन में रमे देखा गया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री पद पर होगा रोचक मुकाबला

तीन पदों के साथ कार्यकारिणी सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नाम वापसी के दिन दो प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी वापस ले ली। इसके तहत संयुक्त मंत्री पद पर पंकज कुमार तिवारी तथा आय व्यय निरीक्षक पद पर आनन्द मोहन श्रीवास्तव ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष नामांकन वापसी का आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों प्रत्याशियों की दावेदारी वापसी की मंजूरी के बाद अब संयुक्त मंत्री पद पर वेदव्रत त्रिपाठी तथा आय व्यय निरीक्षक पद पर हरिनारायण पाण्डेय का भी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इसके पूर्व प्रचार मंत्री पद पर एक मात्र नामांकन को लेकर विनोद कुमार शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य पर मो. असलम तथा आशुतोष द्विवेदी व मो. दानिश एवं सतीश पाण्डेय भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नाम वापसी के बाद सबसे रोचक मुकाबला इस बार अध्यक्ष तथा महामंत्री पद पर देखा जा रहा है। अध्यक्ष पद पर संदीप सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, घनश्याम मिश्र, राजेशचंद्र त्रिपाठी, प्रवीण यादव, विनोद मिश्र, विजय त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय के बीच दिलचस्प मुकाबला बना है। वहीं महामंत्री पद पर हरिश्चंद्र पाण्डेय, संजीव तिवारी, अरविंद पाण्डेय तपन तथा महेश पटेल व सूर्यकांत निराला के बीच संघर्ष का माहौल गरम देखा जा रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विभाकर नाथ शुक्ल, अबरार अहमद, निवर्तमान उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी एवं उपाध्यक्ष पद पर विनय जायसवाल गबलू, आशीष तिवारी, बालेन्दु कुमार त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए सत्यम त्रिपाठी व अभिषेक शुक्ल के बीच मुकाबला होगा। चुनाव समिति की बैठक में वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गयी है। समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि प्रत्याशियों को छः मई तक चुनाव प्रचार का मौका दिया गया है। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, राधारमण शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, टीपी यादव, लाल राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह अगई, विकास मिश्र आदि रहे।

अवैध शराब बरामद, केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। पुलिस टीम ने औचक दबिश देकर आरोपिता को दस लीटर अवैध शराब के साथ हिरासत में लिया है। सांगीपुर थाना के हरमापुर थरिया गांव में सूचना पर पुलिस टीम ने मंगलवार को औचक दबिश दी। उप निरीक्षक राजेश शुक्ला के साथ दबिश में पुलिस को दस लीटर अवैध देशी शराब बरामद करने में सफलता मिली। पुलिस ने आरोपिता गांव के हरीराम सरोज की पत्नी रानी देवी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है।

इंद्र देव तिवारी जिला पंचायत सदस्य बने रहेंगे

जिला जज के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने निरस्त किया

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मंगरौरा तृतीय से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य इन्द्र देव तिवारी अपने पद पर बने रहेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिला जज प्रतापगढ़ के 27 फरवरी के आदेश को निरस्त करते हुए उनके निर्वाचन को वैध घोषित कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल बेंच ने पारित किया।बता दें कि 2021 में हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में मंगरौरा तृतीय से इन्द्र देव तिवारी निर्वाचित घोषित किए गए थे।

मगर प्रतिपक्षियों ने जिला न्यायालय में उनके निर्वाचन को चुनौती दी थी। विद्वान अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद जिला जज ने 27 फरवरी 2024 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद इन्द्र देव तिवारी ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। इसमें श्री तिवारी ने उमेश सिंह और 19 अन्य को प्रतिवादी बनाया था।इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की बेंच ने मामले की सुनवाई की। वादी इंद्रदेव तिवारी की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वय शरद पाठक और लालता प्रसाद मिश्रा ने मजबूत तर्कों के साथ पक्ष रखा। प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्तागण अशोक कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार सिंह परिहार आदि ने बहस की। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने के पश्चात विद्वान न्यायमूर्ति ने जिला जज के फैसले को उपयुक्त नहीं मानते हुए उसे निरस्त कर दिया। इस तरह श्री तिवारी अपने पद पर बने रहेंगे। हाईकोर्ट के फैसले से इंद्र देव तिवारी के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है।

करंट से छात्र की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। विद्युत करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत हो गयी। मासूम की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के हुलासगढ़ गांव में रज्जन के पुत्र शिवा सरोज 13 की सोमवार की शाम सात बजे करंट लगने से मौत हो गयी। वह गांव के समीप ही एक विद्यालय में कक्षा छः का छात्र था। गांव में शादी समारोह के बाद शाम को टेण्ट खोला जा रहा था। मृतक छात्र वहीं खड़ा था। लोहे की पाइप के समीप से एलटी लाइन गुजरी थी। शिवा टेण्ट की पाइप पकड़े खड़ा था। अचानक पाइप में करंट आ गया। इससे छात्र की मौत हो गयी। मृतक छात्र का पिता रोजी रोटी के सिलसिले में पूना रहा करता है। मंगलवार को पिता के इंतजार में परिजन शव को घर पर रखे दिखे। छात्र की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया। हालांकि घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं दी जा सकी है।

बस की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। बस की जोरदार टक्कर से महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। लीलापुर थाना के कटवढ़ निवासी हनुमान सिंह की पत्नी कमलेश देवी 48 मंगलवार को अपने बेटे रवि सिंह के साथ सुबह बाइक से शहर जा रही थी। कोतवाली देहात के मोहनगंज बाजार पहुंचने पर सुबह नौ बजे अचानक रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने पर कमलेश देवी बस के पहिये के नीचे आ गयी। कमलेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर कमलेश की मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

सभी शिक्षण संस्थाओं में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवम् अन्य गतिविधियां आयोजित की गई.राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के

निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, अबुल कलाम आज़ाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मो आजाद अहमद के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, आरआरकेआईसी दिलीपपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के निर्देशन में, पंडीडीयू जीएमआई महुली में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में,

राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा तिवारी के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्यों के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

बडनपुर कटरा प्रतापगढ़-बडनपुर में आज श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। जिसमें कथा प्रारंभ होने से पहले महिलाओ ने कलश यात्रा निकाली जो की शीतला माता मंदिर कटरा से होते हुआ शिव मंदिर फुलवारी से कथा स्थल पर समाप्त हुई। मुख्य यजमान श्रीमती गायत्री एवं पण्डित राममणि पांडेय, श्रीमती राजकुमारी एवं चिंतामणि पांडेय, श्रीमती सुनीता पांडेय एवं सूर्यमणि पांडेय रहें। बडनपुर निवासी मुख्य यजमान गायत्री एवं राममणि पांडेय जो की चारोधाम की यात्रा और दर्शन करने के पश्चात आज अपने निवास स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करे है। मुख्य कथावाचक पंडित श्याम शंकर मिश्रा उर्फ भोला महाराज के करकमलों द्वारा कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कांत पांडे उर्फ मोछा, लक्ष्मी पांडे, उमाकांत पांडे, शिवाकांत पांडे, विजयकांत पांडे, प्रतीक, रियांक ,ओम पांडे, अनिकेत, शुभम एवं समस्त पांडे परिवार उपस्थित रहे।

चिलचिलाती धूप में ससुराल पहुंचते ही नव दंपत्ति ने पहले लगाए पेड़,फिर किया गृह प्रवेश

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझते हुए पूरी दुनिया भले ही किसी व्यावहारिक नतीजे पर न पहुंच पाई हो किंतु जनपद प्रतापगढ़ स्थित भवानीपुर गांव के अरविंद तिवारी की नई नवेली दुल्हन ने अपने पति अरविंद तिवारी के साथ प्रथम गृह आगमन पर पौधारोपण कर वैश्विक तापमान को रोकने हेतु जलवायु संरक्षण का संदेश देकर समाज में पर्यावरण संरक्षण जनजागरूकता अभियान में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।पर्यावरण सेना से जुड़े अरविंद तिवारी और स्वेता शुक्ला की इस पहल की लोगों द्वारा खुले कंठ से सराहना की और स्वयं भी हरित कार्य करने का संकल्प लिया।

अरविंद तिवारी पुत्र स्व.राकेश तिवारी की बारात प्रयागराज के भीटा,घूरपुर गई थी।श्वेता शुक्ला से

विवाह संपन्न होने के उपरांत वर-वधू अपने घर भवानीपुर प्रतापगढ़ आ रहे थे तो चिलचिलाती धूप ने नव बधू को विचलित कर दिया और श्वेता शुक्ला असहज हो गई।

श्वेता ने मन ही मन इस समस्या के समाधान के लिए अपने नए घर में नई शुरुआत को नए तरीके से पेड़ लगाकर करने का निर्णय लिया और अपने पति अरविंद तिवारी को अवगत कराया।

अरविंद तिवारी भी उत्साहित होकर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी को फोन कर अपनी योजना से परिचित कराया और पर्यावरण सेना की पहल पर नव दंपत्ति ने पहले अमरूद के पौधे लगाए फिर घर में प्रवेश किया।इस मौके पर नव विवाहित जोड़े ने लोगों से पौधे लगाकर और हरे पेड़ों को बचाकर पर्यावरण संरक्षण की अपील किया।इस मौके पर उपस्थित पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि नव दंपत्ति की तरह हमें भी हर अवसर पर पेड़ लगाने का बहाना ढूढना चाहिए न कि उन्हें नष्ट करने का।बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन की समस्या से मुक्ति के लिए हमें हरित जीवन को अपनाना होगा जिससे धरती पर हरियाली बनी रहे और पीढ़ियों को शुद्ध जलवायु मिलती रहे।आगे उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना हम सभी की नैतिक और सामूहिक जिम्मेदारी है।इसी के साथ उन्होंने सभी से पर्यावरण सेना से जुड़कर हरित मिशन को आगे बढ़ाते हुए सहयोग की हरित अपील किया।

गरीब असहाय पीड़ित की निःशुल्क सेवा के लिए ब्रह्मदेव जागरण मंच सीनियर अधिवक्ता प्रकोष्ठ का हुआ गठन

पंडित शिव प्रसाद त्रिपाठी अध्यक्ष व पंडित विद्या प्रसाद त्रिपाठी बने महामंत्री

प्रतापगढ़ । ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से समाज के गरीब असहाय पीड़ित की निःशुल्क सेवा के लिए आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को कलेक्ट प्रांगण में ब्रह्मदेव जागरण मंच सीनियर अधिवक्ता प्रकोष्ठ का गठन किया गया । इस अवसर पर पंडित शिव प्रसाद त्रिपाठी अध्यक्ष , पंडित विद्या त्रिपाठी महामंत्री , उपाध्यक्ष बृज बिहारी तिवारी, पंडित विनय कुमार मिश्र, पंडित राय साहब मिश्र पंडित बृजेन्द्र कुमार त्रिपाठी , संगठन मंत्री पंडित राज कुमार मिश्र, पंडित कृपा शंकर मिश्र , पंडित सुरेश नारायण मिश्र पंडित विमल कुमार शुक्ल, पंडित रमा कान्त ओझा, पंडित हरिश्चन्द्र शर्मा सहित 22 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया ।

प्लास्टिक के अंत का आह्वान ही हमारी प्रतिबद्धता- युद्धवीर

विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित हुआ संगोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। काशीप्रांत द्वारा सिविल लाइन स्थित मां चंडिका देवी धाम में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ने पृथ्वी दिवस-2024 का विषय ग्रह बनाम प्लास्टिक है, जो ÷मानव और ग्रह स्वास्थ्य की खातिर÷ प्लास्टिक के अंत का आह्वान करने की प्रतिबद्धता है। साथ साथ कचरा प्रबंधन,जल संरक्षण,मृदा संरक्षण आदि उपविषयों पर भी गहनता से प्रकाश डाला। इस मौके पर विभाग पर्यावरण संयोजक अनिल ने दैनिक जीवन से कैसे प्लास्टिक को हटाया जा सकता है को संवाद सत्र द्वारा बताया।संगोष्ठी में मातृशक्तियों के साथ साथ बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।जिला पर्यावरण संयोजक डॉ.अनूप ने विश्व पृथ्वी दिवस की भूमिका पर प्रकाश डालते संगोष्ठी का संचालन किया एवं तुलसी का पौधा प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार ने सभी को पृथ्वी को संरक्षित और सुरक्षित रखने हेतु संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिव प्रसाद,नगर प्रचार आलोक ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अमितदेव ,विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अनुज,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला कोषध्यक्ष अजीत,शिक्षाविद डॉ.सर्वेश , राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक राय,राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका श्रीमती प्रिया, रमा मिश्र,लेफ्टिनेंट ऋचा सिंह,निधि सिंह,शालिनी जायसवाल,सुमन त्रिपाठी,रीत जायसवाल, खुसी त्रिपाठी,क्षमा त्रिपाठी,नंदिनी सिंह,ज्योति सिंह,समीक्षा त्रिपाठी, वान्या विपिन,अभय,अवनीश श्रीवास्तव, सदर खंड कार्यवाह रवि, सतेंद्र शुक्ल सहित आदि लोगों की सहभागिता रही।

चुटहिल दशा में मिला हिरन का बच्चा, वन विभाग ने कराया उपचार

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के बरीबोझ वनपुकार जंगल से मंगलवार को दोपहर हिरन का बच्चा गांव पहुंच गया। गांव में उसे कुत्तों ने नोंचकर उसे चुटहिल कर दिया। चुटहिल हिरन गांव के पप्पू तिवारी के घर के सामने दिखा तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीण हिरन के बच्चे को सुरक्षित पकड़कर छांव में ले आये। सूचना मिलने पर लालगंज वन विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम हिरन के बच्चे को अपने वाहन से पशु चिकित्सालय ले आयी। यहां उसका इलाज करवाया। इसके बाद हिरन के बच्चे को वन प्रभाग के कार्यालय ले आयी। वन दरोगा टीएन तिवारी ने बताया कि विभागीय अफसरों को सूचना दी गई है। उपचार के तहत हिरन के बच्चे को विभागीय कार्यालय में देखभाल के लिए रखा गया है। इसके पहले दो वर्ष पूर्व भी रायपुर तियाई में एक हिरन चुटहिल मिला था। वह यहीं वन विभाग में अभी भी सुरक्षित रखा गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रायपुर में मिला हिरन पूरी तरह स्वस्थ है।

चंद्रशेखर मिश्र इंटर कॉलेज में मेधावियों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

सांगीपुर प्रतापगढ़।यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के परीक्षाफल के उपरांत चंद्रशेखर मिश्र इंटर कॉलेज लखनपुरशूर सांगीपुर प्रतापगढ़ में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रबंधक ,प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा सम्मानित किया गया।

मेधावी छात्र-छात्राओं में इंटरमीडिएट में क्रमशः अंजू उपाध्याय 95त्न जनपद में आठवां स्थान, निहारिका यादव 89त्न, निखिल यादव 89त्न ,मुकेश यादव 88त्न ,अभिषेक वर्मा 86त्न, सुमित मौर्या 85त्न ,सूरज गिरी 85त्न ,आंचल सोनी 85त्न, सूर्यांश पाण्डेय 84त्न ,मुस्कान वर्मा 83त्न, देवांश पाण्डेय 83त्न, अखिलेश यादव 80त्न, कीर्ति मिश्रा 79त्न, आदित्य 79त्न , ऋषिता सिंह 79त्न , दीपक पटेल 78त्न,मुस्कान मौर्य 78त्न, अमीषा वर्मा 78त्न, प्रिया गुप्ता 78त्न ,नितिन सरोज 78त्न, अंशुल सिंह 77त्न,रिचा तिवारी 76त्न, प्राची मिश्रा 76त्न, श्रेयांश पांडेय 76त्नआदि को सम्मानित किया गया।हाई स्कूल परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं क्रमशः आयुष तिवारी 96त्न, अर्पिता सिंह 92त्न ,हिमांशु 91त्न ,कोमल यादव 91त्न ,श्री तिवारी 90त्न ,आंचल पाल 90त्न, सार्थक सिंह 89त्न, रोमल यादव 88त्न, भारत सरोज 88त्न, विभा 88त्न ,शिवांशु वैश्य 87त्न,राज वर्मा 87त्न, कौशिकी वैश्य 86त्न, नंदिनी द्विवेदी 85त्न ,काजल सिंह 84त्न ,अंजली सिंह 83त्न ,सृष्टि शुक्ला 83त्न, विशाल सरोज 82त्न, शालू यादव 81त्न, तालिब अंसारी 80त्न, आकांक्षा वैश्य 79त्न, सुशील कुमार 79त्न, सौम्या पाण्डेय 79त्न, शास्त्र पाण्डेय 78त्न, श्रेजल श्रीवास्तव 78त्न, आयुष मौर्य 78त्न, मनजीत बरनवाल 78त्न आदि छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक चंद्रशेखर मिश्र, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र एवं अजीत कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य देवमणि पाण्डेय इंटर कॉलेज लेबुडा भवानीगढ़, शिक्षक अंजनी कुमार मिश्र, कृष्ण दत्त पाण्डेय, सुधांशु मिश्र, प्रमोद कुमार तिवारी ,पराग दीन यादव ,विपिन कुमार तिवारी ,हरिशंकर पाण्डेय,राकेश कुमार शुक्ल, प्रभाकर द्विवेदी, दीपक कुमार ,सत्यनारायण ओझा , हरमेंद्र सिंह ,अमर सिंह , सुश्री नेहा सिंह, जीत लाल मौर्य, मनोज कुमार कश्यप , जीत नारायण मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र एवं प्रधानाचार्य अजीत कुमार मिश्र एवम् समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने हेतु प्रेरणा दी एवं शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।

सैनी मे टंकी की मोटर जलने से पेयजल आपूर्ति ठप

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के सैनी गांव के कड़ा, देवीगंज जाने वाले मार्ग के सैनी चौराहे के पास लगी टंकी की मोटर जलने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल के परेशान होना पड़ रहा है। हलक तर करने के लिए स्थानीय लोग दूर-दराज के क्षेत्रों में लगे हैंडपंपों से पानी लेकर आ रहे हैं। जबकि कई स्थानों पर लगे हैंडपंप रीबोर न किए जाने से गंदा पानी उगल रहे हैं, वही सैनी चौराहे पर इन दिनों सिर्फ टंकी शो-पीस बनकर रह गई है। इससे पेयजल का संकट छा गया है। दुकानदार व यात्री सभी पानी के लिए परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पशु पक्षी भी पानी के लिए परेशान हैं। क्योंकि, खेत खलिहान कहीं भी पानी नहीं है। गांव के सभी तालाब, पोखर व गड्ढे सूखे पड़े हैं। इससे पशु पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं।

क्या कहते है क्षेत्र के लोग

राम प्रकाश का कहना है की सैनी चौराहे पर लगे पानी टंकी की मोटर एक हफ्ते से खराब पड़ी जिससे दुकानदारों समेत राहगीरों को परेशानी होती है।

रानी देवी का कहना है की सैनी चौराहे पर आसपास के गांव सहित दूर दराज के हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते है और सैनी चौराहे पर रुकते है टंकी खराब होने के चलते लोगो को पेयजल की समस्या है।

राजेंद्र कश्यप का कहना है सैनी चौराहे पर टंकी के अलावा एक हैंडपंप है जो सालो से खराब पड़ा है लेकिन मरम्मत नहीं करवाई गई।

मलखान सिंह का कहना है की भीषण गर्मी में हर राहगीर को पानी की आवश्यकता है लेकिन हफ्तों से टंकी खराब है जिसकी कोई सुध लेने वाला नही है। राजू गुप्ता ने सैनी चौराहे पर व्याप्त पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की है।

क्या कहते है खंड विकास अधिकारी

मामले में खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र का कहना है की मामला संज्ञान में आया है जल्द ही मोटर को दुरुस्त करवा पेयजल की समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

अराजकतत्वों ने कटे हुए गेहूं के बोझ में लगाया आग

सिराथू, कौशाम्बी। पइंसा थाना क्षेत्र के अफजलपुर वारी चौकी अंतर्गत खूझा निवासी राकेश पांडे व अवधेश कुमार पांडे पुत्र सतनारायण पांडे गांव के ही रणजीत कुमार सिंह को अधिया पर के लिए खेत दे रखा था। रंजीत सिंह ने खेत में गेहूं बोया था और फसल काट कर बोझ बना कर खेत में डाल दिया था। रंजीत सिंह का कहना है की बीती रात अराजकतत्वों ने लगभग दो बीघे कटे हुए गेहूं के बोझ को कई जगह इकट्ठा करके आग लगा दिया जब ग्रामीणों ने खेत में आग की लपटे देखी तो मामले की जानकारी खेत मालिक को दिया । जिसके बाद खेत मालिक ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंचने से पहले उनका गेहूं पूरी तरह से जल चुका था राकेश कुमार पांडे ने पइंसा पुलिस को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सूरजपाल लक्ष्मी देवी कालेज में विद्यालय के टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नं 22 भडेसर में स्थित सूरजपाल लक्ष्मी देवी इंटर कालेज मे बोर्ड परीक्षा मे हाईस्कूल व इंटर मे स्कूल में टॉपर रहे छात्र छत्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। सम्मान मिलने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। मंगलवार को भडेसर में स्थित सूरजपाल लक्ष्मी देवी इंटर कॉलेज मे सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक अजय मौर्य ने विद्यालय में हाईस्कूल की टॉपर श्रेया कुशवाहा , दूसरे नंबर पर दीक्षा, तीसरे नंबर पर प्रियांशी व इंटर में पहला स्थान पाने वाले दीपक सिंह , दूसरा स्थान सपना पाल व तीसरा स्थान पाने वाले शिखर मौर्या को माला पहनाकर सम्मानित करने के साथ उपहार देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान

प्रबंधक अजय मौर्य ने कहा की मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करके बच्चों ने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। इसी मेहनत व लगन के साथ आगे की पढ़ाई करते हुएं बुलंदियों पर पर पहुंचे वहीं शिक्षा के साथ अनुशासित रहने का मंत्र दिया। प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन कुशवाहा ने कहा जीवन को सफल बनाने के लिए विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है। उप प्रधानाचार्या निरंजन लाल चौधरी ने कहा की मेहनत व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए जिससे कामयाबी की सीढ़ी चढ़ने में कोई कठिनाई नहीं होती है।

इस मौके पर सभी होनहार बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया सम्मान कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक जगदीश वर्मा , गुलशेर अली , तिलक सिंह , चंद्रशेखर, योगेन्द्र सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

प्रभारी उप निरीक्षक पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलझाया

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आधार पर प्रभारी उप निरीक्षक श्याम नारायण यादव, हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल,महिला हेड कांस्टेबल पूनम,महिला कांस्टेबल नीतू यादव व शनिवार को उपस्थित काउंसलरों के माध्यम से 02 जोड़े, पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया ।दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। वह दोनों पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि अब हम दोनों एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, कि अपने जीवन को पुनः शुभारंभ करिए।

विकास और विरासत का समन्वय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव- विनोद सोनकर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा कौशांबी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा मंझनपुर पवैया, लहना ,गुलामीपुर, ओसा, बहादुरपुर, कुंभियावा गांव में नुक्कड़ सभा व जनसंपर्क कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे ।तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा ।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विधानसभा मंझनपुर के आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभा व नगर भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए सरकार की नीतियों को बताया। तथा नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता की आकांक्षाओं व उम्मीद के अनुसार विकास के कार्य किए गए पहली बार

देश में विकास व विरासत पर एक साथ कार्य हुए और यह समन्वय स्थापित हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश में विरासत का सम्मान देखने को मिला चाहे काशी विश्वनाथ धाम हो उज्जैन का महलोक, केदारनाथ पूरी हो बद्रीनाथ धाम हो सोमनाथ हो, विंध्याचल धाम या पांच वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में।

विकास की बात की जाए तो पूर्ववर्ती सरकारों ने एक एम्स देश को दिया आज मोदी जी के नेतृत्व में 22 एम्स देश में संचालित है आने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है

भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव, गरीब, किसान ,मजदूरों और महिलाओं के प्रति समर्पित सरकार है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्या ,पूर्व विधायक लाल बहादुर ,वीरेंद फौजी नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर, अमर सिंह पटेल ,कमल कुशवाहा ,हुबलाल दिवाकर, नीतू कनौजिया ,संजय जयसवाल, सुरेश नगर चौधरी ,गुलाब कुशवाहा ,महेश लोधी ,पिंटू त्रिवेदी ,दिलीप अग्रहरि ,यशपाल सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर पुलिस चौकी टेवां में आयोजित हुआ यज्ञ हवन

लोकमित्र ब्यूरो

टेवां, कौशाम्बी। चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर पुलिस चौकी टेवां में हनुमान जयंती मनाई गई हनुमान जी के मंदिर में यज्ञ भवन कार्यक्रम संपन्न हुए चौकी इंचार्ज अजीत सिंह ने समस्त स्टाफ के साथ यज्ञ हवन करके चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान की जयंती मनाई और प्रसाद वितरण पर शिव की मंगल कामना किये। यज्ञ हवन कार्यक्रम में कांस्टेबल अभिषेक यादव, कॉन्स्टेबल विनय कुमार ,कांस्टेबल सुमित यादव ,कांस्टेबल भानु यादव, कांस्टेबल अरुण कुमार, विकास त्रिपाठी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री किशोरी देवी चौकी फॉलवर छेददू गुप्ता, कांस्टेबल संपूर्णानंद, सोमदत्त बाजपेई, शिवभूषण गर्ग, पंडित राज नारायण मिश्र, सौरभ बाजपेई आदि लोगों ने हनुमान जयंती पर सम्मिलित हुए।

ससुराल गए युवक ने पत्नी को पीटकर मौत के घाट उतारा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के हरदुआ जोत गांव में सोमवार रात पत्नी को बुलाने ससुराल गए युवक ने सिल बट्टे से मारकर उसकी हत्या कर दी। पत्नी की मौत के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हरदुआ जोत गांव की शर्मिला देवी की शादी कोखराज थाने के गौरा भरवारी निवासी छेद्दू सिंह चौहान के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि छेद्दू ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। वह आए दिन शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचता था और विवाद के बाद पत्नी की पिटाई करता था। एक सप्ताह पहले शर्मिला अपने तीन बेटों के साथ मायके अपने भाई दिनेश के घर चली आई। बड़ा बेटा सूरज (12), सोनू (10) और मोनू (08) को साथ लेकर आ गई। सोनू रविवार को अपनी बुआ के घर हंडिया बरौत चला गया था। शर्मिला अपने बेटे सूरज, मोनू और ननद लवली देवी के साथ घर पर थी। इसी दौरान सोमवार शाम को छेद्दू उसे बुलाने के लिए ससुराल पहुंचा। इसी बीच किसी बात को लेकर शर्मिला का उसके पति के साथ विवाद हो गया। तैश में आकर छेद्दू ने सिल बट्टे से शर्मिला के सिर और मुंह पर कई वार कर दिया। इससे वह गंभीर हालत में गिरकर तड़पने लगी। दोनों बेटों ने पिता को पकड़ने का प्रयास किया। पर, वह घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लवली देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

गुमटी में आग लगने से नकदी समेत हजारों का सामान जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के सिरियावा गांव में सोमवार को एक युवक ने महिला के गुमटी में आग लगा दी। इससे पीड़िता का नकदी समेत हजारों रुपये का परचून का सामान जलकर राख हो गया। पीड़िता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी है। तहरीर पाकर पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

सिरियावा गांव की साबिया खान पत्नी नसीम ने बताया कि वह घर के समीप सड़क किनारे गुमटी में परचून का सामान बेचती है। आरोप है कि सोमवार की दोपहर करीब दो बजे गांव के एक युवक ने उसकी गुमटी में आग लगा दिया। इससे दूकान में रखा 15 हजार रुपये नकदी समेत करीब 25 हजार का सामान जलकर राख हो गया।

आरोप है कि युवक के घर उलाहना देने गई पीड़िता को कुनबे ने गाली गलौज कर भगा दिया। पीड़िता ने थाने पहुंच आरोपी तीन सगे भाइयों खिलाफ तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराम सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

युवती के चक्कर में दो मंगेतरों के बीच हुई मारपीट, शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती दो मंगेतरों के चक्कर में फंस गई। मंगलवार को दोनों मंगेतर अपने साथियों के साथ युवती के घर पहुंच गए। रास्ते में दोनों आपस में भिड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सभी को पकड़कर चौकी ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पिपरी क्षेत्र की एक युवती का रिश्ता चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में तय हुआ था। रिश्ता तय होने के बाद दोनों के बीच मोबाइल फोन पर बातचीत होने लगी। इसी दौरान कोखराज थाना इलाके के एक गांव के युवक से युवती की दोस्ती हो गई। चरवा वाले युवक से युवती ने ब्रेकअप कर कोखराज वाले युवक से फोन पर बात करना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी होने के बाद चरवा के युवक का पारा गरम हो गया। मंगलवार सुबह वह अपने एक साथी के साथ युवती के घर जा धमका। युवती के दूसरे युवक से बात करने पर वह नाराज होकर हंगामा करने लगा। हंगामे की जानकारी युवती ने अपने कोखराज इलाके वाले मंगेतर को दे दी। जानकारी मिलने के बाद वह भी अपने एक साथी के साथ मौके पर पहुंच गया। दोनों मंगेतरों के बीच विवाद होने लगा। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराते हुए दोनों को घर भेज दिया। आरोप है कि चौराड़ीह के समीप दोनों फिर भिड़ गए। दोनों तरफ से मारपीट होने लगी। जानकारी मिलने के बाद बैंक में मौजूद पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और चारों को हिरासत में लेकर चौकी ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ बलराम सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पृथ्वी हमारा निवास स्थल, हमारी माता इन्हे संभाल कर रखना हमारा फर्ज- रवि शंकर द्विवेदी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी के सप्रेम भेंट पर कहा कि पृथ्वी, हमारा निवास स्थल, हमारी माता है इन्हे संभाल कर रखना हमारा फर्ज है। इसे संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। आज, जब हम विश्व पृथ्वी दिवस मना रहे हैं, हमें यह समझना चाहिए कि पृथ्वी की सुरक्षा और संरक्षण का नाम लेने से केवल आधारभूत रूप से कुछ नहीं होगा। इसमें हम सभी की भागीदारी और संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। हमारे पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन और विकास के साथ, हमें अपनी प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग करने के

साथ-साथ, इन्हें संरक्षित भी रखना है। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, और जलवायु आपातकालीनता की चुनौतियों के सामने हमें एक समझौते का सामना करना होगा।प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वन्यजीव नष्ट, जलसंकट, और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे मुद्दों के समाधान के लिए सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक स्तर पर साझेदारी की आवश्यकता है। साथ ही, जनसंख्या नियंत्रण, स्वच्छता अभियान, और उद्यमिता को बढ़ावा देने की भी जरुरत है। यह समय है कि हम सभी एकजुट होकर समस्याओं का समाधान ढूंढें और साझेदारी करें। हमें अपने कार्यक्षेत्रों में पर्यावरण सद्भावना और सम्मान बढ़ाना होगा। इस संबंध में शिक्षा, संगठन, और नीतियों में सुधार की आवश्यकता है।इस विशेष दिन पर, हमें यह समझना चाहिए कि हमारे कृत्यों का परिणाम हमारे भविष्य को कैसे प्रभावित करेगा।

पृथ्वी का संरक्षण केवल एक विचार नहीं है, बल्कि यह हमारी साझी जिम्मेदारी है।

आइए इस विश्व पृथ्वी दिवस पर हम सभी मिलकर एक समृद्ध, स्वच्छ, और सुरक्षित पृथ्वी की दिशा में कदम बढ़ाएं।

नामांकन व उपस्थित के लिए प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी के शिक्षकों ने किया घर घर संपर्क

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। स्कूल चलो अभियान जागरूकता कार्यक्रम के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों का नामांकन एवं उपस्थित वृद्धि के लिए नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में प्रधानाध्यापक डॉ राम नेवाज सिंह के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा टोली बनाकर घर-घर संपर्क करते हुए अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताकर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। 06 वर्ष का बच्चा घर में मिलने पर तुरंत नामांकन किया गया और आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ एवं बच्चों को बुलाकर अभिभावक

को विद्यालय में आने का अनुरोध किया गया इसके साथ-साथ नामांकित बच्चों को भी चिन्हित किया गया है जो विद्यालय नहीं आते हैं उनके अभिभावकों से मिलकर विद्यालय भेजने का अनुरोध शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है 20 मई को लोकसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान करने हेतु भी मतदाताओं को जागृत किया गया घर-घर संपर्क कार्यक्रम में तनवीर फातिमा सुनीता सिंह बबिता केसरवानी पवन कुमार सिंह शामिल रहे।

निमंत्रण गए युवक की बाइक नदारत

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में निमंत्रण गए युवक की बाइक नदारत हो गई, काफी खोजबीन के बाद का सुराग न लगने पर पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं आठ गांधी नगर निवासी महेंद्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र राधेलाल सोमवार की रात गुलामीपुर में स्थित एक गेस्ट हाउस में पैशन प्रो बाइक से निमंत्रण गया था , महेंद्र बाइक गेस्ट हाउस के गेट के पास खड़ी कर अंदर चला वापस लौटा तो अपनी जगह खड़ी बाइक नदारत थी , काफी खोजबीन के बाद बाइक का सुराग नहीं लगा तो पीड़ित ने मामले की सूचना सैनी पुलिस को देते

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मेधावियों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशम्बी। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर एवं ग्राम प्रधान कानेमई के बाद ग्राम प्रधान केन की सराहनीय पहल हाई स्कूल प्रदेश मेरिट में आठवाँ स्थान जिला टॉपर प्रियांशी मौर्य, नौंवा स्थान शिवम यादव, इण्टर प्रदेश में नौंवा स्थान श्वेता राजपूत सहित अन्य जिला टॉप टेन 20 छात्रों को धर्मा देवी इण्टर कॉलेज पहुंच कर किया सम्मानित ग्राम प्रधान गुलाब सिंह यादव ने माला, मेडल एवं बैग देकर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया उनके इस कदम की विद्यालय परिवार द्वारा भूरि भूरि प्रसंशा की गई एवं आभार व्यक्त किया गया। गुलाब यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर पुरस्कृत करने पर अन्य छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरित होकर मेहनत करते है एवं सफलता अर्जित करते हैं।

सिराथू में सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सिराथू कस्बे के शिवाला पर मोहल्ले में स्थित मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे भक्तों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। पौराणिक कथा के अनुसार राम भक्त हनुमान का प्राकट्य चौत्र मास की पूर्णमासी तिथि को हुआ था। इस दिन हनुमान जी की पूजा अर्चना करने से संकटों से मुक्ति मिलने के साथ मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। मंगलवार को सिराथू कस्बा सहित क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस दौरान मंदिरों को फूल मालाओं से सजाने के साथ भजन कीर्तन का आयोजन हुआ । सिराथू कस्बे के शिवाला पर मोहल्ले में स्थित भगवान शिव के मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान पहुंचे भक्तों ने फूल माला व लड्डू का भोग लगाकर हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने भोजन ग्रहण किया। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न कराने में सतीश पांडे, शिवम पांडे, सुशील पांडे आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा। नारा बाजार में स्थित भगवान शिव के मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पर्व पर पूजा पाठ भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान मंदिर पहुंचे भक्तों ने मेवा मिष्ठान का भोग लगाने के बाद हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ किया और हनुमान जी की आरती उतार कर संकटों का हरण कर मनवांछित फल की प्राप्ति होने का वरदान मांगा।

सम्पादकीय

गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें

कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा।आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया।राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे।कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की।2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60त्न महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया।ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं, राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बनाई गई सरकारी नीतियां जब तक प्रभावी नहीं होंगी, तब तक उनका लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचना मुश्किल है।देखने में आता है कि सरकारें योजनाएं बना कर उन्हें बिसरा देती हैं। उच्चाधिकारियों के हाथ में है कि वे इनका क्रियान्वयन सुबीते से करें। निस्संदेह इस तरह की नौकरियों में देश के हर वर्ग और हर प्रांत के अधिकारियों का चयन होता है, इसलिए उन्हें बुनियादी समस्याओं और संकटों का भान होता है।स्वयं राष्ट्रपति ऐसे समुदाय और वर्ग से निकल कर सबसे बड़े पद तक पहुंची हैं कि उन्हें देशवासियों की समस्याओं का न केवल अहसास है, बल्कि गरीबों और महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी उन्होंने करीब से देखा है।किसी भी समाज की प्रगति तभी नजर आती है, जब उसका सर्वांगीण विकास हो रहा हो। कहना न होगा कि आर्थिक असंतुलन ने हमारे संकटों को बढ़ाया है। यह चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है।

मेष राशिः आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राज नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी निर्णय कार्य में बार-बार बदलाव की वजह से उसमें टाइम लग सकता है। आज लोगों का आपके ऊपर विश्वास बढ़ेगा, अपने कार्यों के लिए आपसे सलाह लेंगे।

वृष राशिः आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। आज आपको रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। लम्बे वक्त से आ रही दिक्कतों को आज ही हल करने की जरूरत है, इसलिए सकारात्मक सोचें तो सफलता जरुर मिलेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों के द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवार के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति विश्वास बढ़ेगा। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले व्यक्ति के स्वभाव को ठीक से जानना होगा।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर सोच विचार में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छायें जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। छात्रों को फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन बनेगा।

कन्या राशिः आज का दिन महत्तवपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर घूमने कस प्लान बन सकता है।बिजनेस के सिलसिले में आप यात्रा पर जा सकते है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी। आज का दिन उन लोगों के लिए अच्छी ख़बर लेकर आया है, जो अपना प्रोफेशन बदलने का विचार कर रहे हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा।अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं। आप की आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में बिगड़ी हुई चीजें खुद-ब-खुद सही होने लगेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के बेरोजगार लोगों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नये कॉलेज में एडमीशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाएंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिलेगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। एजुकेशन फील्ड में बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स अपना पूरा सहयोग करेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए आपकी मेहनत सफल रहेगी।

मकर राशिः आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज पारिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तो के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं। इम्युनीटी सिस्टम को बढाने के लिए आप योगा कर सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। निवेश लाभदायक सिद्ध होगा। आज आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं। आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं आपकी सैलेरी में इन्क्रीमेंट भी हो सकता है।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। ऑफिस में रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे।

भाजपा के 400 पार के नारे पर क्यों बढ़ता जा रहा है संशय

अशोक भाटिया

भाजपा चनाव से पहले ही 400 पार के नारे का का लक्ष लेकर चल रही है पर पहले चरण के मतदान व उसके मतदान प्रतिशत के गिरावट के कारण लक्ष को प्राप्त करने में संशय उभरता जा रहा है ।भले ही पार्टी इसके लिए कड़ी मेहनत भी कर रही है। प्रधान मंत्री लगातार इसके लिए रैलियां और सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के दूसरे नेता भी मेहनत कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए साम- दाम- दंड- भेद सभी नीतियों पर काम कर रही है। कांग्रेस और अन्य पार्टियों के लोग जिस तरह बीजेपी में शामिल हो रहे हैं उससे तो यही लगता है कि देश की संसद विपक्षहीन हो जाएगी। पर इधर कुछ दिनों में बीजेपी के सामने अचानक कुछ अवांछित समस्याएं आ गई हैं। इन समस्याओं को सुलझाने में पार्टी अभी तक असफल ही दिखाई दे रही है।सबसे पहले बात करें कर्नाटक की तो कर्नाटक की राजनीति में बीजेपी के लिए लिंगायत समुदाय बड़ा आधार रहा है। करीब 17 प्रतिशत आबादी वाला यह समुदाय अगर बीजेपी से नाराज होता है तो पार्टी के लिए कर्नाटक में मुश्किल बढ़ जाएगी। राज्य में लिंगायत समुदाय के बड़े संत जगद्गुरु फकीरा दिंग्लेश्वर महास्वामी ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी । जिससे भाजपा की टेंशन बढ़ गई ।डिंगलेश्वर की नाराजगी इस बात को लेकर है कि प्रहलाद जोशी महत्वपूर्ण लिंगायत नेताओं का टिकट कटवा देते हैं। उनका कहना है कि 2023 के विधानसभा चुनावों में पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार को टिकट कटने में जोशी की ही भूमिका थी। शेट्टार ने हुबली-धारवाड़ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। जबकि कांग्रेस ने उन्हें एमएलसी बनाया, अब वह बीएस येदियुरप्पा के सौजन्य से भाजपा में वापस आ गए हैं और अब बेलगाम लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार हैं।डिंगलेश्वर ने भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा के बेटे केई कांतेश को हावेरी लोकसभा टिकट नहीं मिलने पर भी जोशी पर उंगली उठाई है। बीजेपी के पूर्व डिप्टी सीएम ईश्वरप्पा ने बगावत कर दी है और ऐलान किया है कि वह शिमोगा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।संत ने लिंगायतों के लिए ओबीसी आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी उठाया है। इसके अलावा उन्होंने समुदाय के सदस्यों को केंद्र सरकार में प्रमुख पद नहीं देने के लिए भाजपा पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि लिंगायत समुदाय से नौ सांसद चुने गए लेकिन किसी को भी कैबिनेट मंत्री नहीं बनाया गया। उन्हें केवल केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया गया।जाहिर है कि जिस तरह डिंगलेश्वर हमले कर रहे हैं चुनाव के दिन तक वो बीजेपी के खिलाफ माहौल कर सकते हैं। अगर लिंगायतों के चौथाई वोट भी वो काटने में सफल होते हैं बीजेपी की करीब आधा दर्जन सीटें प्रभावित हो जाएंगी। देखा जाय तो पिछले एक सप्ताह से गुजरात और उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ राजपूतों ने मोर्चा खोल रखा है।गुजरात में जहां केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी को लेकर प्रभावशाली राजपूत समुदाय खुलकर भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

वैसे ही पश्चिमी यूपी में गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट कटने के बाद राजपूत महासभा खुलकर बीजेपी के खिलाफ आ गई है। राजपूतों का कहना है कि गाजियाबाद और नोएडा में राजपूतों की बहुलता के बावजूद यहां से किसी राजपूत को टिकट नहीं दिया गया। राजकोट से भाजपा के उम्मीदवार रूपाला द्वारा कई बार माफी मांगने के बावजूद विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यही हाल पश्चिमी यूपी का है केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार राजपूतों को मनाने में लगे हुए हैं पर सफलता मिलती नहीं दिख रही है।गुजरात में राजपूतों की आबादी लगभग 17त्न है और सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में उनका प्रभाव है। यही हाल पश्चिम यूपी में कई सीटों पर राजपूतों की है।गुजरात में क्षत्रिय समुदाय के नेता राज शेखावत के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा को बड़ा झटका लगा है। शेखावत करणी सेना के एक गुट के अध्यक्ष भी हैं, ने दावा किया कि चुनाव के लिए टिकट वितरण में भाजपा द्वारा समुदाय की उपेक्षा की जा रही है।भाजपा में सौराष्ट्र क्षेत्र से राजपूत समुदाय से केवल पांच विधायक और एक राज्यसभा सांसद हैं।यहां तक कि गुजरात कैबिनेट में एक उल्लेखनीय क्षत्रिय चेहरे का भी अभाव है। इस बीच क्षत्रिय नेता वासुदेवसिंह गोहिल ने कहा है कि समुदाय चुनाव परिणाम बदलने में सक्षम हैं।

पश्चिमी यूपी में भी राजपूत इस बार चुनाव परिणाम बदलने के मुहिम में लग गए हैं। 7 अप्रैल को ननौता गांव में पश्चिमी यूपी के ठाकुर समाज के लोग क्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति की ओर से %क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ% में हिस्सा लेने के लिए जुटे। यहां पश्चिमी यूपी ही नहीं राजस्थान और हरियाणा से भी लोग आए थे। बीजेपी के बड़े राजपूत नेताओं की सुलह की कोशिशों के बावजूद 11 अप्रैल को मेरठ के सिसौली में,13 अप्रैल को गाजियाबाद के धौलाना और 16 अप्रैल के सरधना के खेड़ा में क्षत्रिय स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन हुआ है इसका असर भी चुनावों पर पड़ने वाला है । उत्तर प्रदेश में इधर कुछ महीनों से लगातार बीएसपी को बीजेपी की बी टीम कहकर टारगेट किया जाता रहा है।पर बीएसपी ने इस बार के लोकसभा चुनावों में ऐसा गेम खेला है कि अब कोई भी नहीं कहेगा कि बीएसपी बीजेपी के लिए काम कर रही है। बीएसपी यूपी में ऐसे उम्मीदवार खड़ी कर रही है कि बीजेपी के उम्मीदवारों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है।वेस्ट यूपी की कम से कम एक दर्जन सीटों पर बीएसपी के उम्मीदवार बीजेपी के कोर वोटर्स हैं। जाहिर है कि ये बीजेपी का ही वोट काटने का काम करेंगे।

जैसा कि उम्मीद की जा रही थी कि बीएसपी ऐसे उम्मीदवारों को टिकट देगी जो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित होंगे। पर सहारनपुर, अमरोहा और कन्नौज को छोड़कर बीएसपी ने कहीं से भी ऐसे उम्मीदवार नहीं खड़े किए हैं जो बीजेपी को फायदा पहुंचा सके। इसके उलट बीएसपी ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जो बीजेपी या आरएलडी के लिए और मुश्किल तय करेंगे।मेरठ , बिजनौर, पीलीभीत, कैराना , मुजफ्फरनगर , बागपत आदि में बीएसपी ने ऐसे कैंडिडेट तय किए हैं जो केवल बीजेपी को कमजोर कर रहे हैं।मोदी-शाह की जोड़ी का यह कमाल रहा है कि टिकट न मिलने पर भी असंतुष्ट बागी नहीं हो रहे थे। पर इस बार लोग टिकट न मिलने पर मुंह खोल रहे हैं। हरियाणा -राजस्थान , कर्नाटक , बिहार हर जगह असंतोष देखने को मिल रहा है। हरियाणा में टिकट न मिलता देख पहले बिजेंद्र सिंह गए उसके बाद उनके पिता चौधरी विरेंद्र सिंह भी कांग्रेस में वापसी कर ली। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता के।एस। ईश्वरप्पा पूर्व मुख्यमंत्री बी।एस। येदियुरप्पा के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है। ईश्वरप्पा ने पहले भी येदियुरप्पा और उनके परिवार पर आरोप लगाते रहे हैं।ईश्वरप्पा ने घोषणा की है कि वे शिवमोगा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार और मौजूदा सांसद बी।वाई। राघवेंद्र (येदियुरप्पा के बेटे) के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। वे यहां तक कह चुके हैं कि वे पीछे नहीं हटेंगे भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके घर आ जाएं।बिहार में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने भी टिकट कटने की अपनी कसक दिखाई है। जाहिर है कि मन से चुनाव प्रचार में अभी तक उतर नहीं सके हैं।राजस्थान में 2 बार भाजपा सांसद रहे राहुल कस्वां ने न केवल कांग्रेस का हाथ थाम लिया है बल्कि उन्हें कांग्रेस ने टिकट भी दिया । वैसे जानकर सूत्रों का कहना है कि मोदी व शाह कि जोड़ी है तो वह सब संभाल लेंगे ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

बोर्ड परीक्षा परिणाम को बड़ी सहजता से स्वीकार करें...

भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी
शिक्षक
प्रयागराज

विभिन्न राज्यों की बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने शुरू हो गये हैं। शीघ्र ही सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी घोषित हो जायेंगे।हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर जहां बच्चे बहुत तनाव में रहते हैं। वहीं इनके परीक्षा परिणाम भी बच्चों को बहुत तनाव ग्रस्त कर देते हैं। यह चीज तब आसान हो जाती हैं जब अभिभावक एवं अध्यापक बच्चों को परिणाम को लेकर सहज किए रहते हैं। वह बच्चे अत्यधिक तनाव से ग्रस्त हो जाते हैं जिनके मां-बाप अपनी उम्मीदें बच्चों के परीक्षा परिणाम से जोड़ देते हैं। जब बच्चों पर परीक्षा परिणाम का इतना ज्यादा दबाव बढ़ जाता है तो उसे भी महसूस होने लगता है कि जैसे यह उसके जीवन मृत्यु का फैसला है और बहुत बार ऐसा होता है कि बेहतर काउंसलिंग ना होने पाने के कारण बच्चों को परीक्षा परिणाम को सहजता से स्वीकार न कर पाने के कारण मां-बाप की उम्मीद और उनके भरोसे और उनके दबाव पर खरा न उतर पाने के कारण बच्चे गलत कदम उठा लेते हैं। जिससे न केवल वह अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं। बल्कि परिवार को भी अपार कष्ट और परेशानियां दे जाते हैं। अध्यापकों को भी बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम को वह चाहे जैसे रहे चाहे वह प्रतिशत में काम रहे चाहे डिवीजन में अच्छा न रहे या चाहे पास ना हो उसके लिए उन्हें हमेशा तैयार किए रहना चाहिए। क्योंकि किसी भी परीक्षा का एकमात्र परिणाम उसके जीवन मरण का प्रश्न कभी भी नहीं बनना चाहिए। अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को अच्छी शिक्षा दें उन्हें अच्छे से पढ़ाया लिखाएं उनकी जरूरत उनकी सुविधाओं का ध्यान रखें लेकिन वह उम्मीद वह आशा वह परसेंटेज का चक्कर इतना बड़ा नहीं होना चाहिए कि बच्चा वह दबाव बर्दाश्त ना कर पाए। हर बच्चों की अलग-अलग क्षमता होती है। हर बच्चों के पढ़ने का अपना ढंग होता है और हर बच्चे का परिणाम भी अलग-अलग होता है। इसलिए अभिभावकों के भी जिम्मेदारी है कि किसी के भी परीक्षा परिणाम किसी के अंक प्रतिशत से अपने बच्चों की तुलना ना करें।

आप यह मानकर चलें कि आपके बच्चे ने परीक्षा में जो परिणाम हासिल किया है वह उसकी सर्वोत्तम परिणाम है।उसको उसकी सच्चाई उसके परिणाम से आगे के लिए तैयार करें।आज प्रतियोगिता का जमाना है देखा जा रहा है हाई स्कूल इंटरमीडिएट में कम प्रतिशत वाले बच्चे भी आगे चलकर के बहुत अच्छा प्रदर्शन करके देश की सर्वोच्च सेवाओं में अपने को शामिल कर ले रहे हैं ।इसीलिए किसी एक परीक्षा से उसके संपूर्ण भविष्य का निर्धारण करना कहीं से भी उचित नहीं है। हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में किसी भी तरह से अगर कम अंक प्राप्त होते हैं तो उसके तमाम तरह के कारण हो सकते हैं।

बच्चों को घरेलू परीक्षाओं का अभ्यास रहता है। बोर्ड परीक्षा का फोबिया भी बच्चों पर हावी हो जाता है। जिससे भी उनका प्रदर्शन प्रभावित होता है।

बच्चों का जीवन परिवार के लिए अनमोल है।ये ईश्वर के द्वारा दिया गया सर्वश्रेष्ठ वरदान है।परंतु बच्चे इसे थोड़े से अवसाद या निराशा में ही खत्म कर देने की सोच लेते है। जिसके लिए अभिभावक स्वयं भी जिम्मेदार होते है।

लोगो को यह क्यों समझ में नही आता जब प्रत्येक व्यक्ति की अलग -अलग,अपनी -अपनी क्षमता होती है।जब एक ही माँ से पैदा हुई दो जुड़वाँ बच्चों के फिंगरप्रिंट एक जैसे नही होते तो फिर सोचिए काबिलियत एक जैसे कैसे हो सकती है।अभिभावकों को यह समझना होगा बच्चों के परीक्षा परिणाम अगर आशानुरूप नहीं हैं तो उसका कोई एक कारण ही नहीं होता है।बल्कि कभी कभी तो सामाजिक परिस्थितियों, मानसिक क्षमता, शारीरिक स्थिति भी बच्चों के विकास पथ की बाधक होती हैं।

इसलिए बच्चों के बोर्ड परीक्षा परिणाम को अभिभावक बड़ी सरलता और सहजता से स्वीकार करके आगे बढ़ने के प्रेरित करें। निःसंदेह वह भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ साथ जीवन में बेहतर परिस्थितियों से सामंजस्य भी स्थापित कर पायेंगे।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

भगवान बता

कैसा है भगवान बता,
अपनी कुछ पहचान बता
मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे रहता
अपना तू इक नाम बता।
तुझको मैंने देखा नहीं,
थोड़ा सा भी जाना नहीं।
खुद को कितनी जान सकी,
इसका भी इत्मीनान नहीं।
सच कहने पर सजा मिली,
जज का क्या ईमान बता।
जीना हो या जीते रहना,
मुश्किल या आसान बता।
लोग बेवफा मिले यहां,
जख्मी दिल या जां बता।
रोज ठोकर खाता हूं,
कुछ तो मेरा अंजाम बता।

मधु अरोरा
दिल्ली

हरी-भरी हो वसुंधरा

बहुमूल्य संपदा जिसके गर्भ में उपस्थित,
अवनि बरसाती जीवन सुख क्षण-क्षण।
कहती पृथ्वी मां प्रदूषण खत्म करो,
वेदना असहाय चुभती बहते अश्रु झर-झर।
मातृभूमि जीवनदायिनी मैं तुम्हारी,
पालन-पोषण करती पल-पल,
प्रथम कर्तव्य तुम्हारा भी है,
शुद्ध हो बहता जल कल-कल ।
प्राकृतिक सौंदर्य बिखरे धरा पर,
जलवायु हो शुद्ध कण-कण,
प्रसन्न हो हर जीव-जंतु,
प्रेम पुष्प ÷आनंद÷खिला हो जन-जन।
पर्वत, झील, नदियां, सागर,
पेड़, पौधे, वन,उपवन रत्न धन-धन
आंगन हो धरती का उपजाऊं,
मेघ बरसाएं सोम रस नेह घन-घन ।
मौसम बदलती ऋतुएं आती,
गुंजन करें मधुकर मधुर गुन-गुन
किसलय नव पल्लवित हो वृक्ष,
सुमन खिले रंग बिरंगे धरा पर चुन-चुन ।
सूरज की लालिमा चंदा की चांदनी फैली,
अंकुरित हो अन्न भूमि पर अमृत भर-भर,
आवस सुरक्षित हो पशु पक्षियों का,
ना हो बंधन और कोई डर-डर।
प्रयास करो हरी भरी हो वसुंधरा,
चहके पक्षी मदमस्त हो डाली-डाली,
झूमे मन मयूर नृत्य करें मनोहर,
गीत गाएं सुंदर कोयल काली-काली ।

मोनिका डागा ÷आनंद÷ ,
चेन्नई , तमिलनाडु

हनुमान् प्राकट्योत्सव

देह है लंगोट लाल , भूत प्रेत कोतवाल।
बालाजी सरकार के, नाम को ही धरिये।।
फंद सब छूट जाते, बस नाम मुख आते।
ऐसे महावीर का ही, नित ध्यान करिये।।
दुष्टों का संहार करे, धर्म का प्रचार करे।
कभी न आराम करे, मत अब डरिये।।
राम नाम है आधार, जगती खेवनहार।
आप सियाराम प्रिय, संकट को हरिये।।

नित्यानन्द पाण्डेय मधुर

अंजनि पुत्र वंदना

हे अंजनि के लाल,वंदन करूँ बारम्बार
दर्शन देकर मुझको,जीवन करो उध्धार
बन कर राम भक्त, राम भक्ति को पाये
पड़ी राम पर विपदा,तब साथ निभाये
सात समुद्र लांग,सिया का पता लगाये
अशोक वाटिका में, राम मुंदरी दिखाये
शिला पर राम लिख, राम सेतु बनवाये
रामदूत बनकर लंका,में संदेश पहुचाये
किया रावण कपट,तबहिं लंका जलाये
पड़े मूर्छित लखन, संजीवनी बूटी लाये
भयो जबहिं युद्ध,तब सामर्थ दिखलाये
रावण सेना मारि,न्याय की जीत कराये
युद्ध को जीत,राम को सिया से मिलाये
लौटे आयोध्या को,तब मंगल गीत गाये
भयो आश्चर्य तब ही,सीना चीर दिखाये
सियाराम की छवि,स्वयं ह्रदय में बसाये
प्रसन्न भये श्रीराम,हनुमत आशीष पाये
दियो वर हनुमत को,सब जन गुण गायें
दया करो मुझ पर,हे राम भक्त हनुमान
मैं अरुण अज्ञान,दो बुद्धि विवेक ज्ञान।

कवि अरुण चक्रवर्ती
गुरसहायगंज कन्नौज उत्तर प्रदेश

..निगाहों को बोलने दो...

कुछ कहती नहीं चुपचाप ही ये रहती हैं,
दर्द इन आँखों के, दबे पाँव ही बहती है,
लबों पर लगे रहते हैं, ख़ामोशी के ताले,
निग़ाहों के बोलने पे भी पाबंदी लगतीहै,
गर..इजाज़त हो दर्द-ए-बयान करने की,
लफ़्ज़-लफ़्ज़ दर्द अश्क़ बन टपकती है,
बहुत ही वफ़ा-परस्त होती हैं ये निग़ाहें,
मुस्कराहट में छुपाए ग़म, ये चमकती है,
ओढ़कर रंग-ए-सुर्ख ज़ब्त आज़माती है,
लफ़्ज़ों के ज़ख़्म खुद में समेट जाती है!

आश हम्द
पटना

अब नहीं है सही...

देख लिए हर प्रयास कर
यूं बेवजह मिन्नते करना
खुदको तकलीफ़ पहुंचाना
अब नहीं है सही...
हर वक्त अपनी खुशियों का
गला घोंटकर हर किसीको
खुश रखने में समय गवांना
अब नहीं है सही...
लाख परेशानियों का
सामना करने के बावजूद
कोशिशें मुकम्मल नहीं होती
तो दुबारा उसी रास्ते पर चलना
अब नहीं है सही...
एक ही ज़िंदगी है उसे
यूं किसी और के लिए
ऐसे धीरे धीरे ख़त्म करना
अब नहीं है सही...
अपना आत्मसम्मान दांव पर रख
एक दिन सब ठीक हो जाना है
इस उम्मीद में
खुदको जलील करते रहना
अब नहीं है सही...
तलाशना है अपना सुख
तराशना है खुदको अब
पहले से बेहतर बनकर
यूं किस्मत पर रोते रहना
अब नहीं है सही...

लक्ष्मी यादव
सांगली (महाराष्ट्र)

तुम्हारा वोट तुम्हारा भविष्य

वोट को बहन बेटी तुम समझो
अपराधी को मत दे देना
वोट तुम्हारी इज्जत आबरू है,
हत्यारे को मत दे देना
नोट लेकर, दारू लेकर
किसी को वोट, मत दे देना
झूठे जुमलो, वादों में फसकर
झूठों को वोट, मत दे देना
पांच साल में मौका आता,
अपनी तरक्की, हित ही देना
धर्म जाति से ऊपर उठकर,
देश प्रगति, हित ही देना
चंद दानों का लालच छोड़कर,
रोजगार हित ही, वोट देना
पैसों का लालच भी देंगे
अच्छी शिक्षा हित ही वोट देना
तुम्हारी समस्या संसद पहुंचाए जो,
इस नेता को ही वोट देना
किसान हक की बात करे जो,
उस पार्टी को ही वोट देना
बेरोजगार युवाओं की बात करे जो,
ऐसे पार्टी को ही वोट देना
सस्ती और अच्छी शिक्षा दे जो,
उस पार्टी को ही वोट देना
जाति धर्म से ऊपर उठकर,
पुरानी पेंशन हित ही वोट देना
निजी करण को रोक सके जो,
उस पार्टी को ही वोट देना
स्वास्थ्य, सुरक्षा, सीमा रक्षा हित,
इन मुद्दों पर ही वोट देना
धर्म की राजनीति करेगे फिर से,
इनसे बच कर ही वोट दे देना।

विजय सिंह राज

लव जिहाद

एक लड़का मुझको भाता था
इश्क था उसका नाम।
मेरी गली से रोज गुजरता
कभी सुबह कभी शाम।
मेरी पसंद और ना पसंद का
रखता था वो ख्याल बड़ा,
मेरे लिए कई बार तो वो
कई लड़कों से भी था लड़ा।
यौवन सौंदर्य से भरपूर थी मैं
वह भी था बांका नौजवान।
17 बसंत थे पार किए मैंने
इश्क कैसे न चढ़ता परवान।
घर के काम करो- बाहर मत जाओ,
दिन-रात पढ़ो तुम खूब।
घर वालों के ताने सुन सुन कर
मन गया था मेरा ऊब।
एक वही तो था जो मुझे समझता,
मन मेरा बहलाता था।
एक कॉल करने पर अपने
काम छोड़ आ जाता था।
एक वही तो सच्चा यार था,
संग जिसके मिलता मुझे सुकून।
साथ उसके जीने मरने को
अब मेरे सर पर चढ़ा जुनून।
मना मना कर घर वालों को
जब मन मेरा गया हार।
उसकी खातिर फिर मैंने
छोड़ा अपना घर संसार।
सोचा अपनी सखियों को
बताऊं मैं अपनी जीत का किस्सा।
कॉल लगाया एक-एक को
श्रद्धा टीना चंदा वर्षा।
सुनकर उनकी आप बीती
मेरी रूह तो जैसे कांप गई।
कैसे झूठे प्रेम जाल में
पढ़ी लिखी भी फंस गई।
जाने क्या था मन में उसके
जो प्यार का उसने व्यूह रचाया।
संग था जिसके जीने का सपना,
उसी ने मौत का सेज सजाया।
घर लौट आई मैं उसी पल,
समय रहते मैं तो संभल गई।
मेरी सीख जो तुम तक पहुंचे,
मेरी लेखनी मानो सफल हुई।

लक्ष्मी वर्मा प्रतीक्षा
खरियार रोड, ओडिशा।

हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़- प्रखंड संडवाचंद्रिका प्रतापगढ़ में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के निर्देशन में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम संचालन अध्यक्ष सुनील सिंह जी के द्वारा हुआ प्रत्येक वर्ष की भांति हिंदू समाज की जनजागृति के लिए यह आयोजन चल रहा है जिसमे समाज के सभी वर्गों के प्रबुद्ध लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है शोभायात्रा के रास्ते पर जगह जगह लोगो ने जलपान की सुंदर व्यवस्था की पुलिस प्रशासन ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया शोभायात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने में रामदेव शर्मा राहुल सिंह ,केशव मिश्र ,भोला वर्मा ,अखिलेंद्र सिंह, मुकेश फौजी भोला मिश्र नरसिंह बहादुर सिंह आदि ने अपना बहुमूल्य समय व सहयोग प्रदान किया संगठन के जिला अध्यक्ष नागेंद्र जी चंदन जी संगठन मंत्री दीपक दुबे संयोजक व महिला शक्ति की तरफ से पूनम पांडे जी अपने टीम के साथ मौजूद रही।

धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव,श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़ – हनुमान जी की जयंती पर मंगलवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। जनपद में जयंती धूमधाम से मनाई गई।कटरा रोड संजय मार्केट स्थित मां दुर्गा मंदिर पर मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुंदरकांड के बाद भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लोक कलाकार भानु सिंह एवं उनकी टीम के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। संचालन दीपक उपाध्याय, शिवम श्रीवास्तव ने किया। विधायक पुत्र पिंटू मौर्य, एडवोकेट केपी चतुर्वेदी,सुधीर सिंह,राघवेंद्र शुक्ल,रिंकू मिश्र,संजय विश्वकर्मा, विक्रम सिंह,आनंद चतुर्वेदी,राजेश सिंह बरिया समुद्र,राहुल उपाध्याय,चन्दन सिंह,पप्पू शर्मा,श्रीनाथ यादव, सोनू जैन,पप्पू यादव,रोहित उपाध्याय समेत लोग सहयोग में लगे रहे।

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। क्षेत्रमें हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के भद्री डुहिया निवासी कमलेश कुमार पटेल 45 वर्ष पुत्र मुन्ना लाल, लालजी पटेल 30 वर्ष पुत्र शिवमंगल, साजन पटेल 28 वर्ष पुत्र अनिल पटेल तथा रिश्तेदार सुरजीत सिंह 32 वर्ष पुत्र शीतल प्रसाद सभी लोग बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। मानिकपुर थाना क्षेत्र के लखपेड़ा निवासी ज्ञानचंद 40 वर्ष पुत्र कमलेश यादव बाइक से जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जनपद बाराबंकी के मसौली थानांतर्गत सादातगंज निवासी कुलदीप ओझा 25 वर्ष पुत्र कृष्ण नारायण ओझा तथा विजय कुमार 30 वर्ष पुत्र बृजलाल दोनों लोग राष्ट्रीय राजमार्ग से बाइक से एक साथ जाते समय रास्ते में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए।

प्रतिभाशाली छात्र को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर-प्रतापगढ़। इण्टर की बोर्ड परीक्षा में कालेज टाप करने पर प्रतिभाशाली छात्र को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित दी शुभकामनाएं एवं बधाई स्थानीय बाजार स्थित सुख पति राम इण्टर कालेज में हण्डौर गांव निवासी नबाब सलमानी का पुत्र शोयब सलमानी कक्षा बारह इण्टर की बोर्ड परीक्षा में टाप कर पूरे कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ गुरुजनों व कालेज का नाम रोशन किया है कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने प्रतिभाशाली छात्र शोयब सलमानी को कालेज प्रांगण में सम्मानित किया गया

प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर उज्वल भविष्य की बधाई देते हुए प्रतिभाशाली छात्र को शुभाशीर्वाद दिया प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी छात्रों को लगन के साथ पढ़ना चाहिए लगन से कार्य करने वाले की सफलता कदम चूमती है शोयब सलमानी की मेहनत व लगन का प्रतिफल सामने दिखाई दे रहा है सभी छात्रों को शोयब सलमानी का अनुसरण करना चाहिए जिससे सुख पति राम इण्टर कालेज के छात्र जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में अपना नाम रोशन करते हुए परचम लहराए ऐसे ही छात्र अपने माता-पिता के साथ साथ अपने गुरुजनों कालेज व क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। इस मौके पर वर्तिका पाण्डेय,अशोक कुमार पाण्डेय, रमेश चंद्र तिवारी, शारदा प्रसाद चतुर्वेदी, रज्जन लाल, सुजीत कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार शर्मा,आलोक त्रिपाठी, सरस्वती प्रसाद तिवारी, दिलीप कुमार, मनोज कुमार,राजधर दूबे आदि मौजूद रहे ।

कार और बाइक की टक्कर में पिता पुत्र जख्मी

प्रतापगढ़ – कंधई थाना क्षेत्र के दारिमाधव गांव में ताज पेट्रोल टँकी के सामने तेज गति से आ रही कार ने आगे चल रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार पेट्रोल लेने के लिए टंकी की तरफ मुड़ रहा था, तभी पीछे से आ रही स्वीफ्ट कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार संतोष कुमार सरोज उम्र 35 वर्ष पुत्र रामलौट,अथर्व उम्र 7 वर्ष पुत्र संतोष कुमार निवासी पयागपुर औरिस्ता दोनो गाड़ी के साथ सड़क के किनारे जाकर गिर पड़े।संतोष कुमार सरोज का पैर फ्रैक्चर हो गया तथा पुत्र अथर्व के सिर में भी चोट आया है।एक हफ्ते के भीतर कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत दीवानगंज चौकी के आस पास आधा दर्जन से ज्यादा दुर्घटनाएं हुई, जिसमे दीवानगंज की एक महिला की मौत भी हो चुकी है।घर पहुँचने की जल्दी और गाड़ी चलाने की लापरवाही से लोग मौत को दावत दे रहे हैं। फिलहाल सावधान रहें सतर्क होकर गाड़ी ड्राइव करे जिससे आप सुरक्षित अपने परिवार के बीच पहुँच सके।मामला कंधई थाना क्षेत्र के दारिमाधव ताज पेट्रोल टंकी के पास आज सुबह 9-20 का बताया जा रहा है।

जेके चैरेटेबुल ट्रस्ट द्वारा आयोजित हुआ विशाल भंडारा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। नगर के ट्रेज़री चौराहे निकट स्थित हनुमान मंदिर पर बल बुद्धि निधान और रामदूत हनुमान जयंती के अवसर पर जेके चैरेटेबुल ट्रस्ट द्वारा पवनसुत हनुमान जी का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ट्रस्टी उच्च न्यायालय लखनऊ के अधिवक्ता विनोद कुमार पाण्डेय ने पूजन अर्चन कर देश वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली हेतु कामना की । इसके उपरांत दोपहर से विशाल भण्डारा का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने भणडारे का प्रसाद ग्रहण किया।देर शाम तक भण्डारा चलता रहा और भक्तों की भीड उमड़ी रही। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, अधिवक्ता आशीष उर्फ तिंनु , जूबाए के पूर्व अध्यक्ष व उच्च न्यायालय लखनऊ के अधिवक्ता विनोद कुमार पाण्डेय, शिवेश शुक्ल एडवोकेट, अजय शर्मा, प्रदीप चित्राशी, आलोक सिंह सहित आदि शामिल रहे।

कुएं में मिला युवती का शव, परिजनों में कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में मंगलवार की सुबह युवती का शव कुएं में मिलने से हडकंप मच गया। गांव के समीप कुएं मे सुबह ग्रामीणों को एक शव उतराया दिखा। शोरशराबा सुनकर गांव के लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस तथा फायर बिग्रेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। फायर बिग्रेड की टीम ने कुएं में पानी भरवाकर शव बाहर निकलवाया। शव क्षत विक्षत हो गया था।

शव की पहचान गांव के रामदयाल गुप्ता की पुत्री अन्तिमा गुप्ता 25 के रूप में हुई। शव देखते ही अंतिमा के परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। जानकारी के मुताबिक मृतका अंतिमा बीती तेरह अप्रैल को गृह कलह से क्षुब्ध होकर दोपहर घर से निकली थी। परिजनों ने उसकी तलाश किया किंतु पता नही चल सका। इस बीच परिजनों की तहरीर पर तेरह अप्रैल को उदयपुर पुलिस ने बेनीदीन का पुरवा नसीरपुर निवासी दिनेश तिवारी के पुत्र राजेश के खिलाफ अंतिमा के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस ने राजेश से पूछताछ की किंतु कोई ठोस जानकारी नही मिल सकी। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

साई भक्त शैलेंद्र मिश्र को मातृशोक

प्रतापगढ़। बलीपुर निवासी जगवंती प्रेस और जगवंती पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर साई बाबा के भक्त शैलेंद्र मिश्र की माता श्रीमती शांति मिश्रा का मंगलवार भोर में निधन हो गया। वह लगभग 84 वर्ष की थीं और काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। वह अपने पीछे तीन पुत्रों शैलेंद्र नाथ मिश्र, सत्येंद्र नाथ मिश्र, शिवेंद्र नाथ मिश्र, दो पुत्रियों और नाती-पोतों से भरापुरा परिवार छोड़ गई हैं।परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पहले उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। परिजन उन्हें पीजीआई लखनऊ ले गए थे। मगर दो दिन पहले चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद परिजन उन्हें घर ले आए। जहां उन्होंने मंगलवार भोर आखिरी सांस ली। माताजी की अस्वस्थता को देखते हुए शैलेंद्र मिश्र ने पिछले लगभग दो साल से खुद को व्यापारिक गतिविधियों से अलग कर लिया था। उन्होंने दोपहर से पहले का समय पूरी तरह से माताजी की सेवा में अर्पित कर दिया था। उनको स्नान-ध्यान कराने के पश्चात खुद के कार्य करते थे। माताजी की सेवा के बाद जो समय बचता वह साई बाबा की सेवा में लगाते थे। शाम को फिर माताजी की सेवा में उपस्थित हो जाते थे। यह उनका नित्य का कार्यक्रम था जो रात लगभग 11 बजे रात तक जारी रहता था।

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, आज घर आएग शव

कुंडा-प्रतापगढ़। जीवकोपार्जन के लिए दिल्ली में रह रहा युवक अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । जानकारी पर परिजन दिल्ली रवाना हो गए हैं। आज बुधवार को सुबह तक शव आने की संभावना है।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के गोबरा लरू निवासी आलोक यादव 35 वर्ष पुत्र राम नरेश यादव जीवकोपार्जन के लिए पत्नी एवं दो बच्चों समेत बीते कई वर्षों से दिल्ली शहर में रहता था। ससुराल में शादी होने के कारण पत्नी दिल्ली से अपने मायके चली आई थी। पति आलोक अकेले ही दिल्ली में था। सोमवार को अज्ञात कारणों से अपने घर के अंदर आत्महत्या करने के लिए फांसी के फंदे पर झूल गया था। आलोक के मौतकी खबर जब परिजनों को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। पिता राम नरेश समेत अन्य परिजन शव लाने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। बुधवार की सुबह तक शव घर आने की संभावना है

पीबीपीजी कालेज सिटी में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में सत्र 2024 - 25 में स्नातक के विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रवेश ''पहले आओ, पहले पाओ'' के आधार पर किया जा रहा है।बी.ए, बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. के लिए अलग - अलग प्रवेश काउंटर बनाये गए हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र - छात्रायें समस्त कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक महाविद्यालय से फॉर्म प्राप्त कर प्रवेश ले सकते हैं। विश्व-विद्यालय द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश मेरिट के आधार पर हो रहा है। इस बार पुस्तकालय व प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है।

भगवान का नाम लेने से समस्त पापों से मिलती है मुक्ति -राहुल जी महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

सगरा सुन्दरपुर, प्रतापगढ़ । तिना दुबान में हो रही भागवत कथा में कथा व्यास राहुल जी महाराज ने कहा कि श्री सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा कहते हुए बताया कि प्रभु का नाम ही समस्त पापों का नाश करने वाला है। उन्होंने कहा कि अजामिल समस्त पापों से भरा होने के बाद भी अपने अंतिम क्षण में अपने पुत्र नारायण को जिसका नाम नारायण था। बार बार पुकारता रहा। श्री नारायण के नाम को याद करने के कारण वह समस्त पापों से मुक्त हो गया। आगे अपने कथा में बताते हुए उन्होंने प्रहलाद , श्री वामन भगवान, और श्री नरसिंह की कथा को भक्तों को विस्तृत रसपान कराया। सीताराम सीताराम सीताराम कहिए ,हर पल तुम्हारी याद आती रहे मोहन ये वाणी तुम्हारे गुण को गाती रहे। आदि भक्ति भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।` इसके साथ भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म की कथा भी सुनाई । नैना पलक बिछाए कन्हैया आ जाओ के भक्ति भजन पर भक्ति गण श्रोता नाचते और थिरकते हुए भी दिखे। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती उमावती दुबे व रमापति दुबे रहे। कथा में मुख्य रूप से सुरेश मिश्र(मदन मिश्र) उमापति मिश्र,लक्ष्मीधर दुबे, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, सुरेश ओझा, उमापति दुबे, संतोष दुबे ,डॉक्टर दयाशंकर, सुशील दुबे ,हरिशंकर दुबे ,विपिन दुबे, प्रभाकर मिश्रा, शिवाकांत पांडे, गौरीशंकर दुबे, राम चरन, प्रेमशंकर सूरज, सत्यम आदि भक्तगण मौजूद रहे।

आवारा पशु को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटी कार,बाल बाल बचे लोग

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार प्रतापगढ़-बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार में स्थित प्रकाश मेडिकल स्टोर के संचालक भारतीय प्रकाश यादव एवं उनके पुत्र शशि मणि यादव जो की सोमवार को मिरिया करेटी के पास एक रिश्तेदार के यहां तिलकोत्सव में गए हुए थे। वहां से वापस आते समय लगभग 12-30 बजे रात्रि में बिहार कुंडा रोड पर झंडापुर में अचानक से एक आवारा पशु सामने आ गया और जिसको बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई । जिससे गाड़ी पर सवार दोनो लोग बाल बाल बचे। भारतीय प्रकाश यादव को सीने में आई मामूली सी चोट। जिसको राहगीरों ने देखा तो पहचान कर उनको उनके बिहार बाजार में स्थित दुकान पर पहुचाया।

डायल 112 की निष्क्रियता के चलते वृद्ध की गई जान

लोकमित्र ब्यूरो

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़- कोतवाली देहात अंतर्गत भुवालपुर किला सुगाहीबाग स्थित जयसवाल भट्ठा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत हो गई।जौनपुर जनपद के मुंगरा बादशाहपुर मछली गली निवासी अली हसन राईन उर्फ ननकू 65 वर्ष कल 22 अप्रैल को सुबह 9-00 बजे घर से साइकिल से निकले और सुगाहीबाग स्थित जयसवाल भट्ठे के पास साइकिल खड़ी करके जमीन पर लेट गए । वृद्ध को बेहोश देखकर भट्ठे वालों ने डायल 112को सूचना दी। लगभग 9-00 बजे रात को डायल 112 के सिपाही मौके पर पहुंचे तथा वृद्ध को देखकर वापस चले गए। सुबह लोगों ने देखा तो नल के पास गड्ढे में अली हसन की लाश मिली। लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे कोतवाल देहात विनीत उपाध्याय कटरा मेहंदी गंज चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पांडे प्रतापगढ़ सिटी चौकी इंचार्ज सूर्य प्रताप सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे । अली हसन के जेब में मिले कुछ नंबरों से संपर्क करने पर घर वाले एव रिस्तेदार मौके पर पहुंचे। कटरा मेदनीगंज निवासी गफ्फार राईन के यहां मृतक की लड़की ब्याही हुई है ।सूचना पर घर वाले एवं रिश्तेदारों का जमावड़ा हो गया। परिजनों के द्वारा मृतक कल सुबह साइकिल लेकर के घर से गायब थे। उनके पास मोबाइल न होने की वजह से उनकी कोई लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मौके पर पहुंचे घर वालों एवं रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल था।

मतदान प्रतिशत में जनपद प्रतापगढ़ आगे रहे- सीडीओ

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला की गई आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के आदेशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वीप की एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि हम सबका यह प्रयास रहे की मतदान प्रतिशत में अपना जनपद आगे रहे, इसके लिए हमें सभी जनपद वासियों को जागरूक करना होगा ताकि हम मतदान के दिन श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके। जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने कहा कि हम जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत जनपद वासियों को पूर्ण रूप से जागरूक करके आने वाले निर्वाचन में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप सरदार सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता के अंतर्गत हम बहुत से कार्यक्रम संपन्न करवा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जनपद का मतदान प्रतिशत बहुत बढ़ेगा। डॉ मोहम्मद अनीस एवं धर्मेंद्र ओझा ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया और सभी से अपील की गांव-गांव शहर शहर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें जिससे कि अपने जनपद प्रतापगढ़ का मतदान प्रतिशत आगे बढ़े। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा डॉ विंध्याचल सिंह सहित डॉ मोहम्मद अनीस, धर्मेंद्र ओझा, आजाद अहमद, राघवेंद्र पांडे, प्रमोद तिवारी, डॉ राजेंद्र अनिल नील और यूथ एंबेसडर अजय क्रांतिकारी आदि उपस्थित रहे

हनुमान जयंती पर हनुमान मंदिरो मे उमड़े श्रद्धालु

आरती पूजन के साथ जगह जगह हुआ भण्डारा, निकली शोभायात्रा

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिले के हनुमान मंदिरो में श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तो ने शोभायात्रा निकाली। साथ ही पूजन आरती के बाद भण्डारे का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुो ने प्रसाद ग्रहण किया।

बताते चले कि देश भर में हनुमान जयंती का पर्व अधिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। हनुमान जयंती साल में दो बार मनाई जाती है। पहली चैत्र माह में और दूसरी कार्तिक माह में इस बार चैत्र माह की पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाई जा रही है हनुमान जयंती के दिन बजरंग बली की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही जीवन के दुखो से छुटकारा पाने के लिए व्रत भी किया जाता है। लोग सुंदरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा का पाठ भी करते है। माना जाता है कि कथा का पाठ करने से साधक के जीवन में सुख और शांति का आगमन होता है। इसी प्रकार प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में हनुमान महाराज की जयंती पर विभिन्न आयोजन भक्तो द्वारा किया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तो की भारी भीड़ रही। मंदिर परिसर फूल मालाओ, विद्युत झालरो एवं गुब्बारो से सजाया गया था। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने भी हनुमान महाराज, राम दरबार, माताजी भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन अर्चन किया। साथ ही भव्य श्रृंगार करके तथा केक काटकर महाआरती की। इस दौरान सूरज कुमार उमरवैश्य, शनि महाराज, सोनू महाराज, अनिल कुमार, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, राम गोपाल, कपिल देव, प्रमोद कुमार, तुलसीराम, अमन गुप्ता, दिनेश कुमार, आशीष कुमार, सुरेश कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानन्द आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार ट्रेजरी चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भक्तो ने हनुमान चालीसा के साथ ही सुंदरकाण्ड पाठ भी किया। साथ ही आरती की गई। इसके पश्चात भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जुबाए के अध्यक्ष रोहित शुक्ला, भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह, चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय पत्रकार, राजेश मिश्र बाबा समेत सैकड़ो हनुमान भक्त मौजूद रहे। इसी तरह लोगो ने अपने घरो में भी हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ करने के साथ ही पूजन अर्चन किया। साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया।

हनुमान जमोत्सव पर हुआ भंडारा का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर-प्रतापगढ़। हनुमान जमोत्सव पर मंगलवार को क्षेत्र के मिश्रपुर स्थिति सचिवालय के पास शिव मंदिर हनुमान जन्मोत्सव पर सुन्दर काण्ड पाठ किया गया पश्चात आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर प्रधान अजय कुमार तिवारी, दिलीप कुमार तिवारी घनश्याम तिवारी, शिवकुमार तिवारी, राजेश तिवारी, पूर्णेन्द तिवारी संजय पाण्डेय,रितेश तिवारी आदि मौजूद रहे।इसी क्रम में सगरासुंदरपुर बाजार में विविध कार्यक्रम हुये।रत्नाकर तिवारी के संयोजन मे लक्षमणपुर रोड पर सुंदर काण्ड पाठ ,आरती, भंडारा का आयोजन किया गया।बाजार में कई स्थानों पर हनुमान जी की पूजा आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।जगह जगह पर आयोजित कार्यक्रम में भक्तों का तांता लगा रहा।भगवान श्रीराम, व हनुमानजी के जयकारों से माहौल भक्ति मय रहा।इस अवसरपर व्यापारियों ने राहगीरों को शर्वत ,प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर संजय शुक्ल समाजसेवी, आदर्श गुप्ता, राहुल तिवारी, ऋषभ तिवारी, शुभम तिवारी, रामकरन विश्वकर्मा, सचिन जायसवाल, मनोज शुक्ल, यशी तिवारी, धीरज तिवारी, रामनयन वर्मा आदि मौजूद रहे।

ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

बिहार /प्रतापगढ़ –पीथीपुर गांव के पास ओवरलोड बालू लाद कर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। ट्रैक्टर छोड़कर ड्राइवर ने भागने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। उसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत मे ले लिया।परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। बाघराय थाना क्षेत्र के पीथीपुर गांव गोखईपुर के राममिलन पटेल उम्र 50 वर्ष पुत्र झल्लर पटेल किसी काम से भैंसा चौराहा जा रहे थे। अचानक ओवरलोड बालू लाद कर महिंद्रा ट्रैक्टर पिथीपुर गांव की ओर आ रहा था। बाइक सवार अधेड और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गई। उसके बाद राममिलन पटेल ट्रैक्टर की चपेट में आया गया तथा मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने दौड़कर चालक को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने बाघराय पुलिस को सूचना दी मौके पर थाना प्रभारी निकेत भारद्वाज पुलिस टीम के साथ पहुंचकर ट्रैक्टर और चालक को हिरासत मे ले लिया। वही परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। परिजनों ने आर्थिक मदद की मांग की।पुलिस प्रशासन परिजनों को मानाने मे जुटी है। परंतु परिजनों के न मानने की स्तिथि में तहसीलदार कुंडा मौके पर पहुंचे, तो ग्रामीणों ने चार सूत्रीय मांगो को लेकर उपजिलाधिकारी कुंडा को संबोधित ज्ञापन तहसील दार महोदय को दिया। जिसमें दुर्घटना बीमा,जिलाधिकारी क्षतिपूर्ति से सहायता,शासन से 25 लाख रुपए मदद तथा गुजर बसर हेतु जमीन का पट्टा दिलाने संबंधी ज्ञापन पर तहसीलदार महोदय के उक्त सभी मांगों को मानने के आश्वासन के बाद लाश पोस्ट मार्टम के लिए जाने हेतु ग्रामीण व परिजन राजी हुए। इस दौरान बाघराय थाना अध्यक्ष निकेत भारद्वाज ने बताया कि ट्रैक्टर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बस स्टैण्ड पर व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी का एक और आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा कर्वी बस स्टैण्ड से व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी घटना का सफल अनावरण करते हुये एक और टप्पेबाज चोर को 01 लाख 10 हजार रूपयें एवं चोरी में प्रयुक्त की गयी मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 6 अप्रैल को कर्वी बस स्टैण्ड से सोने-चांदी के व्यापारी भगवान सिंह पुत्र स्व गनेश सिंह निवासी हरतीरथ, कोतवाली काशी कमिश्नरेट वाराणसी के साथ अज्ञात चोरों ने उनका चांदी की वस्तुओं से भरा बैग रोडबेज बस से चोरी कर लिया था।

घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा वाहन जांच की गयी। जिसमें एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल जिस पर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसे निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह एवं आरक्षी राहुल देव, शुभम शर्मा, पवन राजपूत ने मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम ननके प्रसाद निवासी गनेशपुर थाना एकौना जिला श्रावस्ती बताया। आरोपी की जमा तलाशी से 1 लाख 10 हजार रूपया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीती 6 अप्रैल को बस स्टैण्ड कर्वी में रोडबेज बस स्टैण्ड से जो चांदी का बैग उसने, अमरनाथ निवासी गोहनारपुर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर, राममिलन निषाद निवासी जठठहवा मजरा रामनगर महुआर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर, इन्दल उर्फ राजेन्द्र सिरवां चौकी बुदनपुर थाना अतरौलिया जिला आजमगढ ने चोरी किया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी डिस्ट्रिक्ट निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश कुमार राय ने डिस्ट्रिक्ट निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर सी-ने पोर्टल,1950 मतदाता हेल्पलाइन नं0 में प्राप्त शिकायतो का फीडबैक लिया एवं सोशल मीडिया स्वीप गतिविधियों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने ली सामान्य निर्वाचन की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों की बैठक

चित्रकूटः जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कैंप सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया 26 अप्रैल से तेज गति से बढेगी। उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिए गए हैं, उसे तत्परता के साथ समय से करें। उन्होंने स्वीप के अंतर्गत हो रहे कार्यों की जानकारी लिए एवं सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में हो रहे मतदान को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों के पास वोटर लिस्ट होनी चाहिए एवं वोटर पर्ची सही से वितरित कराएं। उन्होंने कहा कि हर दिन का डाटा इलेक्शन कमीशन को भेजा जाना है। उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी आलोक सिंह को निर्देशित किया कि रामघाट, हनुमान धारा जैसे दर्शनीय स्थलों से रील बनवाकर मतदाता जागरूकता कराएं। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिया गया है, उसे मनोयोग से समय से कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे शरीर के लिए है घातक - जिला संगठन मंत्री

चित्रकूटः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट कानपुर प्रांत द्वारा एसएफडी आयाम के तहत विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें जिले के विद्यालय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। किस तरह से हमारा पर्यावरण हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बार पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक मतलब प्लेनेट के लिए प्लास्टिक कितना ज्यादा हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे शरीर के लिए बहुत ही ज्यादा घातक है। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि प्लास्टिक की बोतल से हमारे शरीर में माइक्रो प्लास्टिक अंदर जा रहा है। जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां फैल रही है। एक रिसर्च में पाया गया कि एक एटीएम कार्ड के बराबर माइक्रो प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे के माध्यम से नालियों, नदी में जाकर जल जीव के जीवन के लिए घातक बन रहा है। हमें ज्यादा से ज्यादा कपडे से बने थैलो का उपयोग करना चाहिए। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद हो सके। विद्यालयों में जाकर छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्हें साल में दो पौधे लगाना, उनका संरक्षण करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, जानवरों के प्रति सेवा भाव रखने की प्रतिज्ञा दिलाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर्वी नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए गए। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री राम, प्रियांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 65 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की।चौकी प्रभारी शिवरामपुर उप निरीक्षक सत्यपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही द्वारा मुकेश निवासी नई बस्ती शिवरामपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार रैपुरा थाना के उप निरीक्षक शिवसागर दुबे तथा उनके हमराही द्वारा संतोष निवासी भखरवार को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता एवं आरक्षी सुरेन्द्र द्वारा सत्यनारायण रैकवार निवासी गोलतालाब कुंजनपुरवा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

फर्जी तरीके से अभियोग पंजीकृत कराने वाली महिला के खिलाफ कार्यवाही की मांग

चित्रकूटः अतर्रा के अधिवकता बृजेश द्विवेदी ने बताया कि जय माता दी पैकेजिंग को चित्रकूट के धौरहरा ग्राम की रेत खदान अवंटित है। इस कंपनी में कुल चार पार्टनर रघुवेंद्र दूबे, मोहम्मद खालिद, चारू गुप्ता व अमन श्रीवास्तव है, लेकिन बीते कुछ समय से इन्ही में से एक पार्टनर चारू गुप्ता 25 जनवरी को खदान में आई व वहा उपस्थित कर्मचारियों से बदसलूकी की। उन्हें गाली गलौज करते हुए अवैध असलहे दिखाए। आरोप लगाया कि वहा से सारे पैसे लूट ले गई और अपने साथ अपनी कुछ महिला मित्र भी लायी थी। जिन्होंने वहा के स्टाफ को फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी भी दी। इसके बाद बीती 8 अप्रैल को डीएम ऑफिस व एसपी ऑफिस में फर्जी तहरीर दी की, उन्हें कोई हिसाब नही दिया जा रहा व उनके साथ 6 करोड की ठगी करी गई है। जिसमे से 4 करोड उन्होंने ने मोहम्मद खालिद को नगद दिए है।

अधिवक्ता ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम सरधुवा क्षेत्र के ग्राम कुसैली में एक बालू डंप है। वहां से जबरन धन उगाही के लिए चारू गुप्ता उन्हें जान से मरने की व फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी दे रही है। जिसकी शिकायत उन्होंने की है। इसके अलावा मोहम्मद खालिद ने बताया कि चारू गुप्ता उन्हें झूठे मुकदमों में फसाने व फर्जी तरीके से 6 करोड की मांग कर रही है। उनकी इस तहरीर पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस घटना के लगभग बारह दिन बाद 20 अप्रैल को चारू गुप्ता ने सारधुआ थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जबकि पूर्व में चारू गुप्ता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में अलग घटना दर्शाया गया था। दोनों तहरीरों को पढ़कर यह साफ हो जाता है कि चारु गुप्ता ने फर्जी तरीके से रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता बृजेश द्विवेदी और मोहम्मद खालिद ने महिला द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मामले को समाप्त करने व महिला पर फर्जीवाडे का मामला दर्ज करने की मांग की।

तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा करन निवासी गल्ला मण्डी अलोपीबाग के पास थाना दारागंज जनपद प्रयागराज को 1 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

दो पक्षों में हुई मारपीट, शिकायत

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव का मजरा अल्पी का पूरा में जमीन विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा का मजरा अल्पी का पूरा गांव के रहने वाले महेश पुत्र शीतल प्रसाद ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की जमीनी विवाद के चलते पड़ोसी ने परिवार के साथ मिलकर सोमवार की रात हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित की माने तो दो दिन पहले भी मारपीट होने पर सिराथू चौकी पुलिस ने शान्ति भंग के तहत कार्रवाई की थी। इस बाबत सैनी कोतवाल जयचंन्द्र कुमार शर्मा का कहना है की तहरीर मिली है जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 311/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सचिन कुमार सिंह बनाम अल्का सिंह
बनाम
अल्का सिंह उम्र 31 साल पत्नी सचिन कुमार सिंह पुत्री अरविन्द कुमार सिंह निवासी ऊँचगांव पो0 बलवरगंज थाना सुजानगंज जिला जौनपुर उ0प्र0
अ0धारा 9 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 13.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रतापगढ़
मु0नं0 169/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती सुनीता देवी आदि बनाम राकेश कुमार
बनाम
राकेश कुमार पुत्र मुन्ना लाल निव नेकनामपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़
अं0 धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 25.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

डग्गामार बस की टक्कर से अधेड़ की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार/ प्रतापगढ़ -क्षेत्र के धनवासा चौराहे पर कमासिन बाजार से प्रयागराज के लिए चलने वाली डग्गामार बस की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई।मृतक अधेड़ दिवाकर तिवारी की उम्र लगभग 55वर्ष तथा मुख्य मार्ग कमासिन वाया प्रयागराज में ही धनवासा चौराहे पर घर है किसी कार्य बस सड़क के नजदीक ही थे, कि कमासिन से प्रयागराज जा रही बस ने जोरदार टक्कर मार दी। ,टक्कर मार कर बस ड्राइवर मौके से बस को लेकर प्रयागराज के लिए निकल गया। दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने श स्थानीय डाक्टरों के परामर्शानुसार स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल के लिए निकल गए,लेकिन वहां पहुंचते ही अधेड़ की मृत्यु हो गई। तब परिजन उक्त मृतक को लेकर वापस लौट आए। अचानक दुर्घटना से हुई मृत्यु के बाद परिवार गमगीन था, कि शाम को वही बस पुनः प्रयागराज से कमासिन के लिए लौट रही थी। मृतक के परिजनों व स्थानियों का पारा चढ़ गया और गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने बस को रुकवा दिया तथा भारी भीड़ जमा हो गई। किसी माध्यम से बाघराय पुलिस को सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई बता दें कि खबर लिखे जाने तक मामला शांत नही हुआ था।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 72/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शिल्पा बनाम संजय
बनाम
संजय उम्र लगभग 23 वर्ष सुत राम बहादुर निवासी गांव व पोस्ट अतरसंड थाना कोहंडौर जिला प्रतापगढ़
अं0धा0 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 26.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सराय अकिल में निकली विश्व हिंदू परिषद की भव्य शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नेवादा ब्लॉक से सराय की कस्बे तक विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भगवान श्री राम की शोभा यात्रा को निकाला गया। यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पैदल पूरे नगर में भ्रमण किया। इस मौके पर सुरक्षा के बीच से पुलिस ने चकाचक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। यात्रा की अध्यक्षता अवधेश नारायण शुक्ला ने किया जबकि संचालन संगठन के जिला सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने किया। भगवान श्री राम के मंदिर स्थापना के बाद मनाई जा रहे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर नगर वासीयो में भारी उत्साह रहा।

इस मौके पर बोलते हुए संगठन के अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि आज 500 साल बाद देश में भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है वह भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर यह भारत के हिंदुओं की आस्था और उनके धैर्य की पराकाष्ठा है जो आजादी के 70 पाल बाद उन्हें अपने पूज्य का मंदिर मिला वह भी प्रजातांत्रिक के सभी मूल्य का पालन करते हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जबकि दूसरे धर्म के लोगों ने देश बनने के साथ ही पाकिस्तान और बांग्लादेश में सैकड़ो हिंदू मंदिरों पर धराशाई कर दिया था यह हमारे प्राचीन मजबूत संस्कृत को दिखाता है। इस मौके पर बोलते हुए संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि हम सभी सनातन के धर्म लंबियों को अब एकजुट होकर संगठित रूप से काम करना होगा नहीं तो यह भी धर्मी अब भारत को फिर से तोड़ने में लगे हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे को लगाने वालों को भारत माता के पुत्र मिट्टी में मिलने के लिए तैयार बैठे हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री पर प्रकाश राय, यशवंत यादव, भुवनेश्वर तिवारी, राकेश मिश्रा, देवमणि मिश्रा, पिंटू पांडे, भारत केसरवानी, शिवाकांत मिश्रा, आशीष जैन, संजय प्रजापति, शिव प्रसाद गुप्ता पप्पू, अनिल अग्रहरि, अभिषेक शुक्ला, गुड्डू, मनोज, नागेंद्र सिंह, वरुण पाण्डेय, अनिल मिश्र, अंकित, इंद्रेश मिश्र, विनीत रस्तोग, कौसलेंद्र, कमलेश सिंह, भारत यादव, प्रमोद गौतम, शिवबरन सरोज सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय रानीगंज प्रतापगढ़
मु0नं0 टी202302570501573
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती रूबी सिंह बनाम देवीपाल सिंह आदि
बनाम
1. देवी पाल सिंह सुत रायकृष्ण पाल सिंह 2. अजयपाल सिंह सुत देवीपाल सिंह 3. सावित्री देवी पत्नी देवीपाल सिंह 4. विजय पाल सिंह सुत चौहरजापाल सिंह 5. वरूण सिंह सुत स्व0 संजय सिंह 6. ज्योत्सना सिंह विधवा संजय सिंह समस्त नि0गण ग्राम धनऊपुर प0 पट्टी त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
वाद अ0धारा 116 उ0प्र0रा0सं0
तारीख पेशी 25.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2024 को इजराय प्रार्थना पत्र के आपत्ति व निस्तारण हेतु समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
इजराय संख्या 37/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन कमलाकान्त आदि बनाम सीताराम आदि
बनाम
1. सीताराम 2. पृथ्वीपाल 3. भइयालाल सुतगण रामनाथ 4. दुलारी विधवा कन्धई 5. राम शिरोमणि 6. राम प्रताप सुतगण महावीर 7. धनिया 8. शान्ती पुत्रीगण महावीर साकिनान पूरे गोसाई पोस्ट सुवन्शा परगना पट्टी तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को इजराय प्रार्थना पत्र के आपत्ति व निस्तारण हेतु समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय रानीगंज प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी202402570501154
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन त्रिवेणी आदि बनाम अवधेश नारायण आदि
बनाम
1. अवधेश नारायण सुत जगदीश नारायण 2. अरूणेश कुमार पुत्र अवधेश नारायण 3. राधेश्याम सुत जगदीश नारायण 4. आशिक अली 5. मंसूर अली 6. समीउल्ला 7. आविद अली सुतगण इनायत उल्ला 8. बीना पत्नी राजेश कुमार 9. गुड्डी देवी पत्नी बद्री विशाल समस्त साकिनान दयालपुर परगना पट्टी तहसील रानीगंज प्रतापगढ़ 10. गांवसभा द्वारा ग्राम प्रधान खमपुर दूबेपट्टी
तारीख पेशी 27.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

हुबलाल इण्टर कालेज के प्रतीक तिवारी ने लहराया परचम

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित हुबलाल इंटरमीडिएट कालेज के छात्र प्रतीक तिवारी पुत्र विजय तिवारी ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 80.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतीक मौर्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के अलावा विद्यालय के शिक्षको को देते है। प्रबन्धक जीवन लाल चौधरी ने छात्र को आर्शीवाद एवं शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय सदर प्रतापगढ़
मु0नं0 1142/22
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम आसरे मिश्र बनाम शेषधर मिश्र आदि
बनाम
1. शेषधर मिश्र आयु लगभग 50 वर्ष सुत राम लखन मिश्र 2. राम लखन मिश्र आयु लगभग 87 वर्ष सुत बैजनाथ मिश्र 3. विद्याधर मिश्र आयु लगभग 63 वर्ष 4. राम कैलाश मिश्र आयु लगभग 58 वर्ष सुतगण राम लखन मिश्र 5. श्रीमती माधुरी मिश्र आयु लगभग 53 वर्ष पत्नी राम सहारे मिश्र 6. चन्दन मिश्र आयु लगभग 28 वर्ष 7. सिद्धेश मिश्र आयु लगभग 24 वर्ष सुतगण राम सहारे मिश्र समस्त निवासीग्राम मोलनापुर पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 8. इन्द्रमणि तिवारी आयु लगभग 44 वर्ष सुत अयुग नारायण तिवारी निवासी ग्राम तरदहा पर0 व तह0 पट्टी प्रतापगढ़ 9. दिलीपकुमार आयु लगभग 50 वर्ष सुत राज किशोर निवासी ग्राम सहसपुर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 02.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

ट्रैक्टर पर भूसा लाद रहे युवक की करंट की चपेट में मौत

11000 वोल्ट की विद्युत लाइन के जर्जर व ढ़ीले तार के छू जाने से हुआ हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा- प्रतापगढ़। हाई वोल्टेज की लाइन के ढ़ीले-ढ़ाले जर्जर तार के संपर्क में आ जाने से ट्रैक्टर पर भूसा लाद रहे युवक की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के गोबरा पूरे रामदास लरू निवासी पवन कुमार यादव 35 वर्ष पुत्र जगदेव प्रसाद यादव फौजी महाराष्ट्र के पूना शहर में नौकरी करता था। ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए चार दिन पूर्व शहर से अपने घर आया था। मंगलवार की भोर में 4ः00 बजे भाई हेमंत कुमार के साथ ट्रैक्टर से भूसा लादने के लिए घर से दूर बाग वाले खेत में गया हुआ था। खेत के ऊपर से पेड़ों के बीच 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन गई थी। ढ़ीले-ढ़ाले व जर्जर तार पेड़ों के बीच से गया हुआ था। तार इतना ढीला हो गया था कि लाईन जमीन से 10 फीट की ऊंचाई से गई हुई थी। भूसा लादकर ट्रॉली पर खड़े होकर वह जा रहा था। इसी दौरान वह करंट चल रहे तार के संपर्क में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले गए। जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। शव के घर पहुंचने पर पत्नी किरन देवी, पिता जगदेव प्रसाद, भाई कमलेश कुमार, हेमंत कुमार, बेटा मयंक व बेटी अंजलि समेतपरिजनों में कोहराम मच गया।

सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शवे के वापस आने पर करेंटी गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया। बिजली विभाग की लापरवाही से युवक की जान चली गई। अगर विभाग ने ढ़ीले व जर्जर तार को दुरुस्त किया होता तो शायद इतना बड़ा हादसा न होता। अब कौन करेगा विधवा पत्नी समेत बच्चों की परवरिश व देखभाल तथा कैसे होगी बच्चों की शिक्षा-दीक्षा व शादी ब्याह यह सोच- सोचकर पत्नी समेत परिजन रोते-बिलखते रहे।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र अरुण कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम कुंदनपुर पोस्ट पट्टी, थाना पट्टी,प0,त0,पट्टी जनपद प्रतापगढ़ जो हमारे कहनें सुनने में नहीं है इनसे हमको हमेशा जान माल का खतरा बना रहता है। और मेरा पुत्र नशे में धुत रहता है यह ग़लत संगत में पड़ गया है।यदि अभिषेक श्रीवास्तव के द्वारा कोई जमीन या मकान की बिक्री किया जाता है या किसी भी प्रकार की कोई भी कुकृत कार्य किया जाता है तो उसके लिए अभिषेक स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उनका कोई लेना-देना नहीं है।

प्रार्थी
अरुण कुमार श्रीवास्तव
पुत्र स्व बृज भूषण श्रीवास्तव
कुन्दनपुर पोस्ट -पट्टी थाना पट्टी
जनपद प्रतापगढ़(उ0प्र0).
मो0 9792781054.

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

श्री राम तीरथ कन्या इंटर कॉलेज एवं लोकहित इंटर कॉलेज के छात्रों ने बढ़ाया मान

सर्वोच्च अंक हासिल कर दिखाई प्रतिभा

बलरामपुर। यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में श्री राम तीरथ चौधरी कन्या इंटर कॉलेज एवं लोकहित इंटर कॉलेज में छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल कर विद्यालय के साथ जिले का मान बढ़ाया है। विद्यालय में हायस्कूलसर्वोच्च अंक पाने वाली कोमल देवी यादव 87 प्रतिशत एवं आरती जयसवाल 82त्न अंक हासिल कर टॉपर रही है वहीं सुमन यादव 81त्न कोमल यादव 81त्न जया सिंह 80त्न ममता 79त्न हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया है इसी क्रम में इंटरमीडिएट में मुस्कान सोनी 82त्न मधु मिश्रा 75 प्रतिशत रीता यादव 74त्न करिश्मा 73त्न सनम 72त्न अंक हासिल किया है विद्यालय प्रबंधक डॉ रमाकांत वर्मा एवं डायरेक्टर शुभम वर्मा ने सभी मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर आगे बढ़ते हुए लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया है उन्होंने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है इसके लिए विद्यालय के शिक्षक प्रधानाचार्य बधाई के पात्र हैं ।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

सुलतानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना कोतवाली लम्भुआ परिसर में उप जिला मजिस्ट्रेट लम्भुआ दीपक वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुस सलाम, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, संवेदनशील/अतिसंवेदनशील बूथों के मतदाताओं के साथ चुनाव सम्बन्धी बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी महोदया द्वारा सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट से उनके क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों व व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से पिछले चुनाव के अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सब लोग अपने घरों निकलकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। सभी लोग अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें, ताकि लोग घरों से निकलकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। उन्होंने कहा कि सभी अपने क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले चिन्हित संवेदनशील व्यक्तियों से सम्पर्क करें तथा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें।

सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे से गूंजा तुलसीपुर नगर

बसंत लाल इंटर कॉलेज से छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

बलरामपुर। मंगलवार को तुलसीपुर तहसील मुख्यालय पर मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। बसंत लाल इंटर कॉलेज परिसर में नगर के दर्जनों माध्यमिक एवं बेसिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक मतदान को लेकर जागरूकता रैली में शामिल हुए हैं

मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम के मुख्य तुलसीपुर एसडीएम अभय सिंह एवं नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए एसडीएम ने रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस बार जिले को पूरे प्रदेश में न केवल देश में मतदान प्रतिशत में आगे ले जाना है उन्होंने सभी शिक्षक छात्र-छात्राओं अभिभावकों सहित जनमानस्य अपील किया है कि सत् प्रतिशत मतदान के लिए अपने मत का प्रयोग जरूर करें जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने कहा कि लोकतंत्र में जनमानस को मतदान देने का सबसे बड़ा अधिकार मिला है इस अधिकार का प्रत्येक दशा में प्रत्येक मतदाता इस्तेमाल करें रैली में छात्रों ने आधी रोटी खाएंगे मतदान करने जाएंगे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो मम्मी पापा जल्दी जाओ मतदान करके आओ आदि नारे देते हुए नगर वासियों को सत प्रतिशतमतदान के लिए जागरूक किया है जागरूकता रैली बसंत लाल इंटर कॉलेज से जरवा चौराहा हनुमानगढ़ नई बाजार चौक बाजार से होते हुए बैरागी पुरवा से तहसील गेट होकर हरिया बस स्टैंड होते हुए बसंत लाल इंटर कॉलेज में समाप्त हुई है रैली में स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज तुलसीपुर अखिलेश्वर तिवारी बालिका इंटर कॉलेज तुलसीपुर कस्तूरबा आर्य बालिका इंटर कॉलेज ताहिरा इंटर कॉलेज बसंत लाल इंटर कॉलेज सिटी मोंटसरी तुलसीपुर मॉडर्न पब्लिक सिटी स्कूल राम लखन बैरागी मेमोरियल स्कूल आदि के छात्र-छात्राएं जागरूकता रैली में शामिल होकर सत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया है रैली में राजकीय इंटर कॉलेज गैसडी प्रिंसिपल डॉक्टर सुधीर कुमार पांडे बसंत लाल इंटर कॉलेज प्रिंसिपल अशोक पांडे अखिलेश तिवारी इंटर कॉलेज प्रिंसिपल मुन्नू तिवारी आदि स्कूलों के प्रिंसिपल शिक्षक छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया है।

बिना मान्यता के स्कूल संचालन पर प्रबंधक प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण तलब

डीआईओएस के निरीक्षण में मान्यता संबंधी नहीं मिले अभिलेख

बलरामपुर। जिला मुख्यालय के भगवतीगंज बाजार में स्टेट बैंक के बगल संचालित एम्स कॉन्वेंट स्कूल बिना मान्यता के संचालित होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय प्रबंधन प्रिंसिपल को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है इसके साथ-साथ मान्यता संबंधी अभिलेख के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

विद्या निरीक्षक गोविंदराम ने बताया कि राजधानी के इंदिरा नगर कसैला निवासी राहुल सैनी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर बिना मान्यता के एम्स कान्वेंट स्कूल भगवतीगंज की शिकायत की है शिकायत के निस्तारण को लेकर डीआईओएस ने संबंधित स्कूल का बीते शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 9वी तक कक्षाएं संचालित मिली है प्रधानाध्यापक वीरेंद्र शुक्ला से मान्यता संबंधी अभिलेख मांगने पर किसी प्रकार की कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया प्रधानाध्यापक ने निरीक्षण अधिकारी को बताया कि कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं का नामांकन पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगर हवा कराया जाता है निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला कि विद्यालय का मौजूदा समय में कोई भी मानता नहीं है जिला विद्या निरीक्षक ने प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधन को नोटिस देकर मान्यता संबंधी अभिलेख कार्यालय में लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया है ताकि अग्रिम कार्रवाई की जा सके प्रकरण के संबंध में डीआईओएस ने जिला अधिकारी जिला मुख्य विकास अधिकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक देवी पाटन मंडल सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही सेअवगत करा दिया है। वही नगर खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार से इस संबंध में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही विद्यालय के कक्षा एक से आठवीं तक की मान्यता की जांच की जाएगी बिना मान्यता संचालन मिलने पर प्रबंधक प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी

मेधावी लक्ष्य को हासिल करें ,यही विद्यालय का उद्देश्य- रंजन तिवारी

अखिलेश तिवारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेधावी सम्मान समारोह संपन्न

बलरामपुर। तुलसीपुर तहसील मुख्यालय पर संचालित अखिलेश्वर तिवारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया समझ में यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट 2024 में टॉपर सूची में शामिल मेधावियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रबंधक रंजन तिवारी ने सम्मान समारोह में कहा कि बेटियां आज बेटों से काम नहीं है शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर निरंतर आगे बढ़ रही है उन्होंने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेटियों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय प्रिंसिपल मुन्नू तिवारी ने हाई स्कूल इंटर टॉपर सूची एवं विद्यालय में सर्वोच्च अंक लाने वाली बेटियों को फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया है उन्होंने कहा की तराई के क्षेत्र में अखिलेश्वर तिवारी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया। विद्यालय में प्रबंध तंत्र प्रिंसिपल शिक्षकों ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उन्हें आगे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया है विद्यालय में मेधावी के रूप में तबस्सुम मोहम्मद शरीफ कॉलेज में सर्वोच्च अंक लाकर माता-पिता के साथ शिक्षक प्रिंसिपल का नाम रोशन किया है करिश्मा यादव हाई स्कूल मैं सर्वोच्च अंक लाने पर सम्मानित किया गया है वहीं अन्य मेधावी को भी विद्यालय परिवार में सम्मानित किया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में संजय तिवारी मुकेश गिरी राधेश्याम तिवारी मनोज द्विवेदी भारत गुप्ता जेपी गुप्ता मोनिशा चक्रवर्ती नेहा सिद्दीकी बरखा श्रीवास्तव मंजू मधु सकीना प्रकासिनी पांडे आदि मौजूद रहे हैं।

सुमित ने एनडीए में चयन पाकर बढ़ाया जिले का मान

सुलतानपुर। संघ लोक सेवा आयोग संयुक्त रक्षा परीक्षा द्वितीय 2023 के अंतिम परिणाम की घोषणा हो गई है। भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून के 157 वें (डीई) पाठ्यक्रम में प्रवेश रक्षा मंत्रालय के देव चयन बोर्ड की ओर से आयोजित 2023 और एसएसबी साक्षात्कार भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमला, केरल और वायु सेना अकादमी हैदराबाद में प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिले के बल्दीराय ब्लॉक स्थित सुखबड़ेरी ग्राम निवासी सुमित कुमार पांडे पुत्र अजय कुमार पांडे ने ऑल इंडिया स्तर पर 24वीं रैंक हासिल कर हासिल किया है। सुमित कुमार पांडे ने 23 वर्ष में यह सफलता हासिल की है। चयन के बाद सुमित की ट्रेनिंग हैदराबाद में होगी। सुमित पाण्डेय कुड़वार ब्लॉक के ग्राम पंचायत प्रतापपुर के पूर्व प्रधान सजंय दुबे के भांजे हैं। लोगों ने सुमित और परिवार वालो को बधाई दी है।

बोर्ड परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान समारोह

कादीपुर/सुल्तानपुर। अखंडनगर क्षेत्र के बडगांव स्थित रामाचार्य तिवारी सर्वोदय शिक्षण संस्थान के युवा प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने स्कूल के मेधावी छात्रों को जिन्होंने बोर्ड परीक्षा मे प्रदेश व जिले मे स्थान स्थापित करते हुए क्षेत्र व विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया। उनको प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने उपहार प्रदान करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया व उन सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। स्कूल के मेधावियों मे आदर्श मिश्र जो प्रदेश की सूची व जिले की टाप दस की सूची मे नौवा स्थान हासिल किया। उनको प्रबंधक आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए सारा खर्च उठाने का आश्वाशन दिया, आदर्श मिश्र ने हाई स्कूल मे 95.5% अंक प्राप्त किया । कुल 124 पंजीकृत छात्र छात्राओं मे सभी छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए, 31 छात्र छात्राएं 90 से ज्यादा अंक अर्जित किये जिसमे हर्षित सोनी 94.33, संजना प्रजापति 94.16, मानसी पाण्डेय 93.66,अंश तिवारी 95.55, तनु 93.33, काजल यादव 93 अंक प्राप्त किया है। इस प्रकार कुल 31 छात्र छात्राएं 90 के उपर अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह के अवसर पर विद्यालय परिवार के पवन तिवारी, राजेश निशाद, अरविन्द, अनुराग सिंह चौहान, जूही तिवारी, खुशबू, दीप्ति, छाया, केशा सिंह, ध्रुब नारायण तिवारी, संजय निशाद, पंकज मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे ।

प्रशिक्षण में दिये गये ज्ञान का प्रयोग विवेचनाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में करें उपनिरीक्षक -एसपी ब्रजेश

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। पुलिस प्रशिक्षण संस्थान सुल्तानपुर में तीन नये कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - 2023 के सम्बन्ध में चल रहे प्रशिक्षण का प्रथम चरण आज पूर्ण हुआ।

पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रथम चरण में कमिश्नरेट लखनऊ, कमिश्नरेट वाराणसी, जनपद सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर और अयोध्या के कुल 136 पुलिस उपनिरीक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षणोपरांत इन विषयों की परीक्षा ली गयी जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए।

'इन उपनिरीक्षकों को मिला स्थान'

वाराणसी कमिश्नरेट के उपनिरीक्षक संदीप सिंह ने प्रथम, जनपद अम्बेडकर नगर के उप निरीक्षक मयंक सिंह ने द्वितीय तथा कमिश्नरेट लखनऊ के उपनिरीक्षक शिशिर कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र ने प्रशिक्षणर्थियों से अपेक्षा की कि वे संस्था से प्राप्त इस ज्ञान का प्रयोग अपनी विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने में करेंगे।

साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सभी उपनिरीक्षक इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने अधीनस्थों में भी प्रचारित करें। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सत्र का समापन हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, विजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक महेश कुमार, लल्लन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक, सूबेदार मेजर एवं सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

'28 अप्रैल से शुरु होगा दूसरा सत्र'

इस प्रशिक्षण हेतु चलने वाले कुल दस सत्रों में दूसरा सत्र दिनांक 28/4/24 से शुरू होगा। सभी दस सत्रों में कुल 2500 पुलिस उपनिरीक्षकों को प्रशिक्षित करने की योजना है।

दहेज विवाद में टूटी शादी, दूल्हे के पिता ने मंडप से बेटे को उठाया

थाने में 15 लाख देकर लड़के पक्ष ने किया सुलह

सुल्तानपुर। एक शादी में सात फेरे लेने से पहले लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। नौबत ये आई कि दूल्हे का पिता बेटे को मंडप से उठा ले गया। जिसका वीडियो फुटेज सामने आया है। बात थाने पहुंची। जहां काफी जद्दोजहद के बाद दूल्हा पक्ष से 15 लाख रुपए लड़की पक्ष को देकर सुलह की गई। इस प्रकार शादी टूट गई है।

जानकारी के अनुसार वाराणसी जिले के एक इलाके की लड़की का विवाह जिले के गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत निवासी गिरधारी लाल सोनी के पुत्र मूल चंद्र सोनी से तय हुआ था। तय तारीख पर बीते शनिवार को लड़की पक्ष के लोग गोसाईगंज कस्बा स्थित मैरिज लॉन पहुंचे जहां शादी की रस्में अदा होनी थी। बताया जा रहा है कि नाश्ता पानी के बाद जब जयमाल का समय आया उसी समय लेन देन को लेकर वर-वधू पक्ष के लोगों में विवाद हो गया। होते-होते ये विवाद इतना बढ़ा की दूल्हे के पिता गिरधारी लाल मंडप के अंदर ही आग बबूला हो गए। वे अपने बेटे के पास पहुंचे और उसे मारते हुए मंडप से उठाकर ले जाने लगे। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। परंतु उन्होंने किसी की एक नहीं सुनी। बस फिर क्या था बात बढ़ गई, लड़की पक्ष ने अपनी इज्जत जाता देखकर सुबह थाने पहुंचकर शिकायत की। यहां रविवार दिन भर पंचायत और बहस चली। काफी गहमागहमी के बाद रविवार की शाम दोनों पक्ष सुलह के लिए राजी हुए। वर पक्ष से 12 लाख 51 हजार कैश के साथ कुल 15 लाख रुपए वधू पक्ष को इस संबंध में दिया गया कि शादी में ये रकम खर्च हुई है। जिसके बाद थाने में सुलहनामा की औपचारिकता पूरी हुई और दोनों पक्ष अपने अपने घरों को गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद निस्तारित करा दिया गया। हालांकि दोनों पक्षों के बीच शादी पर सहमति नहीं बनी है।

बेसिक के शिक्षिकाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

सुलतानपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपडा के कुशल निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग की महिला शिक्षिकाओं की ओर से मंगलवार को स्कूटी रैली निकाली गई। डायट प्रांगण में एकत्र महिला शिक्षिकाओं को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्कूटी रैली डायट प्रांगण से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए एवं मतदाता जागरूकता की अलख जगाते हुए स्कूटी सवार महिला शिक्षिकाएं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंची। मतदाता जागरुकता के नारों से शहर की गलियाँ गुंजायमान हो उठी।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस रैली के सफल आयोजन पर महिला शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया एवं आह्वाहन किया गया कि सभी मतदाताओं को जागरूक करने में एवं मतदान को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की ओर से मतदाता जागरूकता रैली में उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं से अपील की गई कि अपने आस-पास के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करेंगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महिला शिक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि हाउसहोल्ड सर्वे के समय उपस्थित समस्त मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें। मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला समन्वयक एमडीएम संदीप यादव,

जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, डा. गायत्री सिंह, सीमा सिंह, अर्चना, चित्रांशी, एसआरजी तनूजा पाण्डेय शिक्षिका अनुपम शुक्ला एवं समस्त प्रतिभागी महिला शिक्षिकाओं की विशेष भूमिका रही।

मुख्य विकास अधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

सुलतानपुर। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी(मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक की अध्यक्षता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला, मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी(नि0व्य0अनु0) अरविन्द कुमार सिंह की उपस्थिति में विकास भवन के प्रेरणा सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु नव नियुक्त उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट एवं नव नियुक्त उड़नदस्ता (पुलिस टीम) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में नव नियुक्त उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट एवं नव नियुक्त उड़नदस्ता (पुलिस टीम) के दायित्वों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जब भी किसी के द्वारा या किसी के माध्यम से नकद रूपये, शराब या अन्य किसी वस्तु के वितरण से सम्बन्धित कोई शिकायत

सपा प्रत्याशी पर पलटवार:क्या करें उस बेचारे का, वो पहली दफा है आया- मेनका गांधी

सुल्तानपुर। सांसद व पूर्व मंत्री के साथ भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने सपा प्रत्याशी को बेचारा बताया है। दरअस्ल मीडिया ने उनसे सवाल किया कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद का आरोप है आप कभी क्षेत्र में रहती नहीं हैं। इस पर मेनका गांधी ने जवाब देते हुए कहा, क्या करें उस बेचारे का, वो पहली दफा आया है। उसको क्या मालूम इस क्षेत्र के बारे में।

मेनका गांधी ने क्षेत्र में किसानों की फसलें व मकान आग से जलने पर दुःख जताया। उन्होंने कहा जिन किसानों की फसलें आग से जल गई हैं उन्हें मुआवजा मिल चाहिए। उन्होंने कहा हमने फायर ब्रिगेड रखा है लेकिन इतने सारी घटनाएं हो रही हैं। फायर ब्रिगेड इधर से उधर। बहुत दुकानें भी जल रही हैं लोगों के घर भी जल रहे हैं बहुत अफसोस हुआ है हमें। अब मुआवजा के बारे में हम देखते हैं। उन्होंने धोपाप धाम के बदले परिवेश पर कहा कि हम बहुत खुश हैं कि इतने सालों के बाद धोपाप इतना सुंदर बना है।

मछली पकड़ने वाले युवाओं की रिहाई के साथ उनकी नाव भी छुड़वाएगें

उधर महाराष्ट्र में पकड़े गए 92 युवकों की रिहाई पर उन्होंने कहा कि वे मछली पकड़ते हुए वो पकड़े गए थे। एक ऐसी जगह में जो मना है। उनको पकड़कर के बंद किया गया तो हमने उनको छुड़वाया अब उनकी नाव को भी छुड़वाएगें। मेनका गांधी ने चुनावी कैंपेन के 18 वें डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। सांसद मेनका ने नुक्कड़ सभाओं में कहा मैं पांच सालों में ग्यारह सौ गांवों व पुरवों का दौरा एक-दो बार कर चुकी हूं। प्रधानमंत्री ने देश की दिशा व दशा बदली है। हर गरीब के पास अपना घर हो सपना साकार हो रहा है। मैंने गरीबों को 1 लाख तीस हजार घर दिए, चुनाव बाद एक लाख घर और लाऊंगी। उन्होंने कहा कोई भी पात्र व्यक्ति बेघर नहीं होगा। इसी तरह गांव-गांव घर-घर नल से जल की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। सभी को सस्ती दवा मिले इसके लिए जगह-जगह जन औषधि केन्द्र खोले गए हैं। गांवों में सड़कों का जाल, 700 नये ट्रांसफार्मर, जर्जर तारों को बदलने का काम हुआ है।शहर में सड़कों के चौड़ीकरण से जाम की समस्या खत्म हुई है। वाहनों को एक स्थान पर खड़ा करने के लिए पार्किंग जोन व एक जगह फल व सब्जी आदि सबकुछ मिले इसके लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है। उन्होंने कहा मेरा एकमात्र लक्ष्य सुलतानपुर को यूपी का नम्बर एक जिला बनाने का है।

बस स्टैण्ड पर व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी का एक और आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा कर्वी बस स्टैण्ड से व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी घटना का सफल अनावरण करते हुये एक और टप्पेबाज चोर को 01 लाख 10 हजार रूपयें एवं चोरी में प्रयुक्त की गयी मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 6 अप्रैल को कर्वी बस स्टैण्ड से सोने-चांदी के व्यापारी भगवान सिंह पुत्र स्व गनेश सिंह निवासी हरतीरथ, कोतवाली काशी कमिश्नरेट वाराणसी के साथ अज्ञात चोरों ने उनका चांदी की वस्तुओं से भरा बैग रोडबेज बस से चोरी कर लिया था।

घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा वाहन जांच की गयी। जिसमें एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल जिस पर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसे निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह एवं आरक्षी राहुल देव, शुभम शर्मा, पवन राजपूत ने मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम ननके प्रसाद निवासी गनेशपुर थाना एकौना जिला श्रावस्ती बताया। आरोपी की जमा तलाशी से 1 लाख 10 हजार रूपया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीती 6 अप्रैल को बस स्टैण्ड कर्वी में रोडबेज बस स्टैण्ड से जो चांदी का बैग उसने, अमरनाथ निवासी गोहनारपुर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर, राममिलन निषाद निवासी जठठहवा मजरा रामनगर महुआर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर, इन्दल उर्फ राजेन्द्र सिरवां चौकी बुदनपुर थाना अतरौलिया जिला आजमगढ ने चोरी किया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी डिस्ट्रिक्ट निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश कुमार राय ने डिस्ट्रिक्ट निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर सी-ने पोर्टल,1950 मतदाता हेल्पलाइन नं0 में प्राप्त शिकायतो का फीडबैक लिया एवं सोशल मीडिया स्वीप गतिविधियों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने ली सामान्य निर्वाचन की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों की बैठक

चित्रकूटः जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कैंप सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया 26 अप्रैल से तेज गति से बढेगी। उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिए गए हैं, उसे तत्परता के साथ समय से करें। उन्होंने स्वीप के अंतर्गत हो रहे कार्यों की जानकारी लिए एवं सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में हो रहे मतदान को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों के पास वोटर लिस्ट होनी चाहिए एवं वोटर पर्ची सही से वितरित कराएं। उन्होंने कहा कि हर दिन का डाटा इलेक्शन कमीशन को भेजा जाना है। उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी आलोक सिंह को निर्देशित किया कि रामघाट, हनुमान धारा जैसे दर्शनीय स्थलों से रील बनवाकर मतदाता जागरूकता कराएं। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिया गया है, उसे मनोयोग से समय से कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे शरीर के लिए है घातक - जिला संगठन मंत्री

चित्रकूटः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट कानपुर प्रांत द्वारा एसएफडी आयाम के तहत विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें जिले के विद्यालय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। किस तरह से हमारा पर्यावरण हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बार पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक मतलब प्लेनेट के लिए प्लास्टिक कितना ज्यादा हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे शरीर के लिए बहुत ही ज्यादा घातक है। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि प्लास्टिक की बोतल से हमारे शरीर में माइक्रो प्लास्टिक अंदर जा रहा है। जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां फैल रही है। एक रिसर्च में पाया गया कि एक एटीएम कार्ड के बराबर माइक्रो प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे के माध्यम से नालियों, नदी में जाकर जल जीव के जीवन के लिए घातक बन रहा है। हमें ज्यादा से ज्यादा कपडे से बने थैलो का उपयोग करना चाहिए। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद हो सके। विद्यालयों में जाकर छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्हें साल में दो पौधे लगाना, उनका संरक्षण करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, जानवरों के प्रति सेवा भाव रखने की प्रतिज्ञा दिलाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर्वी नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए गए। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री राम, प्रियांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 65 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की।चौकी प्रभारी शिवरामपुर उप निरीक्षक सत्यपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही द्वारा मुकेश निवासी नई बस्ती शिवरामपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार रैपुरा थाना के उप निरीक्षक शिवसागर दुबे तथा उनके हमराही द्वारा संतोष निवासी भखरवार को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता एवं आरक्षी सुरेन्द्र द्वारा सत्यनारायण रैकवार निवासी गोलतालाब कुंजनपुरवा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

फर्जी तरीके से अभियोग पंजीकृत कराने वाली महिला के खिलाफ कार्यवाही की मांग

चित्रकूटः अतर्रा के अधिवकता बृजेश द्विवेदी ने बताया कि जय माता दी पैकेजिंग को चित्रकूट के धौरहरा ग्राम की रेत खदान अवंटित है। इस कंपनी में कुल चार पार्टनर रघुवेंद्र दूबे, मोहम्मद खालिद, चारू गुप्ता व अमन श्रीवास्तव है, लेकिन बीते कुछ समय से इन्ही में से एक पार्टनर चारू गुप्ता 25 जनवरी को खदान में आई व वहा उपस्थित कर्मचारियों से बदसलूकी की। उन्हें गाली गलौज करते हुए अवैध असलहे दिखाए। आरोप लगाया कि वहा से सारे पैसे लूट ले गई और अपने साथ अपनी कुछ महिला मित्र भी लायी थी। जिन्होंने वहा के स्टाफ को फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी भी दी। इसके बाद बीती 8 अप्रैल को डीएम ऑफिस व एसपी ऑफिस में फर्जी तहरीर दी की, उन्हें कोई हिसाब नही दिया जा रहा व उनके साथ 6 करोड की ठगी करी गई है। जिसमे से 4 करोड उन्होंने ने मोहम्मद खालिद को नगद दिए है।

अधिवक्ता ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम सरधुवा क्षेत्र के ग्राम कुसैली में एक बालू डंप है। वहां से जबरन धन उगाही के लिए चारू गुप्ता उन्हें जान से मरने की व फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी दे रही है। जिसकी शिकायत उन्होंने की है। इसके अलावा मोहम्मद खालिद ने बताया कि चारू गुप्ता उन्हें झूठे मुकदमों में फसाने व फर्जी तरीके से 6 करोड की मांग कर रही है। उनकी इस तहरीर पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस घटना के लगभग बारह दिन बाद 20 अप्रैल को चारू गुप्ता ने सारधुआ थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जबकि पूर्व में चारू गुप्ता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में अलग घटना दर्शाया गया था। दोनों तहरीरों को पढ़कर यह साफ हो जाता है कि चारु गुप्ता ने फर्जी तरीके से रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता बृजेश द्विवेदी और मोहम्मद खालिद ने महिला द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मामले को समाप्त करने व महिला पर फर्जीवाडे का मामला दर्ज करने की मांग की।

तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा करन निवासी गल्ला मण्डी अलोपीबाग के पास थाना दारागंज जनपद प्रयागराज को 1 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

दो पक्षों में हुई मारपीट, शिकायत

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव का मजरा अल्पी का पूरा में जमीन विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा का मजरा अल्पी का पूरा गांव के रहने वाले महेश पुत्र शीतल प्रसाद ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की जमीनी विवाद के चलते पड़ोसी ने परिवार के साथ मिलकर सोमवार की रात हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित की माने तो दो दिन पहले भी मारपीट होने पर सिराथू चौकी पुलिस ने शान्ति भंग के तहत कार्रवाई की थी। इस बाबत सैनी कोतवाल जयचंन्द्र कुमार शर्मा का कहना है की तहरीर मिली है जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 311/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सचिन कुमार सिंह
बनाम अल्का सिंह
बनाम
अल्का सिंह उम्र 31 साल पत्नी सचिन कुमार सिंह पुत्री अरविन्द कुमार सिंह निवासी ऊँचगांव पो0 बलवरगंज थाना सुजानगंज जिला जौनपुर उ0प्र0
अ0धारा 9 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 13.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

म्योहर गांव में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

म्योहर, कौशाम्बी विकास खंड अंतर्गत म्योहर गांव में हनुमान जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। गांव हनुमान मंदिर को लेकर गेंदई के फूल व मालाओं, झालरों से भव्य तरीके से सजाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ तो कही कीर्तन भजन व अखंड मानस पाठ का आयोजन किया गया।

म्योहर बाजार में स्थित हनुमंत लाल के मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। इसके बाद हनुमान चालीसा का भी पाठ कर विधि विधान से हवन किया गया। हनुमंत लाल की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। बटबंधुरी के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर पर मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। समापन पर वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ का आयोजन व अंत में महाप्रसाद कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर शानू त्रिपाठी श्याम किशोर वर्मा अरमान पांडेय अमित श्रीवास्तव मनीष द्विवेदी बलराम सिंह सिंगरौर गोपाल वर्मा विजय कृष्ण सोनी सुनील पांडेय काली चरण मिश्र कमला कांत शुक्ला आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

सराय अकिल में निकली विश्व हिंदू परिषद की भव्य शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नेवादा ब्लॉक से सराय की कस्बे तक विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भगवान श्री राम की शोभा यात्रा को निकाला गया। यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पैदल पूरे नगर में भ्रमण किया। इस मौके पर सुरक्षा के बीच से पुलिस ने चकाचक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। यात्रा की अध्यक्षता अवधेश नारायण शुक्ला ने किया जबकि संचालन संगठन के जिला सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने किया। भगवान श्री राम के मंदिर स्थापना के बाद मनाई जा रहे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर नगर वासीयो में भारी उत्साह रहा।

इस मौके पर बोलते हुए संगठन के अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि आज 500 साल बाद देश में भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है वह भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर यह भारत के हिंदुओं की आस्था और उनके धैर्य की पराकाष्ठा है जो आजादी के 70 पाल बाद उन्हें अपने पूज्य का मंदिर मिला वह भी प्रजातांत्रिक के सभी मूल्य का पालन करते हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जबकि दूसरे धर्म के लोगों ने देश बनने के साथ ही पाकिस्तान और बांग्लादेश में सैकड़ो हिंदू मंदिरों पर धराशाई कर दिया था यह हमारे प्राचीन मजबूत संस्कृत को दिखाता है। इस मौके पर बोलते हुए संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि हम सभी सनातन के धर्म लंबियों को अब एकजुट होकर संगठित रूप से काम करना होगा नहीं तो यह भी धर्मी अब भारत को फिर से तोड़ने में लगे हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे को लगाने वालों को भारत माता के पुत्र मिट्टी में मिलने के लिए तैयार बैठे हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री पर प्रकाश राय, यशवंत यादव, भुवनेश्वर तिवारी, राकेश मिश्रा, देवमणि मिश्रा, पिंटू पांडे, भारत केसरवानी, शिवाकांत मिश्रा, आशीष जैन, संजय प्रजापति, शिव प्रसाद गुप्ता पप्पू, अनिल अग्रहरि, अभिषेक शुक्ला, गुड्डू, मनोज, नागेंद्र सिंह, वरुण पाण्डेय, अनिल मिश्र, अंकित, इंद्रेश मिश्र, विनीत रस्तोग, कौसलेंद्र, कमलेश सिंह, भारत यादव, प्रमोद गौतम, शिवबरन सरोज सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

हुबलाल इण्टर कालेज के प्रतीक तिवारी ने लहराया परचम

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित हुबलाल इंटरमीडिएट कालेज के छात्र प्रतीक तिवारी पुत्र विजय तिवारी ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 80.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतीक मौर्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के अलावा विद्यालय के शिक्षको को देते है। प्रबन्धक जीवन लाल चौधरी ने छात्र को आर्शीवाद एवं शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बूडे हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

चित्रकूटः मंदाकिनी तट पर स्थित दक्षिण मुखी बूडे हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। 11 सौ दीपों से मंदिर को जगमगाया गया। संगीतमयी सुंदरकाण्ड की प्रस्तुति हुई और प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की तादाद में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर बजरंगी सरकार के दर्शन किए।

मंदिर के पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि हनुमान जयंती को लेकर सोमवार को अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को पूर्णाहुति पर हवन पूजन हुआ। इसके बाद भण्डारे की शुरुआत हुई। सैकड़ों लोगों ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शाम को गंगा आरती के हरिनारायन और उनकी टीम ने संगीतमयी सुंदरकाण्ड की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद मंदिर परिसर में 11 सौ दीप प्रज्ज्वलित किए गए। शाम को भव्य आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से लेकर देर रात्रि तक भक्तों का मंदिर में आवागमन बना रहा। हजारों की तादाद में भक्तों ने बूडे हनुमान के दर्शन किए। इस मौके पर गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, फतेहपुर के श्रीनिवास तिवारी, राठ के बीरू सेठ, आनंद सिंह पटेल, हेमू तिवारी, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भारतीय सिन्धु सभा की जिला इकाई द्वारा सचिव मुनिराज के प्रतिष्ठान के बाहर राम भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर चन्द्रभान, ऋषी, मुनिराज, राधिका, दामिनी, दमीं और उंदलं आदि मौजूद रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की ली सलामी, किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गई, तत्पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई तथा गार्ड का निरीक्षण किया गया। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी ने पुलिस फोर्स को किया ब्रीफ

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा जनपद कौशाम्बी से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन ड्यूटी हेतु दूसरे चरण के मतदान के लिए गैर जनपद जाने वाली पुलिस फोर्स को ब्रीफकिया गया एवं चुनाव के दौरान उनके कर्तव्यों का दायित्वबोध कराते हुए फर्स्ट ऐड किट देकर हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रतापगढ़
मु0नं0 169/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती सुनीता देवी आदि बनाम राकेश कुमार
बनाम
राकेश कुमार पुत्र मुन्ना लाल निव नेकनामपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़
अं0 धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 25.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 72/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शिल्पा बनाम संजय
बनाम
संजय उम्र लगभग 23 वर्ष सुत राम बहादुर निवासी गांव व पोस्ट अतरसंड थाना कोहंडौर जिला प्रतापगढ़
अं0धा0 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 26.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय रानीगंज प्रतापगढ़
मु0नं0 टी202302570501573
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती रूबी सिंह बनाम देवीपाल सिंह आदि
बनाम
1. देवी पाल सिंह सुत रायकृष्ण पाल सिंह 2. अजयपाल सिंह सुत देवीपाल सिंह 3. सावित्री देवी पत्नी देवीपाल सिंह 4. विजय पाल सिंह सुत चौहरजापाल सिंह 5. वरूण सिंह सुत स्व0 संजय सिंह 6. ज्योत्सना सिंह विधवा संजय सिंह समस्त नि0गण ग्राम धनऊपुर प0 पट्टी त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
वाद अ0धारा 116 उ0प्र0रा0सं0
तारीख पेशी 25.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2024 को इजराय प्रार्थना पत्र के आपत्ति व निस्तारण हेतु समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
इजराय संख्या 37/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन कमलाकान्त आदि बनाम सीताराम आदि
बनाम
1. सीताराम 2. पृथ्वीपाल 3. भइयालाल सुतगण रामनाथ 4. दुलारी विधवा कन्धई 5. राम शिरोमणि 6. राम प्रताप सुतगण महावीर 7. धनिया 8. शान्ती पुत्रीगण महावीर साकिनान पूरे गोसाई पोस्ट सुवन्शा परगना पट्टी तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को इजराय प्रार्थना पत्र के आपत्ति व निस्तारण हेतु समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय रानीगंज प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी202402570501154
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन त्रिवेणी आदि बनाम अवधेश नारायण आदि
बनाम
1. अवधेश नारायण सुत जगदीश नारायण 2. अरूणेश कुमार पुत्र अवधेश नारायण 3. राधेश्याम सुत जगदीश नारायण 4. आशिक अली 5. मंसूर अली 6. समीउल्ला 7. आविद अली सुतगण इनायत उल्ला 8. बीना पत्नी राजेश कुमार 9. गुड्डी देवी पत्नी बद्री विशाल समस्त साकिनान दयालपुर परगना पट्टी तहसील रानीगंज प्रतापगढ़ 10. गांवसभा द्वारा ग्राम प्रधान खमपुर दूबेपट्टी
तारीख पेशी 27.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय सदर प्रतापगढ़
मु0नं0 1142/22
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम आसरे मिश्र बनाम शेषधर मिश्र आदि
बनाम
1. शेषधर मिश्र आयु लगभग 50 वर्ष सुत राम लखन मिश्र 2. राम लखन मिश्र आयु लगभग 87 वर्ष सुत बैजनाथ मिश्र 3. विद्याधर मिश्र आयु लगभग 63 वर्ष 4. राम कैलाश मिश्र आयु लगभग 58 वर्ष सुतगण राम लखन मिश्र 5. श्रीमती माधुरी मिश्र आयु लगभग 53 वर्ष पत्नी राम सहारे मिश्र 6. चन्दन मिश्र आयु लगभग 28 वर्ष 7. सिद्धेश मिश्र आयु लगभग 24 वर्ष सुतगण राम सहारे मिश्र समस्त निवासीग्राम मोलनापुर पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 8. इन्द्रमणि तिवारी आयु लगभग 44 वर्ष सुत अयुग नारायण तिवारी निवासी ग्राम तरदहा पर0 व तह0 पट्टी प्रतापगढ़ 9. दिलीपकुमार आयु लगभग 50 वर्ष सुत राज किशोर निवासी ग्राम सहसपुर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 02.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धा-भक्ति पूरित मन से संकटमोचन हनुमान जी का पूजन अर्चन सम्पन्न किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्टूडेन्टस् को महावीर हनुमान जी के जीवन से जुड़ी अनेक रोचक जानकारियों के साथ-साथ उनके साहसिक कार्यों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हर साल चौत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। हनुमत-भक्त इस दिन को बहुत ही धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाते हैं। प्रोग्राम में बाल हनुमान की जीवन्त भूमिका एवं स्कूल की छात्राओं के भक्तिपूर्ण सुमधुर गीत मनमोहक रहे। इस कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के निर्देशन में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, नीतू सिंह, रविन्दर कौर और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा।अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पवन पुत्र हनुमान भगवान राम और सीता के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले, अपार शक्ति सम्पन्न, संकट मोचक कहे जाते हैं। वे अपने भक्तों के सभी संकटों को दूर करते हैं। इसीलिए तो उनके सम्बन्ध में लिखा गया है कि-

'संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलवीरा।'इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

पूर्णिमा -हनुमानजयंती पर जगह जगह हुआ प्रसाद वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मंगलवार के दिन पूर्णिमा व हनुमानजयंती होने पर जगह जगह पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ कोई हलुआ-पुड़ी तो कोई सरवत पिला रहा तो कोई खीर पुड़ी तो कहीं पर चना-सरबत का प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया।गोकना व डलमऊ गंगा घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।जिसके बाद पूजा अर्चना व कथा सुनने की परंपरा को अपनाया।गंगा घाट में गेगासो,रतासो, तीरकापुरवा,बादशाहपुर,गोला व कोटराबहादुरगंज गंगा घाट पर भी गंगा स्नान श्रद्धालुगण ने किया है।हनुमान मंदिरो में हनुमान चालिसा व सुन्दरकाण्ड का पाठ का आयोजन भी किया गया।

एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई हनुमान जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली।न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ हनुमान जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर पूजा-अर्चना की और बजरंगबली से सभी के लिए आंतरिक शांति,समृद्धि और शक्ति की कामना की।इस दौरान छात्रा दीपशिखा, कृतिका और आरती द्वारा प्रस्तुत किये गए भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी बल और बुद्धि के देवता माने गए हैं,उन्होंने अपनी इन्द्रियों पर विजय प्राप्त की थी।हमे बजरंगबली के चरित्र और बुद्धि एवं कौशल का अनुशरण करना चाहिए जिससे हमारा जीवन सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच सके।कार्यक्रम का

संचालन छात्रा पलक और अलंकृता ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

रायबरेली।लालगंज के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में नारी सशक्तिकरण एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार श्रीमती प्रतिभा शुक्ला रही । राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया ।जनपद की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सत्यम बाजपेई ,उज्जवल सोनी व मेधावी छात्र-छात्राओं सुयश यादव, अमन चौरसिया, रवि यादव , सेजल सिंह, अभय प्रताप यादव ,अस्मिता मौर्य ,महेंद्र कुमार, विकास पाल ,आंचल सिंह, आयुशी यादव, अनुप्रिया मौर्य , दीपाली सिंह , सलोनी यादव ,जीशान अहमद ,सोनाक्षी सिंह , अनुज मौर्य , प्रतीक गुप्ता, अनामिका गौतम आदि को

प्रभारी राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला , विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला व प्रबंध निदेशक दीपप्रकाश शुक्ला के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशक दीपप्रकाश शुक्ला ने कहा कि परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है।विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत रंग लाई है ।प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विद्यालय के अनुशासन और संस्कारों की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप में यह विद्यालय भविष्य में भी ऐसे ही सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। बालिकाओं व शिक्षिकाओं को उन्होंने कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास करने की नसीहत दी। राज्य मंत्री ने कहा कि न्यूनतम फीस में जिस प्रकार से यह विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षित करने का कार्य कर रहा है ।वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी सफल विद्यार्थियों को व समस्त विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि आने वाले मतदान दिवस के लिए सभी विद्यार्थी अपने घर व पड़ोस के लोगों को मतदान करने हेतु अवश्य जागरूक करें ।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र का कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे ।इसलिए इस वर्ष विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तकें भी दी जा रही हैं ।सभी विद्यार्थियों को खूब अच्छे से पढ़ाई करके अपने माता-पिता व अपने गुरुजनों का नाम रोशन करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन रोहित शर्मा ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली।मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की की गई। आज बैठक के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी विरेन्द्र तिवारी,जिला प्रभारी पियूष मिश्र व क्षेत्रीय मत्री अवध क्षेत्र विकाश सिंह जी रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी जी ने किया।जिलाध्यक्ष ने अपने ऊदबोधन में कहा की चुनाव संचालन समिति का एक एक पदाधिकारी अपने दिए गए दायित्वों का जिम्मेवारी से निर्वहन करे जिससे आगामी होने वाले अभियानों व कार्यक्रमों को जन जन तक पहुचाया जा सके।लोकसभा जिला प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने अभियानों व आगामी होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा किया, जिला प्रभारी पियूष मिश्र एव क्षेत्रीय मंत्री विकाश सिंह ने भी आगामी होने वाले कार्यक्रमों,व अभियानों के सन्दर्भ में संचालन समिति के एक-एक पदाधिकारियों से विंदुवार चर्चा कियाद्य साथ ही मंच पर उपस्थित सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, भाजपा नेत्री प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरन सिंह,व जिला मीडिया प्रभारी बिनय शुक्ला कहा कि बैठक में लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस की उपेक्षा से नाराज कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

रायबरेली। महराजगंज के हलोर में आयोजित नुक्कड़ सभा में कांग्रेस में अपने आप को उपेक्षित महसूस करने वाले व मोदी सरकार के कार्यो से प्रेरित होकर आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष षिवगढ़ इकबाल अहमद, प्रदीप वर्मा, षिवषरन वर्मा, राम सेवक यादव, मनीष, सर्वेष कुमार वर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेष प्रताप सिंह की उपस्थिति में भाजपा का दामन थामकर सदस्यता ग्रहण की। साथ ही मंच से 2024 लोकसभा चुनाव में कमल के फूल को लम्बे अंतराल से जिताने की शपथ ली। सदस्यता ग्रहण करने के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अण्डर-19 आयु वर्ग की अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़ रायबरेली की जीत के साथ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली।उत्तर प्रदेष क्रिकेट एसोसिएषन द्वारा सत्र-2024-25 हेतु बनने वाली अण्डर-19 आयु वर्ग (बालक) क्रिकेट टीम के लिए पूरे प्रदेष में अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएषन द्वारा रायबरेली मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जनपद रायबरेली, जनपद प्रतापगढ़ व जनपद अमेठी की अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 22 अप्रैल से स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में षुरू हो गयी है। इस प्रतियोगिता में पहला मैच जनपद रायबरेली व जनपद प्रतापगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतापगढ़ ने निर्धारित 45 ओवरों में दीपक यादव के 50 रन नाबाद व हर्श पाण्डेय के 53 रनों की बदौलत 9 विकेट खोकर 234 रन बनाये। रायबरेली जनपद की ओर से गेंदबाजी में मो0 अब्बास खान ने 3 विकेट तथा आदित्य पाण्डेय व मोहित सिंह ने 2-2 विकेट हासिल किये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली जनपद की टीम ने निर्धारित लक्ष्य आर्यवर्धन सिंह के 56 रन नाबाद व मो0 फारिज़ के 53 रन नाबाद की बदौलत 9 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मैच में अम्पायरिंग का दायित्व यू0पी0सी0ए0 पैनल के अम्पायर फतेहपुर के आले हसन व कानपुर के आसिफ रज़ा ने निभायी जबकि स्कोरर का दायित्व यू0पी0सी0ए0 पैनल के स्कोरर लखनऊ के षरद तिवारी ने निभायी। ऑब्जर्वर के रूप में यू0पी0सी0ए0 के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ के असलम अली उपस्थित रहे। यू0पी0सी0ए0 के मीडिया मैनेजर व रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएषन के डायरेक्टर मोहम्मद फहीम ने बताया कि यह अर्न्तजनपदीय प्रतियोगिता 24 अप्रैल तक स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में खेली जायेगी। रायबरेली जनपद में क्रिकेट का उपयुक्त मैदान न होने के कारण यह प्रतियोगिता प्रतापगढ़ में आयोजित की जा रही है जिससे रायबरेली जनपद के खेल प्रेमी अच्छे खेल को देखने से वंचित रह जा रहे हैं।

उन्होने ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रायबरेली जनपद का अगला मैच कल दिनांक 24 अप्रैल 2024 को अमेठी जनपद के विरूद्ध खेला जायेगा।

मण्डलायुक्त-आईजी ने थाना कोतवाली नगर का किया गया औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मंडलायुक्त लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब व पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने पर प्रचलित अभिलेख, महत्वपूर्ण पत्रावली, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदीगृह आदि को चेक कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

राष्ट्रीय पासी सेना की बैठक सम्पन्न

रायबरेली।राष्ट्रीय पासी सेना के तत्वाधान में एक आवश्यक बैठक कैम्प कार्यालय मलिकमऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सेना के अध्यक्ष संजय पासी ने करते हुए कहा कि जनपद रायबरेली में सर्वाधिक पासी समाज के लोग रहते हैं, जिनकी संख्या लगभग सात लाख पचास हजार है, फिर भी पासी समाज को महत्व नहीं देने से समाज में आक्रोश है। जनपद का पासी समाज एकजुट होकर मतदान करेगा, जिसके लिए जल्द ही जनपद के 18 ब्लाक के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में किस प्रत्याशी को समर्थन देना है कि रूपरेखा तय करेगा। श्री पासी ने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वह अपनी ताकत को पहचाने और एक मंच पर आकर राजनैतिक भागीदारी का हिस्सा बने। विगत पूर्व में सम्पन्न हुए चुनावों में दिशाविहीन होकर मतदान किया गया है, जिससे समाज रसातल में पहुँच गया है। समाज के मान-सम्मान बढ़ाने के लिए जनपद के पासी समाज के लोगों को मिलकर एक दिशा में कार्य करना होगा, तभी समाज का सम्मान सुरक्षित रहेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से राज पासी, अनुज पासी, रामशरण पसी, रोहित पासी, संतोष पासी, अमरेश पासी, अतुल पासी, भीम पासी, करन पासी आदि लोग उपस्थित रहे।

शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ0 रोशन जैकब

मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध रहेंगी जरूरी सुविधाएं

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभाकक्ष में लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब तथा आईजी तरुण गाबा ने अधिकारियो को निर्देश दिये कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व भय रहित सम्पन्न कराने की सभी आवश्यक तैयारियों को सुद्धढ़ रखा जायें। यदि कहीं कोई कमी हो उसे तत्काल दुरुस्त कर सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जायें। कानून एवं शांति व्यवस्था,वल्नरेबिलिटी,संवेदनशील एवं अति संवेदनशीलता क्षेत्रो को एसडीएम, सीओ तथा सम्बंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमण कर कमियों को दूर कर ले।उन्होने निर्देश दिये कि जनपद में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः वे अपने दायित्वो का पूरी जानकारी रखते हुए निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष व निर्भीक होकर सम्पन्न कराये तथा मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया करायें।मण्डलायुक्त ने कहा मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि निर्वाचन निष्पक्ष, निर्भीक होने के साथ ही घटनारहित हो। मतदान के पूर्व और मतदान के बाद के कार्यो की समुचित जानकारी संबंधित को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा चुनाव में किसी भी प्रकार का भय व दबाव बनाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। निरोधात्मक कार्यवाही संख्या के आधार पर नहीं गुणवत्ता के आधार पर

की जाये। सभी गांवों का भ्रमण कर तथा मतदाता को स्वेच्छा व बिना भय के मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि किसी भी सार्वजनिक, सरकारी भवन पर पोस्टर, होर्डिंग नही लगी होनी चाहिए। यदि किसी ने पुनः कही लगा दी हो तो उसको तत्काल हटवा दे तथा उसका खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ने के साथ ही दंडात्मक कार्यवाही भी करें। सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत,शौचालय,पानी की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रहे। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। उसमें जो शिकायतकर्ता मोबाइल से शिकायत दर्ज कराता है उसे भी दर्ज कर उसका निस्तारण भी समय से करा ले। मतदान पूर्व एवं बाद की सभी तैयारियों का गहन निरीक्षण कर जो भी कमियां हो उसे दुरुस्त कर लिया जाये। सेक्ट्र मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम,वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे।मण्डलायुक्त/आईजी ने कहा कि प्रशासन तथा निर्वाचन आयोग प्रत्येक निर्वाचन को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,निर्भीक माहौल में सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी दशा में इसकी सुचिता पर आंच नहीं आने दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक सख्त व निष्पक्ष रहकर निर्वाचन कार्यो व अपने दायित्वों का निर्वहन करे। किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति का आतिथ्य स्वीकार न करे और निष्पक्ष रहे। दिव्यांग मतदाताओं का मतदान कराने के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये। उनके लिए रैंप,व्हीलचेयर, प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर महिला व पुरुष शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये।लखनऊ आईजी ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ की भांति है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें।सभी एसडीएम, सीओ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। ऐसा माहौल बनाये जिससे निष्पक्ष मतदान सम्पन्न हो। लोगों के बीच में जाकर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जानकारी भी लेते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी मण्डलायुक्त तथा आईजी को देते हुए बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। असामाजिक तत्वों,वल्नरेबिलिटी और संवेदनशीलता चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सभी ग्रामों, न्याय पंचायत, ब्लाक व जनपद स्तर पर किये जा रहे है। जिन ग्रामों में मत प्रतिशत कम था वहां पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा हैं । इसके अलावा रैलियों का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांव और दूर दराज के सभी आयु के पुरुष व महिला शामिल हो रहे है। मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था व अन्य तैयारियां पूरी तरह दुरूस्त है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 107,116,110 तथा गुण्डा एक्ट आदि की निरोधात्मक कार्यवाही भी गुणवत्ता के आधार पर की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नोटिस देने के साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करवाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई तथा अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिये गये। इस मौके पर एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, एएसपी, समस्त एसडीएम, कंट्रोल रूम के सभी नोडल अधिकारी,नगर मजिस्ट्रेट एवं थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त-आईजी ने स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

रायबरेली। लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब व आईजी तरुण गाबा ने स्थित गोरा बाजार स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में बने स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि यहां पर पानी, बिजली, शौचालय सहित सुरक्षा व्यवस्था को देखकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए तथा मतदान कर्मियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करायी जाये और सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं। मतगणना के समय सभी व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा जाए।

राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने विकास खंड महराजगंज के दर्जनों गांवों का भ्रमण कर की नुक्कड़ सभाएं

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। प्रदेष के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेष प्रताप सिंह ने महराजगंज विकास खंड के दर्जनों गांवों में भ्रमण कर लोगो से आर्षीवाद मांगा। जगह-जगह राज्यमंत्री का लोगो ने फूल-मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान लोगो ने योगी-मोदी के नारे लगायें। कहा इस बार 400 पार के साथ-साथ रायबरेली में भी कमल खिलेगा। राज्यमंत्री ने महरजगंज के अलीपुर, बरसारा, हलोर, षिवगढ़, तिलेण्डा, रानीखेड़ा, पहुंरावां हसन, जगतपुर सहित दर्जनों गांव का तूफानी दौरा कर नुक्कड़ सभाएं की। नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने नकली गांधी परिवार पर जमकर निषाना साधा। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य रहा है कि जिसको आपने बार-बार सांसद बनाया वह पिछले 5 वर्षो से अपने कथित परिवार से मिलने तक नहीं आयी। जिले की जनता चाहे जिस संकट से गुजरी हो, चाहे कोरोना काल हो या फिर रेल दुर्घटनाएं अथवा जिले के शहीद हुये जवान हो मां-बेटी ने रायबरेली की तरफ मुड़कर देखा भी

नहीं। रायबरेली की जनता पूरे 10 वर्ष अपने आप को उपेक्षित, लज्जित व ठगा महसूस करती रही। गांधी परिवार हमेषा रायबरेली को इमोषनल तरीके से ठगता रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि नकली गांधी परिवार को रायबरेली से नहीं दिल्ली से प्यार है। शायद इसलिए वह रायबरेली नहीं आती है। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कहा हर गरीब की चौखट तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। अबकी बार 400 पार के साथ-साथ रायबरेली में ही कमल खिलेगा। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की कड़ी में अहम रोल निभायेगा। इस अवसर पर दर्जनों प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बार एसोसिएशन के तत्वाधान में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती

अद्भुत घटना आयोजित सुंदरकांड पाठ के दौरान हनुमान जी ने भेजा अपना दूत

अयोध्या। बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या के तत्वाधान में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया सुंदरकांड पाठ के उपरांत उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय एवं महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में हवन में वैदिक मित्रों का उच्चारण करते हुए आहुतियां डाली गई , कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम में हनुमान जी ने भेजा अपना दूत बार एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित हनुमान जयंती कार्यक्रम में एक अद्भुत घटना उसे समय घटी जब हनुमान जी की फोटो के समक्ष एक बंदर काफी देर तक आकर बैठ रहा

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय, महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष केशव राम वर्मा, संयुक्त मंत्री प्रथम राजेश कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री द्वितीय रविंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष मुन्ना कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य योगेश पांडेय एवं रणधीर पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील सिंह, मनीष कुमार पांडेय, वीरेंद्र कुमार शर्मा, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, राजीव कुमार शुक्ला, विश्वनाथ तिवारी जेपी शर्मा, दीपक तिवारी, अखंड यादव,चंद्रभान सिंह, धनुष श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रभाशंकर पांडेय, सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

केबिल बॉक्स जलने से तीन सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप

दर्जनों गांवों की बत्ती रहेगी दो दिन तक गुल, पेयजल सहित कल कारखाने रहेंगे ठप

संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में लगी आग से व्यवस्था हुई बाधित

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। मेजारोड रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर रेल ट्रैक के समीप मंगलवार सुबह झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से विद्युत केबिल बॉक्स जलने से क्षेत्र के तीन सब स्टेशन में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी है। जिससे दर्जनों गांवो में दो दिन तक बिजली किल्लत बनी रह सकती है। शुक्लपुर सब स्टेशन के एसएसओ ने बताया कि कोशिश रहेगी कि कल तक आपूर्ति बहाल हो जाय। विद्युत के अभाव में पेयजल सहित अन्य मुसीबतें लोगों को झेलनी पड़ेगी।

जानकारी के अनुसार सोरांव गांव पंडित का पूरा मजरा के मंडी समिति के पास मंगलवार सुबह तकरीबन 9 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियां में आग लग गई। तेज हवाओं के बीच आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोपहर तीन बजे के करीब आग की लपटे दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के समीप झाड़ियों से होते हुए अंडर पासिंग पुलिया के समीप पहुंच गई। आग के प्रचंड रूप देखकर राहगीरों में अफरा तफरी देखी गयी।

तेज हवा के बीच आग बस्ती की तरफ बढ़ती ही जा रही थी।देर शाम तक यह आग जलती रही।किसी ने भी फायर विग्रेड को इसकी सूचना नही दी। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग ने थोड़ी देर के लिए सिरसा फीडर की आपूर्ति ठप कर दी थी।

पूरे दिन जल रही आग से रेल पुलिया के पास बना विद्युत केबल बॉक्स और केबल जल गए।जिससे क्षेत्र के शुक्लपुर विद्युत सब स्टेशन,औंता सब स्टेशन और शिवपुरा सब स्टेशन की आपूर्ति ठप हो गयी।तीन सब स्टेशन में कम से कम 40 गांव और कई मजरे हैं,जहां की बिजली दो दिन तक गुल रह सकती है।इससे संबंधित क्षेत्र के लोगों को गर्मी से जूझने के साथ पेयजल के लिए भटकना होगा।इस क्षेत्र से जुड़े छोटे कल कारखाने भी प्रभावित होंगे।साथ ही शादी सीजन में लोग वेहद परेशान होंगे।शुक्लपुर के यस यस ओ मौर्य ने बताया कि कल देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकती है बशर्ते केबिल की व्यवस्था विभाग समय से करा दे।

पारिवारिक कलह से युवक ने लगाई फांसी हालत गंभीर

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के न्यू सब्जी मंडी मोहल्ले में सोमवार की रात तकरीबन 11ः30 बजे पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने कमरे के अंदर लगे पंखे के चुल्ले में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इसकी

जानकारी मिलते ही फौरन परिजनों के द्वारा किसी तरह युवक को फंदे से नीचे उतार कर अचेतावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे न्यू सब्जी मंडी निवासी कल्लू पुत्र गुलबदन पारिवारिक कलह के चलते कमरे के अंदर लगे पंखे के चुल्ले में रस्सी का फंदा लगाकर लटक गया। इसकी जानकारी होते ही परिवार के लोगों द्वारा फौरन युवक को फंदे से नीचे उतार कर अचेतावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

ट्रैक्टर में पीछे से घुसी अर्टिका कार, एक की मौत व चार घायल

पुलिस ने मृतक कार ड्राइवर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

फाइल फोटो

घायलों में ट्रैक्टर ड्राइवर की हालत बतायी गयी नाजुक

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। एक अनियंत्रित अर्टिका कार मंगलवार भोर में क्षेत्र के कोहड़ार कोराँव मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी।जिसमे सवार चार लोग बुरी तरह चोटिल हो गए।कार के ड्राइबर की इलाज के दौरान मौत हो गयी।इस टक्कर में ट्रैक्टर मौके पर पलट गया और ड्राइबर को गम्भीर चोट आई है।सभी घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है,जिसमे एक कि हालत नाजुक बताई गई है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार भोर 5 बजे डाबर पुलिया के समीप कोहड़ार की ओर जा रहे ट्रैक्टरट्राली में पीछे से कोराँव की ओर से आ रही अर्टिगा कार ट्रैक्टर की ट्राली में घुस गई। कार की रफ्तार अधिक होने से ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गया। और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चिपक गया जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल अवस्था में कार में ही फंस गये ।

और ट्रैक्टर ड्राइवर सुनील कुमार पटेल ट्रैक्टर के नीचे दब गया। बताया गया कि अजय कुमार 30पुत्र राम सजीवन पटेल सलैया अयोध्या थाना कोराँव ने अपनी इर्टिगा कार से तीन साथी रामजी सिंह पटेल गलरिया थाना हलिया मिर्जापुर, बृजेश विश्वकर्मा सलैया, प्रदीप सिंह पटेल सलैया थाना कोराँव के साथ माला फूल लाने के लिए गऊघाट नैनी जा रहे थे, डाबर पुलिया से 300 मी पश्चिम गांव डुड़िया के सामने कोराव कोहड़ार मार्ग पर आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से कार घुस गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण ट्रैक्टर पलट गया जिससे ट्रैक्टर ड्राइवर सुनील कुमार पटेल उसरी पंवारी थाना खीरी व कार सवार चारों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

गश्त के लिए निकले पुलिस चौकी कोहड़ार प्रभारी अतुल सिंह अपने हमराहियों सहित मौके पर पहुंचकर और गांव वालों के साथ मिलकर ट्रैक्टर व कार में फंसे लोगों को निकाल कर बाहर किया। तब तक घटना की जानकारी पाकर पास के रिश्तेदार और परिजन मौके पर पहुंचकर चारों को एक्युरा हॉस्पिटल प्रयागराज मे ले जाकर भर्ती किया, जहां पर इलाज के दौरान कार ड्राइवर अजय सिंह की मौत हो गई और तीन साथी गंभीर रूप से घायलों का इलाज चल रहा है। ट्रैक्टर ड्राइवर सुशील कुमार पटेल को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। अजय के परिजनों द्वारा मेजा थाने में लिखित तहरीर दिया जिसमें थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने कानूनी कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार अजय शादी विवाह में मंडप व स्टेज सजाने का कार्य करता था। जिस वजह से वह माला फूल के लिए नैनी गउघाट फूल मंडी जा रहा था। मौत की खबर घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। पति की मौत की खबर पाकर पत्नी खुशबू सिंह और बच्चे यस 5 वर्ष संदर्भ 3 वर्ष और माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

कैंसर ट्रीटमेन्ट पर गणतीय माडल शोध के लिए नेहा वर्मा को पीएचडी उपाधि

नैनी(प्रयागराज)। शुआट्स की शोध छात्रा नेहा वर्मा को गणित में अपना अनुसंधान सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर पीएचडी उपाधि प्रदान की गयी। नेहा वर्मा ने मैथमैटिकल माडलिंग फार कैंसर ट्रीटमेन्ट पर गणतीय माडल तथा विभिन्न पैरामीटर पर अपना अनुसंधान पूरा किया।नेहा वर्मा की पीएचडी वाईवा परीक्षा में बाहरी परीक्षक प्रो0 डा. फिलिप थे। वाईवा में गाईड डा. भावना घोष, विभागाध्यक्ष प्रो. डा. अजीत पॉल, प्रो. डा. अंशिका शुक्ल, प्रो. राजीव खरे आदि उपस्थित रहे। नेहा वर्मा ने अपने अनुसंधान की सफलता का श्रेय, अनुसंधान गाईड डा. भावना घोष का दिया।

शुआट्स में आईसीएआर पब्लिकेशन प्रदर्शनी 25-26 अप्रैल को

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), नैनी प्रयागराज में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) पब्लिकेशन प्रदर्शनी 25-26 अप्रैल को सेन्ट्रल लाइब्रेरी में लगाई जायेगी।यह जानकारी देते हुए लाइब्रेरियन क्रिस्टोफर सुधीर जॉर्ज ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 25 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. बिश्वरूप मेहरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की नवीनतम प्रकाशन और अनुसंधान को प्रदर्शित करना है जिससे छात्र-छात्रायें, शोधकर्ता एवं फेकल्टी लाभान्वित हो सकें।

सलमापुर में उर्स आज

फूलपुर। थाना अंतर्गत सराय शेषपीर उर्फ सलमापुर दीवानगंज में सालाना उर्स हजरत गुलजार शाह बाबा हजरत शहनवाज शाह बाबा का उर्स बुधवार को मनाया जाएगा। उक्त अवसर पर दिन में दरगाह शरीफ पर गुस्ल फातेहा चादर पोसी की रस्में अदा की जाएगी। रात में जवाबी कौवाली का मुकाबला कौवाल सुल्तान साबरी जौनपुरी तथा शहनवाज चिश्ती कौवाल भदोही के बीच होगा।

गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल को मिल रहा अपार समर्थन-निसार अहमद

लोकमित्र ब्यूरो

खीरी (प्रयागराज)। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही हैं वैसे-वैसे ही जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता तक पहुंचकर संवाद करने का कार्यक्रम तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में पूर्व सीएमओ डॉ. निसार अहमद द्वारा यमुनापार के दर्जनों गांव का दौरा कर जनसंवाद किया गया और उज्जवल रमण के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की बात कही गई। कोशफरा,रत्यौरा मोड,बड़ोखरा,चिरांव,बड़ोखर,भागेसर, लेडीयारी,बहरैचा,खीरी,इटवा,पौशला आदि गांवों में पहुंच कर वर्तमान समय में चल रही प्रमुख समस्याओं बिजली,पानी, स्वास्थ्य व्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई, आदि के बारे में जनमानस से मिलकर जनसंवाद किया गया। आगे बतलाया कि आज जहां मध्यमवर्गीय परिवार महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है वहीं सरकार के कुछ चहेते लोग अपने मन मुताबिक चीजों का दाम जनता से

वसूलने का कार्य कर रहे हैं। आज संपूर्ण देश भर में सबसे महंगी बिजली उत्तर प्रदेश की है। जैसे ही किसान की फसल तैयार हो जाती है वैसे ही क्रय केंद्र पर तैनात अधिकारी छुट्टियों पर चले जाते हैं। जिसके कारण अन्नदाता को अपनी फसल को औने पौने दाम पर बाजार में बेचा जाता है ।लोगों का कहना है कि जितने आसानी व सादगी से हम लोग कुंवर रेवतीरमन सिंह एवम् कुंवर उज्ज्वल रमण से मिल लेते है। उतने आसानी से किसी से भी नहीं मिल सकते ।पद पर ना रहने के बावजूद भी जनता की सेवा में सदैव खड़ा रहने का कार्य आप दोनों लोगों द्वारा किया जाता है। इसके कारण समूचा क्षेत्र इस बार कुंवर उज्जवल रमण सिंह के साथ है ।उक्त मौके पर मुख्य रूप से अशोक पटेल,तेजनारायण कुशवाहा,अरुण कुशवाहा,संजीव कुशवाहा,ज्ञानचंद्र सिंह,राम गोपाल सिंह,गायत्री प्रसाद,लल्लन पटेल,किताब अली, मासूक अहमद,विजय केसरी,नसीम अहमद,मनीष कुसावाहा,गोपी सोनी,पुष्पराज यादव,कौशलेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य की हो रही पूर्ति- राजमाता सीता कुमारी

प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

कोरांव(प्रयागराज)। गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रदेश एवं जनपद स्तर पर जिन छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान बनाया था, उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का कार्य गोपाल विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई द्वारा किया गया।

गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज प्रबंध समिति की अध्यक्ष राजमाता सीता कुमारी पत्नी स्व0 राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के आदेश पर कक्षा बारहवीं में प्रदेश में अपना स्थान बनाने वाले छात्र को 11000 नगद तथा कक्षा दसवीं में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र 7500 नगद साथ ही जिले में स्थान बनाने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को 2100 नगद उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई द्वारा दिया गया। राजमाता सीता कुमारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के प्रबंधक राजा अजेय सिंह ने मोबाइल वार्ता के दौरान खुशी जाहिर करते हुए भाव विभोर हुए और उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मेरे पिता ने इस विद्यालय की स्थापना की थी आज विद्यालय उस उद्देश्य को प्राप्त कर रहा है। निरंतर प्रगति पर बढ़ता रहे और शिक्षा सुचारू रूप से मिलती रहे यही मेरी कामना है। उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने प्रांगण में उपस्थित सभी अभिभावकों का माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर स्वागत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद साबिर अली ने आए हुए सभी अभिभावकों छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलेश त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, गोविन्द मिश्रा एवं समस्त अध्यापक अध्यापिका छात्र-छात्रा और अभिभावक उपस्थित रहे।

विलायती कांटेदार वृक्ष सड़क तक फैलने से हो रही दुर्घटनाएं

लेड़ियारी(प्रयागराज)। कृषि उत्पादन मंडी समिति टूटी मार्ग पर विलायती कांटेदार वृक्ष फैलने से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है । इस संबंध मे ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह तथा किसानों व व्यापारियों ने कटाई के लिए कई बार शीर्ष अधिकारियों से मौखिक शिकायत के बावजूद इस ओर ध्यान नही दिया गया । इससे लोगों में अक्रोष व्याप्त है ।

लेड़ियारी के सामाजिक आशीष मिश्रा, अनील कुमार केशरी, जनेश्वर प्रसाद चौबे, अंकज केशरी, दया शंकर द्विवेदी, प्रकाश द्विवेदी, सुनील कुमार कुशवाहा , सुशील सिंह आदि लोगों का कहना है कि मंडी सड़क पर आने जाने साइकिल, दो पहिया वाहन, राहगीरों को आये दिन दुर्घटनाएं होती है । जबकि इस सड़क से प्रति दिन साइकिल सवार छात्र, छात्राऐ , पल्लेदार इस मार्ग से गुजरते हैं। क्योंकि सड़के के किनारे उगे विलायती कांटेदार वृक्ष काफी बड़े हो गए है और सड़क की तरफ लटक गए है ।

इस कारण सामने से आने वाली गाड़ियां नही दिखती और दुर्घटना हो जाती है । ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या के समाधान की मांग की है ।

इस संबंध मे मंडी सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि चैलारी मार्ग की तरफ कटाई कल तक करा दिया जाएगा। लेकिन लेड़ियारी मंडी गेट से जाने वाला मार्ग विवाद होने से नहीं काटा जा सकता है।

आंधी-तूफान ने जमकर मचाई तबाही,कई जगह ट्रांसफार्मर खंभे व गिरे पेड़, रास्ता बंद

लालापुर क्षेत्र में विद्युत सप्लाई पूरी तरह से चरमराई

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र में मंगलवार को देर शाम लगभग चार बजे तेज तूफान के साथ आयी बारिश के साथ ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचायी। बेमौसम बारिश से जहाँ एक तरफ गरीबों के आशियाने पर कहर बरपाया तो दूसरी तरफ रास्ते पर गिरे पेड़ों ने आम रास्ता बाधित कर दिया। गांव में झोपड़ी बना कर रहने वाले ग़रीबों की झोपड़ी उड़ गई तो दूसरी तरफ बगीचा में मौजूद आप के पेड़ों पर लगे आम के फल पूरी तरह से जमींदोज हो गये।

लालापुर क्षेत्र के इछौरा गांव में वीरेन्द्र पाण्डेय के यहां लगा 25 केवी ट्रांसफार्मर डबल पोल गिरकर टूट गया। ट्रांसफार्मर का पूरा तेल गिरकर बह गया जिससे काफी नुकसान हुआ। इसी क्रम में भटपुरा पुलिया के पास लगा किलोमीटर बोर्ड पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है ।लालापुर गांव में अनूप पाण्डेय व अवध किशोर पाण्डेय के घर पर नीम कै पेड़ गिरने से घर का काफी नुकसान हो गया है। रामचंद्र वाटिका में शादी विवाह समारोह के लिए लगाये गये टीन सेट व टेंट भी तूफान में उड़ गये तुफानी बारिस ने गांव की गलियों में साफ-सफाई की भी पोल खोल कर रख दिया। समाचार लिखे जाने तक सब स्टेशन लालापुर के जेई द्वारा यह प्रयास जारी है कि सभी गांवों को देर रात बिजली चालू कर दिया जायेगा।

दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के चक रघुनाथ बोगवा गली मोहल्ले में बीती रात चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। दुकानदार के द्वारा घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दे दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार चक रघुनाथ बोगवा गली निवासी हरे कृष्ण यादव उर्फ वीरू यादव ने घर में ही किराने की दुकान खोल रखी है। सोमवार को वह दुकान में ताला बंद कर परिवार समेत किसी शादी समारोह में चले गए। वापस आकर देखा, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। फौरन उन्होंने ताला टूटने की सूचना इलाकाई पुलिस को दी। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरा में ताला तोड़ते हुए चोर की फोटो कैद हो गई है। पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

अनियंत्रित बोलेरो मंदिर में घुसी, टीनशेड क्षतिग्रस्त

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे के समीप स्थित हनुमान जी की मंदिर में मंगलवार की भोर में अनियंत्रित बोलेरो जा घुसी। जिसमें मंदिर के ऊपर लगे टीन सेट क्षतिग्रस्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की भोर में तकरीबन 5ः00 बजे शहर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर हनुमान जी की मंदिर में जा घुसी। जिसकी वजह से मंदिर के ऊपर लगे टीन सेट क्षतिग्रस्त हो गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए। तब तक बोलेरो चालक गाड़ी लेकर भाग गया।

बेतरतीब खड़े वाहनों से लेड़ियारी बाजार में लग रहा जाम

लेड़ियारी(प्रयागराज)। कस्बे में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से राहगीरों को जाम की समस्या से जुझना पड़ रहा है। वहीं व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। कस्बे के लोगों ने संबधित विभाग के अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। लेड़ियारी बाजार कृषि उत्पादन मंडी समिति के रूप में मशहूर हैं । कस्बे के बाजार सैकड़ों रेडीमेड, कपड़े की दुकानें हैं । इसके अलावा मेडिकल स्टोर, किराना के साथ कई प्रतिष्ठान है ।लेकिन 15 फीट की रोड़ पर 8 से 10 फीट बेतरतीब वाहन खड़ी करने वाले जगह घेर लेते है । जिसके चलते बाजारों में पिछले कई सालों से जाम कै झाम से जूझ रहा है । लोग दुकानों के अंदर चले जाते हैं । और इत्मीनान से सामान खरीदने में व्यस्त रहते है । जबकि बाहर एंबुलेंस समेत कई गाड़ियां हार्न देते हुए फंसी होती हैं । जिनको पास कराने के लिए कोई इंतजाम नहीं होता है । मामले में कई बार अन्य प्रतिष्ठानों ने व्यापारियों ने एसडीएम कोरांव समेत आला अधिकारियों से जाम से छुटकारा दिलाने की गुहार लगाई थी । लेकिन इसके बावजूद आज भी लेड़ियारी बाजार से परेशान है । सबसे ज्यादा मुसीबत गंभीर रूप से घायल उन मरीजों की होती हैं । जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुचने में होती है।

क्रय केंद्रों पर गेहूं का भुगतान किसान फौरन पाएंगे- रमेश सिंह

सार्वजनिक वितरण प्रणाली और क्रय केंद्रों में भ्रष्ट लोग बख्से नहीं जायेंगें- एडीएम आपूर्ति

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव(प्रयागराज)। प्रयाग राज के एडीएम नागरिक आपूर्ति रमेश सिंह ने गेहूं की फसल को क्रय केंद्रों पर बिक्री करने का आह्वान किसानों से किया है। श्री सिंह एडीएम आपूर्ति प्रयागराज ने बताया कि क्रय केंद्रों आर गेहूं की आवक कम दिख रही है। जबकि किसानों को तुरंत बिक्री का भुगतान किया जा रहा है। यदि इसमें कोई भी क्रय केंद्रों का प्रभारी,जिम्मेदार दोषी मिला तो कत्तई उन्हे बक्सा नहीं जायेगा। एडीएम ने बताया कि इसी

तरह यदि कोटेदारों की शिकायतें घट तौली अनियमितता की मिलेगी तो एफआईआर होगी और उन्हें संरक्षण देने वाले चाहे अधिकारी हों या कर्मचारी उन्हे भी नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सरकार की मंशानूसार समुचित रूप से क्रियान्वयन किए जाने में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें मिल चुकी हैं। चेतावनियों पर भी सुधार नहीं दिख रहा तो निश्चय ही विभागीय कार्यवाई की जायेगी। उक्त बातें रमेश सिंह एडीएम नागरिक आपूर्ति प्रयागराज ने इस प्रेस प्रतिनिधि से मगलवार को कही।

भदोही भाजपा प्रत्याशी का विधानसभा प्रतापपुर में जमकर स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। विधानसभा प्रतापपुर के मोहम्मदाबाद बाजार में अपना दल एस और भदोही भाजपा प्रत्याशी डाक्टर विनोद कुमार बिंद की समन्वय बैठक में अपना दल एस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी का जमकर स्वागत किया।कार्यक्रम में अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर सिंह पटेल का भी जमकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के विधानसभा प्रतापपुर अध्यक्ष धर्मराज पटेल ने किया। संचालन वीरेंद्र कुमार पटेल ने किया। समन्वय बैठक को पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल, बी डी गौड़, श्याम राज पटेल,भारत सिंह, जिलाध्यक्ष भानू प्रताप पटेल, समशाद आलम, राजित राम पटेल, विनोद मौर्य, नंदलाल पटेल, लाल जी, समशेर, महेश भारतीय, उदय राज , राजा बाबू हिन्दुस्तानी, आशुतोष पटेल, विकास पासी आदि पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया।

मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

थरवई। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय मटियारा सोरांव में मतदाता जागरूकता रैली एवं स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन प्रशांत ओझा(एस .आए.जी)के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर निकाली गई जिसमें स्काउट गाइड और कब बुलबुल के बच्चों के साथ डॉक्टर रीना सिंह और श्रीमती मधुलिका सिंह ने सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को साथ लेकर प्रतिभाग किया तथा गांव के मतदाताओं को जागरूक किया गया । अभिभावकों

को अपने 6 वर्ष के बच्चों का नामांकन कराने के लिए भी प्रेरित किया गया । श्रीमती नफीस फात्मा ,आशा पटेल ,देवेंद्र प्रताप सिंह ,वंदना राव ,अर्चना ,आरती पटेल ,वंदना मिश्रा और शैल कुमारी आदि शिक्षिकाओं ने गांव वालों को वोट देने के लिए प्रेरित किया।

अनुराग और सौरभ ने फोर्ड स्कूल को जिताया

प्रयागराज। अनुराग शुक्ला के अर्धशतक (60 रन, 45 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) एवं सौरभ तिवारी की उम्दा गेंदबाजी (6-3-07-4) की बदौलत फोर्ड स्कूल क्लब ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 24 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर खेले गए मैच में मंगलवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 29.4 ओवर में 188 रन (अनुराग

शुक्ला 60, आर्यन पाण्डेय व अभिमन्यु सिंह 18-18, अमन गुप्ता 4/30, आदित्य विक्रम बिंद 3/40) बनाए। जवाब में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब की टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर 164 रन (अनिमेष यादव 36 नाबाद, उत्कर्ष कुशवाहा 27, मोहम्मद अर्श 26, सौरभ तिवारी 4/07, अर्चित सिंह 3/26) ही बना सकी। सौरव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इंसुलिन मिलने के बाद बोले संजय सिंह, 'तिहाड़ जेल आज केजरीवाल के लिए बना यातना गृह'

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में गिरफ्तारी के बाद पहली बार इंसुलिन देने के बाद अब आम आदमी पार्टी लगातार ईडी, जेल प्रशासन और भाजपा पर निशाना साध रही हैं। आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दी जा चुकी हैं। जिसकी हम मांग कर रहे थे।

उन्होंने सवाल करते हुए पूछा कि आखिर बीते 23 दिनों से उन्हें इंसुलिन क्यों नहीं दी गई थी। हम पूछना चाहते हैं कि क्या यह अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश थी। दिल्ली की तिहाड़ जेल अरविंद कजेरीवाल के लिए आज यातना गृह बन चुका है। 24 घंटे उन्हें पीएमओ और एलजी की निगरानी में रखा जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल को बीती शाम दिल्ली की तिहाड़ जेल में इन्सुलिन दी गई। केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार हाई हो रहा था। जो 320 तक पहुंच गया था। प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी के बाद पहली बार इन्सुलिन दी गई है। तिहाड़ के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि केजरीवाल को बीती शाम 7 बजे के बाद इंसुलिन की दो खुराक दी गई थी।

केजरीवाल के स्वास्थ्य पर तिहाड़ जेल प्रशासन का बयान

अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर तिहाड़ जेल के महानिदेशक (जेल) संजय बेनीवाल ने कहा कि खाना हमारे यहां समय पर दिया जाता है। अदालत आदेश के चलते इन्हें घर से खाना आता है। जिसकी जांच में पांच से सात मिनट का समय लगता है। हमारे यहां लगभग 900-1000 कैदियों को मधुमेह है। हम जिनका प्रबंधन कर रहे हैं। मेरे लिए ये मुद्दे नहीं है। लेकिन अगर लोग राजनीति के लिए ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, मुझे इसमें शामिल नहीं होना है।

जेल अधीक्षक को केजरीवाल की चिट्ठी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने जेल प्रशासन पर गलत बयान देने का आरोप लगाया है। तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान 'अरविंद केजरीवाल ने इंसुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया' यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 10 दिन से लगातार इंसुलिन का मुद्दा उठा रहे हैं। जब भी कोई डॉक्टर देखने आया, तो उन्हें बताया कि उनका शुगर लेवल बहुत हाई है। मैंने ग्लूको-मीटर की रीडिंग दिखाकर बताया कि दिन में 3 बार पीक आती है और शुगर लेवल 250-320 के बीच जाता है। मैंने बताया कि फास्टिंग का शुगर लेवल रोज 160-200 पर है। मैंने रोज इंसुलिन की मांग की है। लेकिन यह झूठा बयान कैसे दे सकते हैं कि केजरीवाल ने कभी इंसुलिन का मुद्दा नहीं उठाया।

'न्याय के सिद्धांत कमजोर होंगे', मुस्लिम समुदाय को पिछड़ा वर्ग में लाने के सरकार के फैसले पर एनसीबीसी

बंगलूरू। कर्नाटक सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य में पूरे मुस्लिम समुदाय को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया है। हालांकि सरकार के इस कदम की आलोचना हो रही है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी कर्नाटक सरकार के फैसले पर आपत्ति जताई है और कहा है कि सरकार के इस फैसले से सामाजिक न्याय के सिद्धांत कमजोर होंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जो आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, उनके अनुसार, राज्य में मुस्लिम वर्ग की सभी जातियों को शैक्षिक और सामाजिक तौर पर पिछड़ा माना गया है और उन्हें राज्य की पिछड़ा वर्ग की आईआईबी कैटेगरी में लिस्ट किया गया है। बीते साल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) ने ओबीसी वर्ग के लिए राज्य की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। अब सोमवार रात को एनसीबीसी ने बयान जारी कर कहा कि राज्य में मुस्लिम वर्ग की सभी जातियों और समुदायों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा माना गया है और राज्य की पिछड़ा वर्ग लिस्ट में उन्हें कैटेगरी आईआईबी में लिस्ट किया गया है। इससे उन्हें शिक्षण संस्थानों में दाखिले में और राज्य सेवाओं में भर्ती में आरक्षण का लाभ मिलेगा।

पिछड़ा आयोग ने सरकार के फैसले पर जताई नाराजगी

एनसीबीसी ने राज्य सरकार के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पूरे मुस्लिम समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने का फैसला सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करेगा। एनसीबीसी ने माना कि मुस्लिम समुदाय में ऐतिहासिक तौर पर हाशिए पर मौजूद वर्ग हैं, लेकिन पूरे समुदाय को पिछड़ा मानना गलत है। एनसीबीसी ने सरकार के फैसले पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्थानीय निकाय चुनाव में 32 फीसदी आरक्षण का दिया जाता है। इस आरक्षण को विभिन्न समुदायों में बांटने की मांग उठ रही है। राज्य में मुस्लिम जनसंख्या करीब 12.92 फीसदी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यूएपीए मामले में आरोपी को जमानत देने से इनकार किया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि हिंसक प्रदर्शन विरोध करने के संवैधानिक अधिकार से परे है तथा यह कानून के तहत दंडनीय अपराध है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मंगलवार को अपलोड किए गए अपने आदेश में कहा कि इस बारे में पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी सलीम मलिक गहरी साजिश में सह साजिशकर्ता था जिसने शांति एवं सद्भाव में कथित तौर पर खलल डालने के लिए धर्म के नाम पर स्थानीय लोगों को उकसाया। अदालत ने कहा कि प्रदर्शन स्थलों को धर्मनिरपेक्ष रंग देने के लिए धर्मनिरपेक्ष नाम/हिंदू नाम दिए गए थे और साजिशकर्ताओं का उद्देश्य विरोध प्रदर्शन को चक्का जाम तक ले जाने तथा एकत्रित भीड़ को हिंसा के लिए उकसाना था। इसने कहा, ''दिनांक 20/21.02.2020 को चांद बाग में और फिर 22/23.02.2020 को हुई बैठकों में अपीलकर्ता के साथ अन्य आरोपी भी शामिल हुए और दंगा रूपी हिंसा तथा दिल्ली को जलाने से संबंधित पहलुओं पर खुलकर चर्चा की गई जो किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र में स्वीकार्य नहीं है।'' पीठ ने 22 अप्रैल को पारित आदेश में कहा, वित्तपोषण, हथियारों की व्यवस्था करने, लोगों की हत्या और संपत्ति में आग लगाने के लिए पेट्रोल बम खरीदने तथा इलाके में लगे सीसीटीवी को नष्ट करने की भी बातचीत हुई थी। अदालत ने कहा कि तथ्यात्मक सामग्री और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया सही मामला बनता है।

हाईकोर्ट ने पूर्व डीजीपी की सजा को बरकरार रखा, महिला पुलिस अधिकारी के उत्पीड़न का मामला

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को यौन उत्पीड़न के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को दी गई तीन साल की सजा को रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम ढांडापानी ने विभिन्न याचिकाओं को खारिज करते हुए दास को निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी इनकार कर दिया। दास को विल्लुपुरम की स्थानीय अदालत ने 2021 में एक महिला आईपीएस अधिकारी का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

न्यायाधीश ने कहा कि महिलाओं की गरिमा भंग करने या उनके साथ अभद्र व्यवहार से जुड़े मामलों में अदालतों को आरोपियों की सजा रद्द करते वक्त बहुत चौकस रहना चाहिए और धीमी गति से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामला एक ऐसे व्यक्ति से जुड़ा है, जो पुलिस बल में बहुत ऊंचे पद पर आसीन था। उन्होंने कहा, पुलिस एक अनुशासित बल है, जिसमें शीर्ष पदों पर बैठें लोगों को उच्च अनुशासन का प्रदर्शन करना चाहिए और उन्हें खुद को देश के नागरिकों के लिए रोल मॉडल के रूप में पेश करना चाहिए।

न्यायाधीश ने कहा कि मौजूदा मामले में पुनरीक्षण याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया गया था कि उसने अपने अधीनस्थ एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार किया। जब आम जनता महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करती है तो यह पुलिस अधिकारी कार्रवाई करते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें बिना किसी भय या पक्षपात के अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए उच्च सम्मान की नजर से देखा जाता था।

न्यायाधीश ने कहा कि यह अदालत सजा को रद्द करने पर विचार कर रही है। लेकिन याचिकाकर्ता की ओर से बताए गए विरोधाभास सकारात्मक प्रकृति के नहीं थे। इसके अलाव, निचली अदालतों में मामला साक्ष्यों के आधार पर टिका हुआ है। न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह के मामलों में अदालत पीड़ित के साक्ष्य पर विचार करने के लिए बाध्य है,ताकि यह पता लगाया जा सके कि साक्ष्य विश्वसनीय है या नहीं।

बंगाल में लगाएंगे घुसपैठ पर लगाम-अमित शाह

कोलकाता, (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा के 18 सीटें जीतने से अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, तो इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीटें जीतने से निश्चित रूप से अवैध घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी मिलेगी।उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत करणदिघी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने 2019 में भाजपा उम्मीदवारों के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। इसके बाद, अयोध्या में राममंदिर एक वास्तविकता बन गया। अगर इस बार भाजपा के सीटों की संख्या 35 हो जाती है तो पश्चिम बंगाल के लोगों को अवैध घुसपैठ के खतरे से मुक्ति मिल जाएगी।

बॉम्बे हाईकोर्ट से 10 साल बाद मिली सैफुद्दीन को राहत, बने रहेंगे दाऊदी बोहरा समुदाय के धार्मिक नेता

मुंबई। 10 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार बॉम्बे हाईकोर्ट ने सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को राहत दी। अदालत ने उसके भतीजे सैयदना ताहिर फखरुद्दीन का दावा खारिज करते हुए उनके दाई-अल-मुतलक या दाऊदी बोहरा समुदाय के धार्मिक नेता का पद बरकरार रखा।

यह मुकदमा शुरू में खुजैमा कुतुबुद्दीन ने अपने भाई सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन के जनवरी 2014 में 102 वर्ष की आयु में निधन के तुरंत बाद दायर किया था। बुरहानुद्दीन के दूसरे बेटे मुफद्दल सैफुद्दीन ने सैयदना का पदभार संभाला। जस्टिस जीएस पटेल ने फैसला सुनाते हुए फखरुद्दीन का मुकदमा खारिज कर दिया। इस मामले में नौ साल तक लंबी सुनवाई चली। फिर अदालत ने पिछले साल अप्रैल में फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंतिम सुनवाई नवंबर 2022 में शुरू हुई और अप्रैल 2023 में समाप्त हुई। कुतुबुद्दीन ने अपने मुकदमे में अदालत से अपने भतीजे सैफुद्दीन को सैयदना के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने की मांग की थी। उन्होंने दावा किया था कि उनके भाई बुरहानुद्दीन ने उन्हें 'मजून' (सेकंड-इन-कमांड) नियुक्त किया था और 10 दिसंबर, 1965 को घोषणा से पहले एक गोपनीय 'नस' (उत्तराधिकार प्रदान करने) के माध्यम से निजी तौर पर उन्हें अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। हालांकि, 2016 में कुतुबुद्दीन का निधन हो गया, जिसके बाद हाईकोर्ट ने उनके बेटे ताहिर फखरुद्दीन को मुकदमे में वादी के रूप में उनकी जगह लेने की अनुमति दी। फखरुद्दीन ने दावा किया था कि मरने से पहले उनके पिता ने उन्हें इस पद के लिए नियुक्त किया था।

हरदीप पुरी का राहुल गांधी को जवाब, आजादी के बाद से अब तक 35 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए

नई दिल्ली। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सूरत पहली बार नहीं है कि कोई उम्मीदवार संसद के लिए निर्विरोध चुना गया है। आजादी के बाद से आम चुनावों और उपचुनावों में 35 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि एक और गलत शोधपूर्ण टिप्पणी के साथ, इस बार सूरत में मुकेश दलाल जी के निर्विरोध चुनाव पर, 'युवा' और महत्वाकांक्षी कांग्रेस नेता अपने प्रसिद्ध उपनाम पर कायम हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत पर उनकी ₹गलत शोध₹ टिप्पणी के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। सिंह ने बताया कि यह पहली बार नहीं है कि किसी उम्मीदवार ने निर्विरोध चुनाव जीता है और ऐसे विजेताओं की सूची कांग्रेस नेताओं से भरी हुई है। हरदीप सिंह पुरी ने उन मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया, जिनमें निर्विरोध चुनाव जीतने वाले राजनीतिक नेताओं की सूची दी गई थी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सूरत पहली बार नहीं है कि कोई उम्मीदवार संसद के लिए निर्विरोध चुना गया है। आजादी के बाद से आम चुनावों और उपचुनावों में 35 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि एक और गलत शोधपूर्ण टिप्पणी के साथ, इस बार सूरत में मुकेश दलाल जी के निर्विरोध चुनाव पर, 'युवा' और महत्वाकांक्षी कांग्रेस नेता अपने प्रसिद्ध उपनाम पर कायम हैं। लोकतंत्र में उनका विश्वास तब और मजबूत होगा जब उन्हें पता चलेगा कि 35 में से आधे से अधिक उम्मीदवार कांग्रेस पार्टी से थे; और साजिश के सिद्धांतों में उनका विश्वास तब हिल जाएगा जब उन्हें पता चलेगा कि इस सूची में 1980 में उनके गठबंधन सहयोगियों श्री फारूक अब्दुल्ला जी और 2012 में श्रीमती डिंपल यादव जी भी शामिल हैं।

ओडिशा के विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा निलंबित, कोर्ट ने राज्य सरकार को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामले में ओडिशा के कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ चुनोती देने वाली विधायक की याचिका पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया है। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के वरिष्ठ वकील को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता की सजा निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। विधायक मोहम्मद मुकीम को विजिलेंस कोर्ट द्वारा 29 सितंबर 2022 को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाया गया था। विजिलेंस कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मुकीम ने मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर रहते हुए एक आईएएस अफसर के साथ मिलकर एक रियल एस्टेट फर्म को फायदा पहुंचाया था। उस दौरान कोर्ट ने विधायक को तीन साल की कैद और 50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

केरल सीएम का राहुल पर वार : बोले- कांग्रेस उनमें बदलाव का दावा करती है, पर उनके बयानों से नेता का आचरण नहीं झलकता

नई दिल्ली। केरल सीएम पिनराई विजयन ने भाजपा और कांग्रेस पर वार किया है। उन्होंने कहा हैं कि केरल में भाजपा की नफरत वाली विचारधारा नहीं आ सकती। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा तो पहले से ही केरल विरोधी रही है लेकिन कांग्रेस सांसद भी केरल विरोधी हो गए हैं। केरल की जनता सब समझ रही है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राहुल गांधी के बारे में बात करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद से उनमें काफी बदलाव आया है। लेकिन हाल ही में उनके जारी किए गए बयान से इस बात को गलत साबित करता है। एक राजनीतिक पद होने के बाद राजनेता से कुछ आचरण की अपेक्षा की जाती है, जिसे उसे पालन करना चाहिए। राहुल गांधी भाजपा और अन्य कई एजेंसियों की मदद करते हैं, वो उनके पद के लिए सही नहीं है। इन्होंने कहा कि अब जनता भी ये मानने लगी है कि राहुल गंभीर राजनेता नहीं हैं, उनकी बातों से अपरिपक्वता झलकती है।

संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता खत्म कर रही भाजपा

सीएम विजयन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही है। संवैधानिक संस्थाएं जैसे ईडी, सीबीआई, आदि की स्वतंत्रता और स्वायत्तता खत्म कर रही है। चुनाव आयोग के लिए चयन समिति का गठन किया जाना चिंताजनक है। चुनाव के दौरान कई बार प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार उच्च पदों पर आसीन अधिकारियों और नेताओं पर कानूनी उल्लघंन का आरोप लगाया गया। चुनाव आयोग मूक रहा।चुनाव आयोग मूक बना रहा

पीएम के सांप्रदायिकता के बयान पर सीएम पिनराई ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता खो दी है। चुनाव आयोग हर उन मुद्दों पर खामोश रहा जहां भाजपा द्वारा कानूनी उल्लघंन किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री अपने बयान में सांप्रदायिकता की बात कर धार्मिक भावनाओं को भड़का रहे हैं। उनका धार्मिक भावनाओं के भड़काने वाला यह बयान उनकी निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है। लेकिन चुनाव आयोग को अपनी निष्पक्षता साबित करते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के साथ कांग्रेस सांसदों का भी केरल विरोधी रवैया

सीएम विजयन ने कहा कि भाजपा की नफरत वाली विचारधारा केरल में प्रवेश नहीं कर सकती। क्योंकि केरल की जनता इसको समझती है। इसी कारण से भाजपा केरल विरोधी रवैया अपनाती है। लेकिन अब तो कांग्रेस के मौजूदा 18 सांसद भी केरल विरोधी रवैया अपनाने लगे हैं। ऐसा क्यों है? जनता इस का फैसला करेगी।

'गिरफ्तारी के डर से देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना में फूट डाली', संजय राउत का बड़ा दावा

मुंबई। उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि कथित फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तारी के डर से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने शिवसेना में फूट डाल दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लोकसभा चुनाव में हार जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई सरकार भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ मामलों की जांच करेगी, जिन्हें बंद किया जा चुका है।

राउत ने कहा कि जब 2019-2022 तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सत्ता में थी, तब भाजपा नेताओं प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, आशीष शेलार, गिरीश महाजन के खिलाफ विभिन्न मामलों में जांच चल रही थी।

पार्टी के नेताओं को छू नहीं सकते

उन्होंने कहा, 'अगर आप हमारे नेताओं को गिरफ्तार करते हैं, तो क्या हम आपकी पार्टी के नेताओं को छू नहीं सकते। देवेंद्र फडणवीस पर विरोधियों के फोन टैप करने का गंभीर आरोप लगा है। इस डर से कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है और सजा का सामना करना पड़ सकता है, उन्होंने शिवसेना में फूट डाल दी।'

2022 में विभाजित हुई शिवसेना

गौरतलब है, जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी के अधिकांश विधायकों द्वारा पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह करने के बाद शिवसेना विभाजित हो गई। पिछले साल, चुनाव आयोग के साथ-साथ राज्य विधानसभा अध्यक्ष ने शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी। साथ ही धनुष और तीर चुनाव चिह्न आवंटित किया।

साल 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे फडणवीस ने गृह विभाग का भी नेतृत्व संभाला। तत्कालीन राज्य खुफिया विभाग (एसआईडी) की प्रमुख रश्मि शुक्ला पर अवैध रूप से विपक्षी नेताओं के फोन टैप करने का आरोप लगाया गया था। पिछले साल सितंबर में, बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्ला के खिलाफ दो एफआईआर रद्द कर दी थीं, जो अब राज्य की पुलिस महानिदेशक हैं।

कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर असम के मुख्यमंत्री का तंज, बोले- इसके सहारे पाकिस्तान में जीत सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली। असम के सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस घोषणापत्र के साथ पाकिस्तान में चुनाव जीता जा सकता है।

कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भाजपा लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है। यही नहीं कांग्रेस पर पीएम मोदी ने निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस जीत जाने के बाद लोगों की संपत्ति अधिक बच्चे वालों को बांट देगी। इस बात ने तूल पकड़ लिया। जहां इस बयान पर कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री को नोटिस जारी करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता इस बात को सही बताते हुए कांग्रेस को घेर रहे हैं।

असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंत बिस्व सर्मा ने कहा है कि कांग्रेस का घोषणापत्र कहीं से भी भारत की जनता के लिए नहीं बना है। यह पाकिस्तान की जनता के लिए सटीक है। कांग्रेस इस घोषणापत्र के साथ पाकिस्तान में चुनाव जीत सकती है। कांग्रेस का घोषणापत्र ऐसा है जो कि आम आदमी के संसाधनों को छीनेगा और देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा।

उन्होंने दावा कि भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र की सच्चाई जनता को बता दी है। सीएम हिमंत ने कहा कि वे कांग्रेस का चुनौती देते हैं कि सार्वजनिक मंच पर आएं और साबित करें कि ये घोषणापत्र तुष्टीकरण है या नहीं।

पीएम मोदी के बयान को बताया सही

सीएम बिस्वा ने पीएम मोदी के राजस्थान में दिए बयान को सही बताते हुए कहा कि हम सभी का देश के संसाधनों पर पूरा हक है। अब कांग्रेस पार्टी को यह बताने की जरूरत है कि उनकी ओर से बयान क्यों आया कि देश के संसाधनों पर कुछ समुदाय विशेष का पहला हक है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी का भी मजाक उड़ाया।

संक्षेप

हनुमान जयन्ती निकाली गई भव्य शोभायात्रा

तिकुनियां-खीरी। कस्बे में हनुमान जयन्ती भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। हनुमान मित्र मंडल ने आज हनुमान जयंती पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशान यात्रा निकाली। यह यात्रा देवी मंदिर के महंत ब्रजेश गिरी की अगुवाई में पीपल मंदिर से प्रारंभ हुई और पूरे कस्बे में घूमकर वापस पीपल मंदिर पर ही आकर समाप्त हुई। यात्रा में हनुमान जी की दो झाकियां भी चल रही थी। पूरा कस्बा बाला जी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।इस निशान यात्रा में सैकड़ो हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

सामान्य प्रेक्षक आर.सीतालक्ष्मी पहुंची खीरी

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28_खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। वह मंगलवार की शाम खीरी पहुंच गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में प्रत्याशी और राजनीतिक दल प्रातः 11 बजे से प्रातः 12 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या 03 आकर मुलाकात कर सकते है। वही मा. ऑब्जर्वर के मोबाइल नंबर 9532608135 पर निर्वाचन के संबंध में संपर्क किया जा सकता है।

बोर्ड परीक्षा में कॉलेज में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

पूरा बाजार - अयोध्या। डॉ एच पी सिंह इंटर कॉलेज रामपुर हलवारा ,सरायराशी में बोर्ड परीक्षा में कॉलेज में सर्वोच्च अंक पाने वाले हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं को कॉलेज की प्रधानाचार्या निशा सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हाई स्कूल की सम्मानित छात्र छात्राओं में आरजू यादव 93.06% खुशी यादव 90% अनुप्रिया यादव 90% उज्जवल सिंह 88% स्वाति सिंह 85% तथा इंटरमीडिएट की छात्र-छात्राओं में हिमांगी यादव 91.4% नेहा यादव 88% शालिनी साहू 85% प्रिया यादव 85%थी प्रधानाचार्य निशा सिंह ने कहा कि स्मृति चिन्ह में आपको घड़ी इसलिए भेंट की जा रही है क्योंकि घड़ी सदैव आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक उदय प्रताप सिंह ने कॉलेज के प्रगति से अवगत कराते हुए छात्र छात्राओं की सफलता पर बधाई दिया।

हनुमान जयंती के अवसर पर शिविर लगाकर लोगों को प्रसाद वितरित किया

अयोध्या। सिन्धु युवा मंडल ने रामनगर चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर शिविर लगाकर प्रसाद के रुप में शर्बत, बिस्कुट व लड्डू वितरित किए इस अवसर पर प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश सावलानी ने पहली बार हनुमान जयंती के अवसर पर अपनी टीम के साथ शिविर लगाकर राह चलते लोगों को प्रसाद वितरित किया इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी, सिंधु महिला समिति की अध्यक्ष किरन पंजवानी, सिंधु महिला परिवार की अध्यक्ष मुस्कान सावलानी, युवा समाजसेवी हरीश सावलानी, चिन्मय मध्यान,वैभव राजपाल,भावेष वरियानी, कबीर दासवानी, शोभित उतरानी, मयंक उतरानी, हर्ष,उमेश संगतानी,मीना साधवानी,गोपी आडवानी, प्रकाश रुपानी,गोपी रुपानी, कमलेश खत्री आदि मौजूद रहे।

भाजपा में शामिल हुए सपा नेताओं का स्वागत

अयोध्या। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य शम्भू नाथ सिंह दीपू, पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख रमाकांत यादव सहित दर्जनों प्रधानों, बीडीसी को सोमवार को भाजपा में शामिल कराया था। सभी का भाजपा कार्यालय सहादतगंज तथा लोक सभा चुनाव कार्यालय में स्वागत किया गया। लोक सभा चुनाव कार्यालय में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व सहादतगंज कार्यालय में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सभी का माल्यार्पण तथा भगवा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। इस दौरान आशीष सिंह, राजेश सिंह, मनोज सिंह प्रधान, शिवम सिंह, दिवाकर तिवारी, शैलेन्द्र कुमार वर्मा ग्राम प्रधान , राजेश कुमार, राम सेवक वर्मा, राम सूरत गोस्वामी, प्रतीम मौर्या, संजय सिंह, गौतम मौर्या, रोहित वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा सहित भाजपा में शामिल अन्य लोगों का स्वागत किया गया।

डीएम-एसपी ने की राजनीतिक दलों संग बैठक, बताए चुनावी कायदे कानून

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनीतिक दलों संग बैठक कर निर्वाचन के संबंध में जरूरी दिशा निर्देशों से अवगत कराया। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मतदान जैसे कार्य को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जिससे किसी के ऊपर कोई आरोप न आए और मतदान की शुचिता भी बनी रहे।

उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट के लिए प्रशिक्षण स्थल पर विधानसभावार फैसिलिटेशन सेंटर बनाएं हैं, जिन कार्मिकों की ड्यूटी उसकी लोकसभा से इतर लगी है, उन्हें पोस्टल बैलेट निर्गत किया जाएगा। वही जिन कार्मिकों की ड्यूटी अपनी लोकसभा के किसी मतदेय स्थल पर लगी है, वह कार्मिक प्रशिक्षण स्थल से 12-ए पर आवेदन जारी होगा। जिसे भरकर संबंधित कार्मिक ईडीसी प्राप्त करेंगे। ताकि मतदान दिवस पर वह अपने ड्यूटी स्थल पर ईवीएम से मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल को जिला सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कार्मिकों का सेकंड रेंडमाइजेशन होगा, जिसके जरिए उन्हें विधानसभा अलर्ट होगी। 02 मई से कार्मिकों की द्वितीय ट्रेनिंग शुरू होगी। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ सके। डिप्टी डीईओ एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए निर्धारित समय से आवेदन करें। जिससे उसकी अनुमति समय से दी जा सके। कोई भी निर्वाचन संबंधित कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जाए, जिससे कोई समस्या उत्पन्न हो। बैठक में सभी राजनीतिक दलों की अधिकृत प्रतिनिधि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अयोध्या में लगाया गया पंजीकरण एवं अनुज्ञप्ति हेतु कैंप

अयोध्या। हनुमान गढ़ी अयोध्या में पंजीकरण एवं अनुज्ञप्ति हेतु कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय व्यापारियों द्वारा उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया तथा 55 अनुज्ञप्ति व 15 पंजीकरण को स्थानीय जन सेवा केंद्र से प्रोसेस करने हेतु दिलवा दिया गया तथा श्रृंगारहाट, सब्जी मंडी व रामपथ पर कारोबारियों को पंजीकरण एवं अनुज्ञप्ति बनवाने हेतु प्रेरित किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर लखनऊ हाईवे पर सत्ती चौरा पुलिस चौकी के निकट सचल दल की टीम द्वारा एक सप्लाई वाहन से पनीर का नमूना लिया गया तथा वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण सड़क पर और झाड़ियों में बिखरा लगभग 30 क्विंटल 70 किग्रा पनीर नष्ट कराया गया जिसका बाजार मूल्य रु 675000 आंका गया। पनीर मथुरा स्थित मयंक डेरी द्वारा अमृत डेरी विक्रमजोत बस्ती को भेजा जा रहा था।

धौरहरा से सपा, भाजपा सहित कुल चार लोगों ने दाखिल किया नामांकन

लोकमित्र, ब्रजेश जायसवाल

लखीमपुर-खीरी। आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को नामांकन के पांचवें दिन 29_धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सपा से आनंद भदौरिया ने दो सेट, भाजपा से रेखा वर्मा ने एक सेट, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार और आम जनता पार्टी (इंडिया) से आशुतोष पाठक एक-एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। वही 28_खीरी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने आज पुनः एक सेट सेट दाखिल किया।नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा शिविर का सांसद ने किया समापन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। राणी सती मंदिर मसौधा में तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार हुआ। शिविर की शुरूवात 20 अप्रैल की हुई थी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लल्लू सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिया। शिविर का आयोजन श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान एवं अवध खेल एसोशिएसन द्वारा किया गया था। जिसमें बालिकों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। गाजीपुर में आयोजित स्टेट लेबल किंग बाक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 17 बच्चों को सम्मानित किया गया।समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। बालिकाएं स्वंय की रक्षा करें और दूसरों की भी कर सकें। इस तरह की ट्रेनिंग बालिकाओं को देना जरूरी है। बालिकाओं में आत्मविश्वास व साहस पैदा करने के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है। पीएम मोदी इस प्रकार के आयोजनों तथा खेलों को प्रोत्साहन देते हैं। श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान की प्रबंधक उर्मिला सिंह ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, आत्म-अनुशासन और आत्म-सम्मान के साथ-साथ दूसरों के प्रति सम्मान विकसित होता है। बालिकाएं आवश्यक्ता पड़ने पर अपनी रक्षा करने के साथ दूसरों की भी सहायता कर सकें इस भाव के साथ तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया था।अवध खेल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा आयोजित शिविर में 250 बालिकाओं ने भाग लिया। जिन्हें प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। गाजीपुर में आयोजित स्टेट लेवल किंग बाक्सिंग में जिले के 17 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। सभी प्रतिभागियों को शिविर के समापन के अवसर पर सम्मानित किया गया।

अचरौरा पोखरा में दो आशियाने अग्निदेव के हवाले

धौरहरा-खीरी। तहसील क्षेत्र के ईसानगर विकास खंण्ड के पोखरा अचरौरा में अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों की गृहस्थी समेत 50,000 हजार रुपये की नकदी जलकर राख बन गई। इस दौरान पीड़ति परिवार आग का विकराल रूप देख घर स्वयं के अलावा कुछ भी बचाने में नाकामयाब रहे।

तहसील क्षेत्र में मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे ईसानगर क्षेत्र के पोखरा अचरौरा में अज्ञात कारणों से लगी आग में पवन पाठक व रघुनंदन पाठक के घर कुछ ही देर में जलकर राख बन गए। इस दौरान कुछ महीने बाद घर मे होने वाली शादी को लेकर खरीदी गई ग्रहस्थी व 50,000 की नकदी जलकर राख हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू कर तहसील में सूचना दी। जहां से हल्का लेखपाल मौके पर पहुचकर हुए नुकसान का आंकलन कर जल्द ही शाशन से के फरमान के तहत तहसीलस्तर से मदद दिलवाने का अस्वासन दिया है।

पत्रकार सुरक्षा कानून और संगठन की समीक्षा को लेकर जेसीआई ने किया मंथन

पूरे देश में लागू हो पत्रकार सुरक्षा कानून

» जेसीआई ने भेजा केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री को पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। पत्रकारों की राष्ट्रीय संस्था जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया ने आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हैं हमले और उत्पीड़न को लेकर एक वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनुराग सक्सेना एवं संचालन संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 आर0 सी0 श्रीवास्तव ने किया। वैसे तो संगठन के मीटिंग का सायं काल 3 :00 बजे से 5: 00 बजे तक का था परंतु जब संगठन के पदाधिकारीयों ने उक्त विषय पर अपने क्रांतिकारी विचार रखना शुरू किया तो फिर समय का ध्यान ही नहीं रहा और मीटिंग करीब साढ़े तीन घंटे तक चली।

सर्वप्रथम डॉ0 आर0 सी0 श्रीवास्तव द्वारा पत्रकारों पर आए दिन हो रहे हमले और उत्पीड़न को लेकर सभी के आगे मुद्दा रखा कि किस प्रकार से पत्रकारों की सुरक्षा और स्थानीय पत्रकारों को उनकी पहचान दिलाई जाए जिससे वह भी निर्भीक होकर सम्मान पूर्वक अपना कार्य कर सकें इस पर सर्वप्रथम बिहार से संयोजक कुणाल भगत ने अपने विचार रखते हुए चिंता व्यक्त किया और कहा कि बिहार में जी मीडिया एवं अन्य मीडिया घरानों के पत्रकारों के साथ जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा अभद्र व्यवहार और धक्का मुक्की की गई यह लोकतंत्र में पत्रकारिता के लिए काले पन्ने पर अंकित किया जाएगा आज आवश्यकता है कि पत्रकार अपनी अहमियत को समझे और संगठित होकर सरकार के खिलाफ और व्यवस्था के खिलाफ अपने हक को लेकर लामबंद हो ताकि उसकी आवाज सुनी जाए और उसका हक उसे मिल सके।

वरिष्ठ पदाधिकारी सलमान खान ने भी व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्रकारों को एक छत के नीचे जेसीआई के सानिध्य में रहकर पत्रकार हितों की मांग बुलंद करने की नसीहत दी। इस अवसर पर अपना मत व्यक्त करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनुराग सक्सेना ने कहा कि आज पत्रकारिता अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है और इसका जितना श्रेय व्यवस्था को जाता है उतना ही श्रेय पत्रकार साथियों को भी जाता है क्योंकि पत्रकार साथियों ने ना तो कभी अपने हितों की सुरक्षा के लिए सोचा है और न ही कभी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती से खड़े हुए हैं इसलिए अब समय आ गया है कि संगठित होकर अपने हक और हुकूक की लड़ाई लड़ी जाए इसी में हमारी भलाई है। वरिष्ठ पदाधिकारी, पत्रकार एवं एडवोकेट सचिन श्रीवास्तव ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें छोटे बड़े लड़ाई छोड़कर एक साथ आना चाहिए और अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी चाहिए। वरिष्ठ पदाधिकारी अश्वनी बडगईया ने कहा कि मध्य प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जा रहा है जल्द ही इसे पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि पूरी ताकत के साथ पत्रकारों की लड़ाई लड़ी जा सके। वरिष्ठ पत्रकार साथी एवं फतेहपुर के जिला अध्यक्ष शाह आलम वारसी ने कहा कि फतेहपुर में हमारा संगठन बहुत मजबूत है और हम और हमारा संगठन हर समय पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री अशोक झा ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सरकार को पत्रकारों के हित के लिए सोचना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार साथी एवं प्रदेश पदाधिकारी श्री नागेंद्र पांडे ने कहा कि संगठन को निरंतर मजबूती हेतु प्रयास किया जा रहा है जिस पर हम सफल भी हो रहे हैं। इस प्रकार से कुल मिलाकर सभी पत्रकारों ने पत्रकारों के उत्पीड़न और प्रशासन द्वारा दबाव बनाए जाने को लेकर जहां एक तरफ चिंता व्यक्त किया वहीं दूसरी तरफ अपने हक को लेकर आक्रोशित भी दिखे सबका कहना था कि सरकार को क्षेत्रीय पत्रकारों को उनका हक देना चाहिए पत्रकारों के हित के लिए पत्रकारिता को लेकर एक अलग कानून बनना चाहिए देश एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा तो दूसरी तरफ इतना लंबा और सभी जाने के बाद भी देश के पास पत्रकारों के लिए कोई अलग कानून नहीं है जो बहुत ही चिंता का विषय है अतः क्षेत्रीय पत्रकारों के हक और अस्तित्व को लेकर लड़ाई जारी रहेगी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाना और क्षेत्रीय पत्रकारों को पहचान दिलवाने का संकल्प संगठन का मुख्य मुद्दा है इसके लिए लड़ाई निरंतर जारी रहेगी क्योंकि सरकार कोई भी हो हमारे हितों के लिए हमारी बेहतरी के लिए कोई भी कार्य नहीं करना चाहता यदि पत्रकारों की मांगे नहीं मानी जाती हैं तो इस लड़ाई को वृहद स्तर पर लाकर लड़ा जाएगा और जब तक सरकार पत्रकार हितों के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

इसके बाद संचालक डॉक्टर आर0 सी0 श्रीवास्तव समय अधिक होने का हवाला देते हुए सभी पत्रकार साथियों को धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर नागेंद्र पांडेय, सलमान खान, अजय शुक्ला, अशोक झा, दिनेश कुमार, अब्दुल अहद, हरिशंकर परासर, एडवोकेट बी.त्रिपाठी, राज लूनिया, विवेक कुमार, संजय राठौर, जागेश्वर फौजी, राजा अवस्थी, मोहम्मद हारुन, शाह आलम वारसी, सचिन श्रीवास्तव, अंकित कुमार, कुणाल भगत, ए0 के0 राय, श्याम अखत, निखिल वर्मा, राम जी सक्सेना, नीरज श्रीवास्तव, संजय कुमार सिंह, अश्वनी बडगया, नूर आलम, अजय गुप्ता, अजय शुक्ला, राकेश कुमार यादव, गणेश प्रसाद द्विवेदी, अजय त्रिपाठी, अनय श्रीवास्तव, निर्मित द्विवेदी, राजेश कुमार पांडे, संतोष प्रसाद तिवारी, संजय कुमार,संजय राठौर,दिनेश सिंह सहित लगभग एक सैकड़ा पत्रकार साथी एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

पचास लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

लोकमित्र ब्यूरो

पलियाकलां-खीरी। जुर्म व जरायम के खिलाफ पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा की कड़ी कार्यवाही के क्रम में कोतवाली पलिया पुलिस व ऑपरेशन कवच सेल की संयुक्त कार्यवाही में लगभग पचास लाख मूल्य की स्मैक बताई जाने वाली 390 ग्राम ड्रग्स सहित दो शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन माल्या ऊर्फ ड्रग्स किंग पुत्र सचिन गुप्ता निवासी बाजार प्रथम थाना पलिया एवं विक्की नेपाली पुत्र बेचू राम निवासी सिंगहिया थाना पलिया मूल निवासी जनपद जौनपुर का रहने वाला है। सोमवार रांत पकड़े गये दोनों आरोपियों में से एक अंकित के कब्जे से 260 ग्राम नशीला पदार्थ सहित दो अदद आईफोन 14, सोलह हजार भारतीय करंसी व 19300 रु0 नेपाली करंसी बरामद करते हुये मुकदमा अपराध संख्या 169/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय भेजा गया। वहीं पकड़े गये दूसरे आरोपी विक्की नेपाली के कब्जे से 130 ग्राम नशीला पाउडर बरामद करते हुये मु0 अ0 स0 167/2024 धारा 8/21 के तहत न्यायालय भेजा गया। पकड़े गये आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों को रिमाण्ड पर लेकर पूँछतांछ किये जाने की जानकारी पुलिस सूत्रों से प्राप्त हुई है, संभावना है कि एक पखवाड़े के भीतर ही नशा कारोबारियों पर और भी भारी भरकम कार्यवाही की संभावना बताई जा रही है।

खीरी में संभावित बाढ़, सूखा, हीटवेव से निपटने की शुरू हुई तैयारी, बनी रणनीति

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। खीरी में संभावित बाढ़, सूखा एवं हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों संग मंगलवार शाम सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली। बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से सम्बन्धित अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना बना ले, जिससे संभावित बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया जाए। जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रों, बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयन, तहसील अन्तर्गत उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरो की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी पेट्रोलिंग के साथ-साथ आपातिक स्थिति में एनडीआरएफ व फ्लड पीएसी से समन्वय के लिए कार्ययोजना तैयार कर लें।

बैठक के दौरान एडीएम को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कारगर एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए जलनिगम, बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था हेतु डीपीआरओ, बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का टीकाकरण तथा उपचार हेतु स्वास्थ्य कैम्पों का आयोजन तथा दौरान-ए-बाढ़ पशुओं के लिए चारा-भूसा की उपलब्धता हेतु सीवीओ को प्रभावी कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के उपचार, टीकाकरण, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव, बाढ़ के दौरान, बाढ़ के उपरान्त संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं, एण्टी स्नेकवेनम तथा अन्य लॉजिस्टिक हेतु समय से कार्ययोजना तैयार के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पावरप्वाइंट के जरिए अपना प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में संभावित सूखा एवं हीटवेव से निपटने के लिए तैयारियों पर भी गहन मंथन हुआ। सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता ने हीट वेव्स से निपटने के उपाय बताएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उनके उत्तरदायित्व समझाएं, जरूरी निर्देश दिए। समस्त संबंधित अधिकारियों द्वारा हीटवेव योजना का अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार, सभी उप जिला अधिकारी, तहसीलदार, नगरीय निकायों के ईओ, बीडीओ, डीपीआरओ, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बसपा सुप्रीमो बोलीं- मौका दिया तो वेस्ट यूपी को बनाएंगे अलग राज्य, मेरठ में होगी हाईकोर्ट बेंच

लोकमित्र ब्यूरो

मेरठ। बसपा सुप्रीमो मायावती आज मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। उनकी रैली के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। हाजी याकूब कुरैशी भी रैली में पहुंचे। शमसुद्दीन राईन और देवव्रत त्यागी मंच पर मौजूद रहे।

बसपा मुखिया एवं पूर्व सीएम मायावती अल्लीपुर में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की। इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। उन्होंने मच से भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा तो वहीं मौका मिलने पर वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही।

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि यदि जनता ने हमें केंद्र में सरकार बनाने का मौका दिया तो सबसे पहला कार्य है उत्तर प्रदेश का बंटवारा करके पश्चिम उत्तर प्रदेश बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लखनऊ बेंच की तर्ज पर मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। सभी बेरोजगार, दलित, मुस्लिम, गरीब, युवाओं को स्थाई रोजगार यानी सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को भी गन्ने का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन दिया।

मायावती आज हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और विपक्षी दलों की सहयोगी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सभी राजनीतिक दलों ने देश के गरीब लोगों के साथ अन्याय किया है।

सविंधान के साथ छेड़छाड़ का प्रयास, गरीबों से छीना जा रहा असली रोजगार

उन्होंने कहा कि संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। जहां दलित अति पिछड़ों के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की गई है, वहीं सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। उन्होंने मंच से अपनी सरकार के 2007 से 12 तक उत्तर प्रदेश की जनता के लिए किए गए कार्यों को भी गिनाया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के अंदर दलित और मुसलमानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर दलित मुस्लिम अति पिछड़े और सामान्य वर्ग के गरीब लोगों ने उन्हें केंद्र में सरकार बनाने का अवसर दिया तो किसी को उनके उत्पीड़न करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के लिए वोट का आह्वान किया और मेरठ की क्रांतिधरा से लोकसभा सांसद चुनकर भेजने की अपील की। इस मौके पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी, पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी, हाफिज इमरान ने संयुक्त रूप से बहन मायावती को सोने का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की हुई संयुक्त कार्यशाला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। वेक्टर जनित बीमारियों के साथ हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसके लिए मंगलवार को राजकीय सैनिक स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त कार्यशाला में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में वेक्टर जनित बीमारियों के साथ-साथ हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए स्वास्थ्य इकाइयां पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इसकी रोकथाम के लिए कई गतिविधियां अन्य विभागों और स्थानीय निकायों के सहयोग ले रहा है। शिक्षा विभाग हमारे सबसे अहम भागीदारों में से एक है। लोगों को गर्मी से संबंधित और वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें, के बारे में स्वयं जागरूक होना होगा और पर्याप्त सावधानी बरतनी होगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में बारह विभाग मिलकर हीट स्ट्रोक और वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग कर रहे हैं। कार्यशाला के दौरान छह इंटर कालेज के 150 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल रही।वहीं विशेषज्ञों ने विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण और बचाव के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही छात्रों ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबधित पोस्टर व मनमोहक पेंटिंग प्रस्तुति दी। जिसमें स्कूल के पांच युवा चैंपियन कशिश, अंशिका, वर्षिका, आकांक्षा व प्राची को पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि इन्होंने बीते फरवरी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का नेतृत्व किया था और स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र में नुक्कड़ नाटक किए थे।

बड़ौत में विजय संकल्प रैली में पहुंचे जयंत और पत्नी चारू चौधरी, सीएम योगी भी पहुंचे

लोकमित्र ब्यूरो

बागपत। सीएम योगी आदित्यनाथ और रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी आज एक साथ मंच से वोटरों को साधेंगे। दोनों ही जनसभा में पहुंच चुके हैं, जबकि सीएम योगी भी जनसभा स्थल पहुंच चुके हैं।

जनसभा स्थल पर भारी संख्या में भाजपा व रालोद कार्यकर्ता मौजूद हैं। यहां समर्थक योगी मोदी और जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखे। बागपत लोकसभा सीट से रालोद प्रत्याशी राजकुमार सांगवान भी मंच पर मौजूद हैं। वहीं सीएम योगी कुछ देर में जनसभा को संबोधित करेंगे। एनडीए की यह जनसभा जनता वैदिक कालेज के मैदान पर आयोजित की जा रही है, जिसकी तैयारियों में भाजपा व रालोद नेताओं के साथ ही पुलिस अधिकारी दिनभर जुटे रहे।

रालोद-भाजपा गठबंधन ने जाट बिरादरी के डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी बनाया है तो सपा ने भी ब्राह्मण व बसपा ने गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं इस सीट के रालोद के खाते में जाने से कुछ वोटर छिटकने का डर रालोद-भाजपा गठबंधन को सता रहा है।

ऐसे में जाटों के साथ ही अन्य को एकजुट करने के लिए मतदान से ठीक पहले इस रैली को अहम माना जा रहा है, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ व रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी भी वोटरों को साधने का काम करेंगी। हालांकि यह बाद में साफ होगा कि इसमें वह कितने कामयाब हुए हैं। वहीं इस रैली को लेकर रालोद व भाजपा नेताओं ने कई जगह बैठक की और सभी को रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आने के लिए कहा गया। इसके अलावा रैली की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पुलिस अधिकारियों ने भी रैली स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

शिक्षकों ने हस्ताक्षर कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का वादा किया

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ के शिक्षक समूह में मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। शहर के आलमबाग स्थित सिंधी विद्यालय गर्ल्स इण्टर कॉलेज में अभियान के तहत तख्ती लगायी गयी। जिसमें शिक्षकों ने अपने हस्ताक्षर कर मतदान प्रतिशत में अपनी भूमिका निभाने का वादा किया। सिंधी विद्यालय गलर्स इण्टर कालेज में मंगलवार को मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद मतदाता जागरुकता को लेकर परिचर्चा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के संयोजक दर्पण ने इण्टर कालेज की महिला शिक्षकों के बीच मतदाता की भूमिका पर अपनी बातों को रखा। कालेज में पढ़ने वाले 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नव मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए आश्वस्त कराय।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- कैसरगंज और रायबरेली के प्रत्याशी तय, जल्द घोषित होंगे नाम

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि रायबरेली और कैसरगंज सीट पर प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए गए हैं। इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों ही सीटों के प्रत्याशियों के नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिए गए हैं।

भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मंगलवार को सीतापुर पहुंचे। जहां वह मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रत्याशी राजेश वर्मा के लिए रोड शो निकाला और उनके साथ कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष पहुचें। जहां राजेश वर्मा ने नामांकन का दूसरा सेट दाखिल किया।

वहीं, भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने टिकट न मिलने का ठीकरा मीडिया पर फोड़ा है। उनका कहना है कि मीडिया की वजह से उन्हें अब तक टिकट नहीं मिला। उन्होंने कहा- हम भाजपा से बड़े नहीं हैं। टिकट के सवाल पर बोले- हो सकता है कि इसके पीछे भाजपा की कोई रणनीति हो।

वह सोमवार को मनकापुर राजघराने के कुंवर विक्रम सिंह के निधन पर शोक जताने मंगल भवन पहुंचे थे। सांसद ने कुंवर विक्रम के परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद मीडिया से मुखातिब हुए। कहा कि टिकट मिलना न मिलना हमारी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी मजहब के आधार पर राजनीति नहीं की। सन 1989 में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। मुलायम सिंह उस वक्त मुख्यमंत्री थे।

अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस होने पर सबसे पहले मुझे गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने भी सबसे पहले अरेस्ट किया था। लेकिन इन सबके बावजूद जब तक मुलायम सिंह यादव जिंदा रहे उनसे अच्छे संबंध रहे। हर बात राजनीति से जोड़कर नहीं देखनी चाहिए।

लविवि में एथलेटिक्स खेल का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में इंटरामुरल कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स खेल का आयोजन कराया गया जिसके अंतर्गत हंड्रेड मीटर शॉर्टपट और टग ऑफ वार का आयोजन कराया गया। यह खेल प्रातः काल से शुरू हुआ तथा शाम तक चला इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीन ऑफ वेलफेयर स्टूडेंट संगीता साहू एवं अमित कुमार डे उपस्थित रहे। खेल का यह फाइनल मुकाबला मैरी कॉम और दारा सिंह हाउस के मध्य खेला गया रोमांचक मुकाबले में मीना शाह हाउस विजय रहा। साथ ही इस अवसर छात्रों द्वारा मार्शल आर्ट डेमोंसट्रेशन का शानदार प्रदर्शन कराया गया।

इस मौके संगीता साहू मैं ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया तथा खेलों के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा खेलों के क्षेत्र में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही रग्बी के कोच अमित डे ने ग्रेजुएशन मैं रग्बी खेल को सब्जेक्ट के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा तथा विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार ने छात्रों की मेहनत को सारा एवं सभी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

विजेता टीम को सम्मानित किया तथा सभी टीमों का उत्साह वर्धन किया। आज से पांच दिवसीय इंटरामुरल का यह कार्यक्रम समाप्त किया गया इस मौके पर विभाग के पर विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार डॉक्टर मोहम्मद तारिक डॉ शशि कनौजिया डॉक्टर संजय श्रीवास्तव डॉ अवधेश शुक्ला रिसर्च स्कॉलर और समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

बाबा की हार का बदला लेने के लिए श्रेया चुनावी मैदान में . . . बेनी प्रसाद की पोती को सपा ने यहां से दिया टिकट

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। वह सिर्फ इसलिए चर्चा में नहीं हैं कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने 35 साल से भी कम उम्र के जिन युवाओं को मौका दिया है, उनमें वह शामिल हैं, बल्कि इसलिए कि उन्हें गोंडा जैसी चुनौतीपूर्ण सीट से प्रत्याशी बनाया है।

गोंडा के पड़ोसी जिले बाराबंकी की रहने वाली श्रेया ने स्कूली पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून से और दिल्ली के रामजस कॉलेज से इकनॉमिक्स में ऑनर्स किया है। कॉलेज की शिक्षा अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा के साथ तब रहकर पूरी की, जब वे सांसद और केंद्रीय मंत्री थे। श्रेया के पिता राकेश वर्मा भी विधायक और राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। श्रेया बताती हैं कि दिल्ली में बाबा के साथ होने की वजह से उन्हें सियासी संस्कार और समाजवादी विचार मिला। श्रेया ने इसके पहले कोई चुनाव तो नहीं लड़ा, लेकिन कॉलेज से निकलते ही सामाजिक सरोकारों से वह जुड़ गई थीं। एक एनजीओ के साथ जुड़कर दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सुधार की मुहिम का हिस्सा बनीं तो घर लौटते ही सियासत में रम गईं।

पहला चुनाव, लेकिन चुनाव लड़ाने का पूरा अनुभव

करीब चार साल पहले समाजवादी पार्टी में श्रेया की एंट्री ही महिला सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से हुई। 2022 का विधानसभा चुनाव आया तो बाराबंकी में न सिर्फ अपने पिता राकेश वर्मा के चुनाव की कमान संभाली, बल्कि इसी संगठन के बैनर तले पूरे प्रदेश में काम किया। राकेश वर्मा महज 217 वोटों के अंतर से हार गए थे।

बड़ी राजनीतिक पृष्ठभूमि

बेनी प्रसाद वर्मा ने 2014 में अपना आखिरी चुनाव कांग्रेस पार्टी से गोंडा से ही लड़ा था, लेकिन हार गए। इससे पहले 2009 में वह गोंडा से सांसद का चुनाव कांग्रेस से जीते और केंद्रीय मंत्री बने थे। 2014 की हार भी आज के मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह से हुई थी, जिन्हें भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। श्रेया गोंडा में यदि चुनाव जीतती हैं, तो वह बाबा की हार का बदला होगा। बेनी प्रसाद वर्मा बगल की कैसरगंज सीट से भी चार बार सपा के सांसद रहे हैं। बाराबंकी से कई बार विधायक और राज्य सरकार में मंत्री रहे। वह एक जमाने में मुलायम सिंह यादव के बाद पार्टी में नंबर दो माने जाने लगे थे। कुर्मी समाज के वह बड़े नेता थे।

बड़े धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

मलिहाबाद, लखनऊ। हनुमान जयंती के अवसर पर श्री दयालू बालाजी सरकार मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम पंचायत भदवाना के ग्राम वाजिदनगर में श्री दयालू बालाजी सरकार मन्दिर बना है। इस मन्दिर पर सोमवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

दूसरे मंगलवार को यहां के संस्थापक मोहित यादव (टिल्लन) द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उनके द्वारा दर्जनों कन्याओं की पूजा कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से अंतरात्मा को सकूं मिलता है। इसलिये हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये।

संस्थापक मोहित यादव ने कहा कि बुराई के खिलाफ जीत हासिल करने व सुरक्षा प्रदान करने वाली क्षमता वाले देवता के रूप में पूजा जाता है। हनुमान जी को देवता वायु यानी पवन देवता का पुत्र कहा जाता है। सनातन धर्म के अनुसार सूर्य देव को हनुमान जी का गुरु माना जाता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कालेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

यूपी में ही रहेंगे अखिलेश, चुनाव लड़ने से किनारा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके पीछे सियासी निहितार्थ हैं। वह उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाना चाहते हैं और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए यूपी में बने रहना चाहते हैं।

फ्लैशबैक में जाएं तो अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधायक बनने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष का पद खुद संभाला। चाचा शिवपाल के साथ आने के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कयासबाजी शुरू हुई, लेकिन वे अपने फैसले पर अडिग रहे।

लोकसभा चुनाव के दौरान उनके आजमगढ़ अथवा कन्नौज से मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव और कन्नौज से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित कर उन्होंने इन संभावनाओं पर विराम लगा दिया। हालांकि इसके पीछे रणनीति बताई जा रही है।

वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र का कहना है कि लोकसभा चुनाव न लड़ कर अखिलेश यादव ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। वह एक लोकसभा सीट पर खुद को बांधने के बजाय पूरे प्रदेश में चुनावी दौरे कर सकेंगे। दूसरी तरफ जनता के बीच मौजूद रहने का संदेश देंगे।

नेता प्रतिपक्ष के पास कैबिनेट मंत्री की तरह कई अधिकार होते हैं। प्रदेश की सियासत के आधार पर भी नेता प्रतिपक्ष का पद अहम माना जाता है। जबकि सांसद के पास निधि और कुछ विशेषाधिकार ही होते हैं।

पारिवारिक एकजुटता की कोशिश

अखिलेश यादव ने कन्नौज से तेज प्रताप यादव को मैदान में उतारकर पार्टी के अंदर किसी तरह के विरोध को उभरने से रोका है। कन्नौज से पहले डिंपल यादव सांसद थीं, लेकिन मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद वह मैनपुरी से लोकसभा उपचुनाव लड़ीं, जबकि यहां से तेज प्रताप सांसद रह चुके हैं। ऐसे में मैनपुरी के बदले कन्नौज देकर उन्होंने पारिवारिक एकजुटता का संदेश दिया है। तेज प्रताप राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं, तो सपा से बगावत करने वाले हरिओम के नाती भी हैं। बता दें कि मैनपुरी से डिंपल यादव, बदायूं से आदित्य यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव को पहले ही उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। इन सीटों पर पारिवार से इतर किसी उम्मीदवार के उतारने से भितरघात की आशंका थी।

पार्टी की रणनीति के तहत फैसला

भाजपा को लोकसभा के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में हराने के लिए इस बार सपा अध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वह जनता के बीच रहना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भी चुनाव नहीं लड़ रही हैं। किसी नेता का चुनाव न लड़ना पार्टी की रणनीति का हिस्सा है।

राजेंद्र चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी

तृतीय चरण के लिए चुनाव मैदान में 100 प्रत्याशी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी के पश्चात 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से जियाऊर्रहमान, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी सौलत अली, जनता शासन पार्टी से जयगमुल इस्लाम, लोग पार्टी से पवन कुमार, पीस पार्टी से डा. राशिद, किसान क्रान्ति दल से सन्तोष, निर्दलीय प्रत्याशियों में अनुज वार्ष्णेय, तौफीक अहमद, महेन्द्र सिंह, मो.वसीम पुत्र मो0 फरीद, वसीम पुत्र मु. शमीम हैं।

हाथरस (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अनूप प्रधान बाल्मीकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मिकी, बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह, राष्ट्र उदय पार्टी से डा0 जयवीर सिंह घनगर, निर्दलीय प्रत्याशियों में जयपाल माहौर, दिनेश सांई, मुन्नालाल जाटव, रवि कुमार, राजपाल सिंह हैं।

आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से पूजा अमरोही, भारतीय जनता पार्टी से प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल, समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द कर्दम, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) से आराम सिंह, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से कुलदीप कुमार, आदर्श समाज पार्टी से चन्द्र पाल, लोकप्रिय राष्ट्रवादी पार्टी से जितेन्द्र गौतम, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से सर्वेश कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनूराम अम्बेडकरी, पूजा, महेन्द्र सिंह हैं।

संक्षेप

भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना व दिनेश रैना ने हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

गाजियाबाद ।रैना क्लासेज राजनगर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व श्रद्धाभाव से मनाया गया। जन्मोत्सव में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी परिवार समेत राम भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना की। रैना क्लासेज राजनगर में मंगलवार को सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया जिसमें शहर की विभिन्न कालोनियों के निवासियों ने भाग लिया। संचालक दिनेश रैना ने बताया कि रैना क्लासेज राजनगर द्वारा हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें सुंदर कांड के पाठ के बाद आरती हुई व भगवान को भोग लगाया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना व दिनेश रैना ने पूरे परिवार के साथ भंडारे में प्रसाद वितरित किया।

सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेडा में श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

गाजियाबाद। सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेडा मुरादनगर में मंगलवार को श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ताए दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिर में रामभक्त हनुमान की विशेष पूजा .अर्चना करने के लिए कई शहरों से श्रद्धालु आए। वैद्य स्वामी मुकेशानंद गिरी ने कहा कि हनुमान जी से बडा रामभक्त कोई नहीं है। हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से हर प्रकार के संकट दूर होते हैं। उन्हें प्रसन्न करने का बहुत ही सरल उपाय राम नाम का जाप करना है। जो भी भक्त राम नाम का स्मरण करता हैए हनुमान जी उसके सभी कष्ट दूर कर देते हैं। अरविंद शर्मा गाजियाबाद, मनोज नागर दुजाना, वासु चौधरी गोविंदपुरम, जूही सिहानी, सुशीला, ऋतु, गौरी महेंद्रा एनक्लेव, ग्राम मकरेडा समेत पूरे गाजियाबाद व आसपास के कई शहरों के भक्तों ने हनुमान जी को चोला चढ़ाया तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया। संकीर्तन व आरती के बाद सभी भक्तो ने प्रसाद पाया।

सुभास पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी ने कचहरी परिसर में किया जनसंपर्क

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी के गाज़ियाबाद लोकसभा से उम्मीदवार लगातार जनता के बीच जा कर अपने विकास के रोड़ मैप और क्षेत्र के लिए अपने इरादों से जनता को अवगत करा रहे हैं इसी श्रृंखला में आज राजनगर स्थित जिला न्यायलय परिसर में सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अधिवक्तागणों व उपस्थित जनता के मध्य जनसम्पर्क अभियान चलाया जिसमे प्रत्येक चैंबर पर जा कर धीरेन्द्र सिंह भदौरिया ने अपने पार्टी के घोषणा पत्र को सभी के साथ साझा किया, पार्टी की विचारधारा से लोग भी प्रभावित हुए और उन्होंने अलमारी निशान पर बटन दबा कर उनका समर्थन करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

स्वस्थ पर्यावरण के लिए पेड़ जरूरी, वैसे ही स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी: डीएम

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार एक स्वस्थ पर्यावरण के लिए पेड़ आवश्यक है, इस तरीके से मतदान भी हमारे लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र के वृक्ष की जड़े बहुत ही मजबूत है। इस वृक्ष से हमें स्वतंत्रता, लोककल्याण, सामानता , बंधुता, समता , सुशासन, स्वास्थ्य एवं न्याय का फल मिल सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत असेनी मोड पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र के वृक्ष का अनावरण किया । इसके साथ ही उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वीप गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र का क्यूआर कोड तथा लिंक भी जारी किया। उन्होंने कहा कि इस क्यू आर कोड और लिंक के माध्यम से सभी मतदाता अपना सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने इस इनिशिएटिव के लिए प्रभारी अधिकारी स्वीप तथा समस्त टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को पर्यावरण से जोड़ने का यह एक अभिनव प्रयास है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आगामी चुनाव में अधिक से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर जन जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 3000 आंगनबाड़ी केंद्र पर दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है । जिसके माध्यम से अभिभावको को बच्चों का नामांकन स्कूलों में करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह जन जागरूकता रथ इसी कड़ी का एक प्रयास है। इस जन जागरूकता रथ के माध्यम से सभी को जागरूक किया जाएगा।

पशु पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने को कहा, भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बाराबंकी। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता के भी उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने सारे सरकारी कार्यालयों के प्रमुखों से कहा कि पक्षियों के पीने के लिए मिट्टी के दिए प्याले आदि को पेड़ों पर लटकाएं और प्रतिदिन उसमें पानी भरवाएं। ज़िलाधिकारी ने सूखे की स्थिति की समीक्षा के लिए कहा कि पेयजल की उपलब्धता में किसी तरह की कमी न होने पाए। प्याऊ और पीने के पानी की अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। जो तालाब सूखे हैं उनमें पानी भरवाने के प्रयास करें और ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्पो की स्थिति पर लगातार निगाह रखें, पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गौशाला आदि में पानी की उपलब्धता के लिए भी सम्बंधित को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में पशुओं को समस्या न हो। जिलाधिकारी ने जल निगम और सिंचाई विभाग को निर्देश दिये कि दोनों विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि पेयजल योजनाओं से ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं,देश बनाने के लिए होना चाहिए: राजनाथ सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। राजनाथ सिंह ने कहा राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए होना चाहिए। मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर के दादरी विधानसभा क्षेत्र के बिसाहड़ा में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठजनों ने राजनाथ सिंह को फूलों की माला पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जनसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि आज मैं यहां पर लम्बे समय के बाद आया हूँ। जिस स्थान पर यह कार्यक्रम हो रहा है यह स्व. मेघनाथ सिंह के द्वारा निर्मित विद्यालय है। स्व. मेघनाथ का मुझे पुत्रवत स्नेह प्राप्त था। एक समय में नोएडा उत्तर प्रदेश के नेताओं और अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का एक बहुत बड़ा सेंटर था लेकिन आज पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में यह नोएडा भ्रष्टाचार का केंद्र नहीं बल्कि भारत का एक बिजनेस सेंटर बनकर खड़ा हो गया है। यहां जिस तरह से अपराधियों का खौफ था माफियाओं का राज था लेकिन यह सब बीते दिनों की बातें हो गई। आज केवल उत्तर प्रदेश में नहीं पूरे हिंदुस्तान में यदि कोई जगह पर्यटन और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है तो हमारा यह नोएडा जाना जाता है। अपने संबोधन में जेवर एयरपोर्ट को लेकर कहा कि मुझे याद है जब मैं उप्र का मुख्यमंत्री था तो जेवर एयरपोर्ट का प्रस्ताव लेकर मैं भारत सरकार के पास गया था, बीच में दूसरी सरकारें आती रही और उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। लेकिन मैंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने संकल्प ले लिया कि जेवर में भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाना है तो आज यह एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश जिनकी गणना गरीब राज्यों में की जाती थी लेकिन आज सीना ठोककर आप कह सकते हैं कि डबल इंजन की सरकार के कारण करिश्मा हुआ है। आज उत्तर प्रदेश की गणना गरीब राज्यों में नहीं की जाती है, कुछ ही वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, देश की अर्थव्यवस्था में पांचवां हिस्सा उत्तर प्रदेश का होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा इकलौती ऐसी पार्टी है कि जो कहती है वो करती है। वर्ष 1951 से हम कहते आ रहे हैं कि जिस दिन संसद के दोनों सदनों में हमें बहुमत मिल जाएगा हम धारा 370 को हटा देंगे। और आपने देखा कि बहुमत मिलते ही हमने धारा 370 हटा दिया। हम 1984 से कहते आ रहे हैं कि जिस दिन केंद्र में हमारी सरकार बन जाएगी अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बनकर रहेगा। हम नारे लगाते थे "राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे"। आज अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बन गया और हमारे प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी को देश के सभी संत महात्माओं की नेतृत्व में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी, जो कहा था करके दिखा दिया। अब भगवान राम अपनी कुटिया से निकलकर महल में पहुंच चुके हैं तो अब भारत में रामराज्य की स्थापना हो कर रहेगा। भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि जनता की आंख में धूल झोंककर राजनीति मत करो, आंख में आंख डालकर राजनीति करो। जनता को धोखे में रखकर मैंने कभी राजनीति नहीं की है। आज से कुछ दिन पहले जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता था तो कोई ध्यान से नहीं सुनता था लेकिन आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है। आज भारत 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गया और 2027 तक हमारा भारत टाप 3 देशों में आकर खड़ा हो जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि आज हम भारत वासियों के हाथों से मिसाइल बनाते हैं। जो पहले आयात करते थे, अब निर्यात करते हैं। अब भारत कमजोर देश नहीं बल्कि मजबूत देश बन गया है, कोई अगर भारत की तरफ आंख उठाए तो उसे मुंह तोड़ जवाब दे सकता है। संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि डा. महेश शर्मा अपने क्षेत्र के विकास के लिए मंत्रियों को बहुत परेशान करते हैं। यदि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो महेश शर्मा को एक बड़ी जीत दिलवाकर भारत की संसद में भेजना है और अगली बार स्वागत करवाने नहीं बल्कि आपका आभार व्यक्त करने आऊंगा।

जनसभा में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने कहा कि आप सभी लोगों का मुझपर कर्ज है। मास्टर के बेटे को आपने यहां तक पहुंचाया, मोदी सरकार में चार-चार मंत्रालयों में काम करने का अवसर मिला। मैं आप सभी का कर्ज कभी नहीं चुका सकता हूं। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने थोड़ा बहुत कर्ज चुकाने का अवसर मुझे भी दिया है। 26 तारीख को आपके आशीर्वाद की अनुकंपा पर कह रहा हूं कि यदि आपने तीसरी बार मौका दिया तो पूरी ईमानदारी के साथ आपका कार्य और आपकी सेवा करूंगा। आपने जो पगड़ी दिया है उसपर कभी भी दाग नहीं लगने दूंगा।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी कुंवर बृजेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, पूर्व एमएलसी संतोष शर्मा, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला अध्यक्ष बुलन्दशहर विकास चौहान, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष त्रिलोक त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अमित चौधरी, अभिषेक शर्मा, आशीष वत्स, मदन चौहान, मान सिंह चौहान, डा. वीएस चौहान, ठा. एनपी सिंह, नरेन्द्र प्रधान, मनोज सिसोदिया, विचित्र तोमर, राकेश राणा, सरोज मुंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

समाजसेवी 'मनु' की अलग पहल गॉव-गॉव जाकर कर रहें हैं मतदाताओं को जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये निरन्तर जोर दिया जा रहा है। जनपद के समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह चौहान मनु ने भी इस क्षेत्र में अपना योगदान देने हेतु एक नयी मुहिम को अपनाते हुये मतदान का प्रतिशत बढाने हेतु मंगलवार को कई गॉवों में धोलेश्वर, बडागांव, मुखरना, गढवाला, कपरैटा, पुठिया, पलिया आदि गॉवों में प्रथम मतदाताओं नवयुवकों को जागरुक किया। समाजसेवी ने इस दौरान उन सभी को मतदान के महत्व के बारे में बताया तथा उन सभी मतदाताओं को मतदाता मार्गदर्शिका देते हुये उन्हें शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। समाजसेवी ने कहा कि ''मेरा एटा मेरी शान करें 07 मई को मतदान आओ मिलकर अलख जगाएं-शत प्रतिशत मतदान कराएं यज्ञशाला है जिसकी पहचान-उसे है लोकतंत्र पर अभिमान हम सब एटा. वासियों ने ठाना है- 07 मई को मतदान करना है। समाजसेवी ने कहा कि हम सभी शपथ ले कि मतदान अवश्य करेंगें साथ ही अपने परिवारीजनों तथा अपने आसपास के सभी लोगों से भी मतदान देने की अपील करें। जिससे अपने जनपद में अधिक से अधिक मतदान हो सके।

सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ही लाएगी गाज़ियाबाद के विकास में तेज़ी : धीरेन्द्र सिंह भदौरिया

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के गाज़ियाबाद लोकसभा प्रत्याशी धीरेन्द्र सिंह भदौरिया लगातार अपने जनसम्पर्क कर रहे हैं, इस दौरान सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के साथ उन्होंने डोर-टू-डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया। धीरेन्द्र सिंह भदौरिया ने घर घर पहुँच कर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया, इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार की विफलताओं के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि गैस सिलेंडर महंगा हो गया, पेट्रोल बढ़ गया, CNG गैस के दाम बढ़ने से चालक वर्ग भी परेशानी का सामना कर रहा है। इसीलिए जनता इस बार भाजपा को नकार रही है। हमारे जिले की सभी समस्याओं का खास कर विश्वविद्यालय की कमी को पूरा सुभाष पार्टी ही करेगी। इस बार वे चुनकर आएंगे तो गाज़ियाबाद के विकास कार्यों में तेज़ी आएगी। जनसम्पर्क के दौरान अवधेश शर्मा, विवेक सिंह राठौड़, शिव कुमार, राज किशोर, अनिल चौधरी, आलोक मिश्रा, तरुण गोयल, जयप्रकाश आदि अनेकों कार्यकर्ता व समर्थकों की उपस्थिति रही।

सरकार की योजनाओं का लाभ हर जाति हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव के मिला है : पूर्णिमा सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। मंगलवार को एटा लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत एटा विधानसभा के ग्राम मधुपुरा, बिरसिंहपुर, जलालपुर सांथल, महुआखेड़ा, नगलाभजा एवं हिरौंदी में भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी श्री राजवीर सिंह राजू भैया की सुपुत्री श्रीमति पूर्णिमा सिंह रहीं। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता मलावन मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ रिंकू ने की । नुक्कड़ सभा को संबोधित सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के एटा लोकसभा के प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया कि सुपुत्री श्रीमती पूर्णिमा सिंह ,एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, विधान परिषद सदस्य आशीष यादव आशू,पूर्व विधायक ममतेश शाक्य एवं पूर्व विधायक श्री अजय यादव ने किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया साथ ही उन्होंने एटा लोकसभा में उनके द्वारा किए गए विकास कार्य एवं केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजना एवं परियोजना को उनके प्रयास द्वारा एटा लोकसभा में विकास कार्य शुरू होने पर जनता को नुक्कड़ सभा के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया। श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार की योजनाओं का लाभ हर जाति हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव के मिला है यह सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास वाली सरकार है। इस अवसर पर सांसद जी ने जनता से निवेदन किया कि 7 मई को कमल के फूल के बटन को दबाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान प्रदान करें।

सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेडा में श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

गाजियाबाद। सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेडा मुरादनगर में मंगलवार को श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ताए दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिर में रामभक्त हनुमान की विशेष पूजा.अर्चना करने के लिए कई शहरों से श्रद्धालु आए। वैद्य स्वामी मुकेशानंद गिरी ने कहा कि हनुमान जी से बडा रामभक्त कोई नहीं है। हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से हर प्रकार के संकट दूर होते हैं। उन्हें प्रसन्न करने का बहुत ही सरल उपाय राम नाम का जाप करना है। जो भी भक्त राम नाम का स्मरण करता हैए हनुमान जी उसके सभी कष्ट दूर कर देते हैं।

नेकी का डब्बा फिर से एक बार नेकी का दोना-पत्तल लेकर जरूरतमंद के दहलीज पर पहुंचे

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। नोएडा नेकी का डब्बा फाऊंडेशन का मुहिम 'नेकी का दोना-पत्तल₹ के कार्यक्रम में लगभग 300 जरूरतमंद को भोजन कराया गया उक्त कार्यक्रम के आयोजक अविनेश जी और रूपम जी थे।

'नेकी का डब्बा फाऊंडेशन₹ के फाऊंडर मेम्बर कमल किशोर जी ने बताया कि हमलोग पिछले कई सालों से गरीब जरूरतमंदों के लिए काम करते आ रहे है जिसका आधार उतरन से है। कुछ वर्ष पूर्व संस्था की 'फाउंडर मेंबर' उर्वशी, संगीता, कमल किशोर, रजत अग्रवाल, हेमंत पंवार, हर्षवर्धन मिश्रा, शिप्रा मित्तल, कैप्टन पी एन राय, रजनीश मिश्रा, पंकज तिवारी, पूजा ठेनुआ जो कि सतत सेवा भाव से समर्पित है ने संकल्प लिया कि सेवा बस्ती (झुग्गियों) में रहने को मजबूर जरूरतमंदों को भोजन कराएंगे और इस मुहिम का नाम ₹नेकी का दोना-पत्तल' रखा गया। नेकी का डब्बा फाउंडेशन के फाउंडर गिरीश चन्द्र शुक्ला ने बताया की यह मुहिम भूखे को खाना खिलाने का एक अनोखा प्रयास है, चूंकि उक्त मुहिम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर हुई अतः टीम इस कार्यक्रम में कभी भी प्लास्टिक / थर्माकोल के प्लेट का इस्तेमाल नहीं करती।

भुख मिटाने की इस मुहिम की सफलता इस कदर बढ़ती जा रही है कि अब लोग जन्मदिन या एनिवर्सरी जैसे अवसर भी जरुरतमंद के साथ साझा करने लगे हैं और अब लोग बंद कमरों में केक काटने के बजाय गरीब जरूरतमंदों के बीच जाकर खुशियां बांटने में ज्यादा यकीन करने लगे हैं। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरीश चंद्र शुक्ला, कमल किशोर, उर्वशी मसंद, रूपम इत्यादि मौजूद रहे।

हनुमान जयंती : कानपुर के मंदिरों में गूंजा जय श्री राम, जय हनुमान

सुनील बाजपेई

कानपुर। आज यहां मंगलवार को संकटमोचक श्री हनुमान जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। उनके दर्शन और पूजन के लिए पनकी समेत सभी मंदिरों में भक्त सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। इस दौरान सभी मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

आज मंगलवारको संकटमोचन हनुमान जयंती पर श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर, दक्षिणेश्वर बाल हनुमान मंदिर, सोटे वाले बाबा मंदिर, सलेमपुर रूमा और संगीत तिराहे स्थित हनुमान मंदिर में भोर पहर से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भी उम्र थी दिखाई पड़ी। जय श्री राम जय हनुमान के उद्घोष सेसभी मंदिरों मेंमाहौलपूरी तरह से भक्तिमय रहा।

वही आज दूसरी ओर हनुमान जयंती उत्सव पर भोर पहर पनकी दरबार में शहर के साथ आस-पास जिलों से पहुंचे भक्तों की लंबी-लंबी कतार और जय श्रीराम की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंगलवार को पनकी मंदिर में महंत श्रीकृष्ण दास और महंत जितेंद्र दास महाराज ने संकटमोचन का रजत श्रृंगार किया। श्रृंगार के बाद आरती में शंखनाद और घंटा-घड़ियाल के साथ बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर के बाहर संकटमोचन के दर्शन के लिए मध्यरात्रि से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतार लगी रही।

इसी प्रकार नेहरू नगर स्थित श्री बालाजी दरबार में भक्तों दर्शन कर समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। युवाओं की टोली सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं, जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर बालाजी मंदिर और सोटे वाले बाबा मंदिर में भी सैकड़ों भक्त हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचे।

सपा महिला जिलाध्यक्ष ने मेधावी छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महिला सभा की सभी पदाधिकारी ने कनौसा कॉन्वेंट की मेधावी छात्रा ईशान्वी यादव पुत्री अनिल यादव एवं पूनम यादव ने हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा में 95% अंक लाकर अपने विद्यालय एवं जिले का मान बढ़ाया है यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। ईशान्वी यादव ने बताया कि इसी मेहनत और लगन के साथ आगे अपनी शिक्षा जारी रखते हुए नीट की तैयारी करेंगी और भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। समाजवादी पार्टी की महिला सभा जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ उसे माला पहनाकर बुके भेट कर उसका उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। सरोज यादव ने उनके माता पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हमारे साथ महासचिव डा. निशात अख्तर, सचिव रूमा, रीता राही, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद, आर्शी, ओजस्वी, गुल्शी, यश, सौम्य आदि लोग उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिला गोष्ठी कार्यक्रम किया हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आयोग की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रमों का सम्पूर्ण जनपद में भव्यता एवं जोर शोर के साथ आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता हेतु महिला गोष्ठी का आयाजेन किया गया, जिसमें समूह की महिलाओं, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहित गांव की महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिला प्रशासन का प्रयास है कि एटा लोकसभा की विधानसभा 105-मारहरा, 104-एटा सदर एवं आगरा लोकसभा की विधानसभा 106-जलेसर में 07 मई को एवं फर्रूखाबाद लोकसभा की अलीगंज विधानसभा में 13 मई को मतदान हैं, जिसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के निर्देशन में महिलाओं को जागरूक करने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समूह की महिला सदस्यों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं पंचायत सहायक के सहयोग से 22 अप्रैल को 186 ग्राम पंचायतों में, 23 अप्रैल को 193 ग्राम पंचायतों में एवं 24 अप्रैल को 190 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत भवनों, प्राथमिक पाठशालाओं, सामुदायिक भवनों, ग्राम संगठन कार्यालयों में आयोजित किए जाने लक्ष्य निर्धारित किया गया। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में वोट प्रतिशत को बढ़ाने हेतु मतदाताओं (विशेष रूप से महिलाओं को एक स्थल पर इकठ्ठा कर जागरूक करने हेतु गोष्ठी का आयोजन हेतु योजना प्रस्तावित की गयी जिसमे 22 अप्रैल को सभी विकास खण्डों की कुल 186 पंचायतों में जागरूकता गोष्ठी की गयी जिसमे कुल 8991 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। तो वहीं 23 अप्रैल को 193 पंचायतों में जागरूकता गोष्ठी की गयी जिसमे कुल महिलाओं 9002 द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रभारी अधिकारी स्वीप डा0 एके बाजपेयी ने कहा कि मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन 24 अप्रैल बुधवार को भी जनपद की चिन्हित 190 ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। इस अवसर पर गोष्ठी में उप जिलाधिकारी सदर भावना विमल सहित अन्य अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं उपस्थित महिलाओं आदि को वोटर गाइड का वितरण कराते हुए मतदाता शपथ दिलाई गई। महिलाओं से अपील की गई कि वे मतदान दिवस पर अपने नजदीकी पोलिंग स्टेशन पर जाकर अपने मत का निर्भीक होकर बिना किसी डर के मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं।

रेल टिकटों की कालाबाजारी करने वाला गिरफ्तार

आरपीएफ ने छापेमारी कर 81,263.05 रुपये के ई टिकट बरामद किए

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। रेलवे मुख्यालय साइबर सेल से सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने टिकटों को बेचने वाले आजाद हुसैन को गिरफ्तार किया है। आजाद दक्षिण नाबाबपुर मालिकपारा थाना चंडी ताला हुबली (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है। शहर में वह सुल्तानपुर भावा नुरूल्ला रोड के एक मकान में रहकर यह धंधा कर रहा था। आजाद हुसैन के पास से छापेमारी में 117 यूजर आईडी मिली है। इन्हीं के जरिए वह टिकटों की बुकिंग कर महंगे दामों में बेचता था। आजाद एक साफ्टवेयर के माध्यम से पर्सनल यूजर आईडी पर अवैध रूप से ई-टिकट बनाकर बेच देता था। वह हर टिकट

पर दो सौ से तीन सौ रुपये अधिक लेता था। उसके पास से कई अहम ट्रेनों के टिकट बरामद हुए जिनकी कीमत 81,263.05 रुपये हैं।

आरोपी ने घर में ही कार्यालय बनाया हुआ था। वहां से लैपटाप, मोबाइल, हार्ड डिस्क आदि बरामद हुई है। आरपीएफ छापेमारी के बाद आरपीएफ

☞साल भर में 99 मामले दर्ज, 105 गिरफ्तार

ने मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गया युवक तीन साल से टिकटों की कालाबाजारी कर रहा था।

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने ई-टिकटों के अवैध कारोबार करने के 99 मामले दर्ज किए हैं। अब तक आरपीएफ ने 105 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया है। इन धंधेबाजों के पास से 28,91,290 रुपये कीमत की 1889 ई-टिकट बरामद किए हैं। 755 फर्जी यूजर आईडी पकड़ी है।

स्कूली बस से बाइक सवार महिला जख्मी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम नसरतपुर निवासी नीरज मौर्या पुत्र स्वर्गीय सन्त लाल मौर्या अपनी बहन संगीता और भांजी अश्वनी मौर्या को बैठा कर जुगनीडीह जा रहा था। बताया गया है कि जैसे वह भानेमऊ महताब भटठे के पास पहुंचा सामने से आ रही स्कूली बस ने टक्कर मार दी। जिससे संगीता मौर्या (37) को गंभीर चोटें आई। उसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीरज मौर्या ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

बीवी और मासूम बच्चों को लाचार छोड़ कर गुमनाम हो गया ननका

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के महुआ कोठी बाजार निवासी दलित रवि चंद उर्फ ननका अपने बीवी बच्चों को लाचार छोड़ कर गुमनाम हो गया। लाचार परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आखिर उसके लाचार कुनबे की रोजी रोटी कैसे चलेगी।महुआ कोठी दलित बस्ती निवासी घूमने फिरने वाला रविचंद उर्फ़ ननका 35 अक्सर बाजार में मिल जाया करता था। रविवार की शाम ननका का शव सरायवंशी उतरांव नहर के पास पाया गया।

ननका मजदूरी का काम करता था।वह नशे का आदी बताया जाता था।जिससे वह जो भी कमाता था खर्च कर देता था। जिससे उसकी आर्थिक स्थित खराब हो गयी थी।घर में ननका की पत्नी विधा देवी और दो मासूम बच्चें इंदर और राजा है। ननका की

मौत से उसके लाचार कुनबे पर गमों का पहाड़ टूट गया है। सवाल यह है कि लाचार कुनबे का गुजर बसर कैसे होगा। परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया की ननका की मौत एक्सीडेंट से हुई है। जिसका एफ आई आर लिखा गया है।इसी प्रकार ननका के घर के परिवार के लोग ननका की दुश्मनी किसी से नही थी बता रहे हैं।इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि रिजवान कुरैशी ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद और सरकारी सहायता दिलाने की कोशिश करुगा।

राम सुंदर पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज का शत प्रतिशत रिजल्ट , बेटियों का दबदबा

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। हंडिया तहसील के प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत मोहिउद्दीनपुर गांव में स्थित रामसुंदर पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज का हाई स्कूल और इंटर का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। लड़कों की अपेक्षा बेटियों का दबदबा कायम रहा। आपको बताते चले की कई दशक पुराना विद्यालय सराय ममरेज इलाके का एक प्रतिष्ठित विद्यालय है। किसान और समाजसेवी रामसुंदर पटेल के नाम इस विद्यालय की स्थापना हुई है। इस विद्यालय में हाई स्कूल में 260 छात्र छात्राएं तथा इंटर में 336 छात्र छात्राएं बोर्ड की परीक्षा दी थी। इस विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा है। मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य पूर्व प्रधान राजकुमार पटेल ने समस्त शिक्षक गण और छात्र-छात्राओं को बुलाकर शत प्रतिशत सफलता पर शाबाशी देते हुए सबका मुंह मीठा कराया गया। विद्यालय की प्रबंधक इंद्रानी देवी पटेल ने खुशी जताई और सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों का बेहतर शिक्षण कार्य को सराहा। विद्यालय में हाई स्कूल परीक्षा में आदर्श कुमार, रवि कुमार, अभिषेक, प्रियांशु, सुकृति, विकास, ममता ,मोनिका, पीयूष, विनीत, विवेक ,अमिता, सौरभ, रोहित आदि ने 90 फ़ीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया। रितु, साधना ,सोनिया बानो ,अंजली यादव , सौम्या, आदित्य कुमारी, शिखा यादव हिमांशी शुक्ला, रितिका, श्वेता ,रागिनी आदि बेटियों ने परीक्षा में परचम लहराया ।इसी प्रकार इंटर में आयुषी प्रजापति 90 फ़ीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। पूनम पटेल,अमिता पटेल, रिया प्रजापति, रंजना यादव, सिमरन, अंकिता पटेल ,इकरा सबा, विनीता पटेल, प्रियंका गुप्ता, साधना पटेल, अनीता, मुस्कान, अर्चना पाल, अनुष्का, अंजलि पटेल, स्मृति वर्मा आदि बेटियों ने अच्छे अंक पाकर बेहतर प्रदर्शन किया।

सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जी जन्म जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। झूंसी स्थित सरोज विद्याशंकर इंटर कॉलेज में मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने भगवान गणेश मां सरस्वती और प्रभु श्री रामचंद्र जी के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वंदन किया ।समस्त विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर कक्षा 12 की छात्रा निकिता जैन और महक मिश्रा ने श्री हनुमान जी की चालीसा पाठ गायन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने समस्त छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विनम्रता, अद्भुत शक्ति, अद्वितीय भक्ति और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक श्री राम के परम भक्त हनुमान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। विद्यावान व्यक्ति ही आत्मज्ञान हासिल कर सकता है। हनुमान जी के जीवन में इन तीनों गुणों (बल, बुद्धि और विद्या) का अद्भुत समन्वय मिलता है। इन्हीं गुणों के बल पर वे जीवन की प्रत्येक कसौटी पर खरे उतरते हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद मां त्रिपाठी ने श्री हनुमान जयंती पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहां कि रामकथा में श्री हनुमान का चरित्र अत्यंत प्रभावशाली है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के समस्त कार्यों को मूर्त रूप देने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव जयद्रथ प्रवीण कुमार मिश्रा विजय बहादुर विश्वकर्मा अरविंद त्रिपाठी कमलेश प्रसाद यादव शशांक त्रिपाठी राहुल पांडे आकाश कुमार गुप्ता राहुल वर्मा प्रियराज दुबे नीतीश कुमार अमित कुमार जैन ममता मिश्रा अनामिका तिवारी मीणा धुरिया सुमन पांडे दिव्या त्रिपाठी खुशबू यादव रीना तिवारी आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर के विभिन्न वार्डों में हुई फॉगिंग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज उर्फ फौजी व अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मच्छरों से बचाव है फागिंग कराई गई। नगर पालिका परिषद मंझनपुर प्रशासन के इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज ने बताया कि मच्छरों से बचाव हित लगातार नगर पालिका परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पार्किंग कराई जाएगी। जिससे मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाव हो सके।

झांसी वर्कशॉप ने आगरा डिवीजन को 4-0 से हराया

प्रयागराज। झांसी वर्कशॉप ने आगरा डिवीजन को 4-0 से हराकर उत्तर मध्य रेलवे की अंतर मंडलीय फुटबाल प्रतियोगिता में पूरे अंक अर्जित किये।

डीएसए मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में पहले हाफ के 25वें मिनट में दीपक ने झांसी वर्कशॉप के लिए पहला गोल किया। 27वें एवं 29वें मिनट में हिमांशु ने गोल करके झांसी वर्कशॉप को 3-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में संदीप ने 18वें मिनट में गोल करके झांसी वर्कशॉप की बढ़त 4-0 कर दी जो अंत तक बनी रही। उमरे के मंडल खेलकूद सचिव धर्मेंद्र कुमार निषाद ने हिमांशु को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

नीरज त्रिपाठी ने किया जनसंपर्क एवं जनसंवाद

प्रयागराज। 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने नैनी में जन संवाद किया। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया विधानसभा शहर दक्षिणी के क्षेत्र महेवा में स्थित भैरव बाबा मन्दिर के पास आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर, भाजपा की डबल इंजन सरकार की योजनाओं व नीतियों की उपलब्धियों को एवं भाजपा संकल्पपत्र के विषयों को जनमानस के समझ प्रस्तुत कर, आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में ज़्यादा से ज्यादा मतदान करने का आग्रह किया।

इस जन संवाद में नीरज त्रिपाठी का जगह-जगह अभिवादन एवं स्वागत हुआ। जन संवाद के आयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला विधानसभा संयोजक की नेतृत्व में हुआ महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा का भी जोरदार स्वागत हुआ। जनसंपर्क महेवा भैरव जी के मंदिर से शुरू हुआ। डांडी गंगोत्री नगर होते हुए दुबे तालाब सीतारमन, राजन शुक्ला, विश्वनाथ भारती, नरसिंह, बबलू तिवारी, शिवदानी सिंह, हंसराज शर्मा, महेंद्र प्रजापति, रणजीत सिंह के आवास पर हुआ। जनसंवाद अभियान में महेवा, डाडी, गंगोत्री नगर, दुबे तालाब, चक दोंदी, नैनी बाजार, मुक्ता बिहार, नैनी, आईटीआई, पीडीए कॉलोनी प्रथम द्वितीय, काजीपुर उत्तरी लोकपुर, खरकौनी पर देर रात्रि समाप्त हुई। नैनी मंडल के अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, रविंद्र जायसवाल मंडल प्रभारी, नैनी मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल रहे।

पुलिस मुठभेड़ दो अपराधी गिरफ्तार,एक के पैर में लगी गोली

प्रयागराज। प्रयागराज के नवाबगंज क्षेत्र में मंगलवार की भोर में हुई पुलिस के साथ मुठभेड़ में मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।डीसीपी (गंगानगर) अभिषेक भारती ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करने के लिए शहर से लेकर गांव तक अभियान चलाया गया है।

इसी के मद्देनजर पुलिस जगह-जगह बैरीकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस को भी आत्मरक्षार्थ गोली चलानी पड़ी जिसमें पड़ोसी जिला प्रतापगढ़ के देलहुपर निवासी मजीद खान के पैर में गोली लगी जिससे वह मोटरसाइकिल सहित जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी करके मजीद के साथी मऊआइमा निवासी दिलशाद को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनो क्षेत्र में किसी लूट को अंजाम देने के लिए आए थे। उनके पास से दो तमंचा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस दिलशाद से पूछताछ कर रही है।

आर ए एफ के जवानों ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रामचरितमानस का पाठ किया

फाफामऊ। 101 आर.ए.एफ. के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया।जैसा कि विदित है कि इस वर्ष हनुमान जी की जन्मोत्सव चैत्रशुक्ल की पूर्णिमा को मनाया जा रहा है, इसी क्रम में 101 आर.ए.एफ में सोमवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखण्ड रामचरितमानस के पाठ का शुभारंभ वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम द्वारा किया गया तथा मंगलवार को पूजा व हवन विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ।इस

शुभ अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय ने उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिवार जनों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी तथा कामना की भगवान हनुमान जी की दिव्य कृपा आपको सभी बुराईयों से बचाए और आपको समृद्धि की ओर ले जाए। तत्पश्चात् उपस्थित जनसमूह के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार, (द्वि. कमा.अधि.), विनोद कुमार (उप कमाण्डेन्ट) बृजेश कुमार दुबे (उप कमाण्डेन्ट), टी एन सिंह (उप कमाण्डेन्ट) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान तथा उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

प्रयागराज में नामांकन की तैयारियां शुरू, होने लगी बेरीकेटिंग, दूर रहेंगे वाहन, लगेंगे सीसीटीवी

प्रयागराज। संगम नगरी में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जनपद में छठें चरण में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएगा। इसी तिथि पर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की ओर से जनपद में अधिसूचना भी जारी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नामांकन की तैयारी शुरू करा दी गई है। आज सीडीओ गौरव कुमार ने फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए जिलाधिकारी न्यायालय में बनाए गए नामांकन कक्ष तथा इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए सीआरओ न्यायालय में बने नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। दोनों कक्षों में दो-दो सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही अन्य प्रबंध कराने के निर्देश दिए। नामांकन कक्षों के बाहर नोटिस बोर्ड लगाने के साथ ही साफ-सफाई कराने को कहा।

कलेक्ट्रेट में प्रवेश और निकास के साथ ही बैरिकेडिंग की तैयारी को भी देखा। हेलीकाप्टर चौराहा तथा लक्ष्मी टाकीज चौराहा तक ही वाहन जा सकेंगे। यहां पुलिस के बैरियर लगाए जाएंगे। जनपद में नामांकन पत्रों की बिक्री होने लगेगी। दावेदार उसी दिन नामांकन पत्र खरीद कर जमा भी कर सकते हैं। नामांकन में प्रत्याशी के साथ चार लोगों को ही नामांकन कक्ष में प्रवेश मिलेगा। एक प्रत्याशी चार सेट नामांकन पत्र दाखिल कर सकेगा।

निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के दावेदार को एक प्रस्तावक देना होगा। रजिस्ट्रीकृत दल या निर्दलीय प्रत्याशी को 10 प्रस्तावक देने हैं। सभी प्रस्तावक उसी लोकसभा क्षेत्र से होने चाहिए, जिससे चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरा जा रहा है। प्रत्याशी देश के किसी भी लोकसभा क्षेत्र का मतदाता हो सकता है।

सुविधा पोर्टल या एप पर आनलाइन नामांकन भी कराया जा सकता है, मगर नामांकन पत्र एवं प्रारूप-26 में शपथ पत्र भरकर डाउनलोड करना होगा। इसकी हार्ड कापी अनिवार्य रूप से निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। नामांकन में सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को 25 हजार रुपये की जमानत राशि जमा होगी। अनुसूचित जाति के प्रत्याशी को जमानत राशि साढ़े बारह हजार रुपये जमा करने होंगे। प्रत्याशी अंतिम दिन तक पार्टी का सिंबल जमा करके फार्म डी दाखिल कर सकता है। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा, एडीसीपी क्राइम सतीश चंद्र भी मौजूद रहे।

अनुपस्थित 17 मतदान कार्मिकों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए दिनांक 18 अप्रैल 2024 से दिनांक 23 अप्रैल, 2024 तक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है।

प्रशिक्षण में मतदान कार्मिक चन्द्रमणि ओझा विपणन निरीक्षक कुम्हियावॉ, अजय भूषण त्रिपाठी आबकारी सिपाही, गौरव श्रीवास्तव निबन्धन लिपिक तहसील मंझनपुर अशोक कुमार कैशियर बी0पी0यू0पी0जी0बी0 मंझनपुर, अंकित सिंह क्लर्क एस0बी0आई0 मंझनपुर, आशीष कुमार कैशियर, बी0ओ0बी0 पश्चिम शरीरा, प्रज्जवल पटेल कनिष्ठ सहायक भू0सं0अ0, रोहित चौहान प्रवक्ता महामाया पॉलिटेक्निक चायल, मिनाक्षी त्रिपाठी स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी चायल, इकबाल अहमद प्रधानाध्यापक मदरसा दारूल उलूम एहसानिया मंझनपुर, आशुतोष ओझा सहायक अध्यापक कम्पोजिट वि0-रक्सराई, संतोष कुमार शर्मा सहायक अध्यापक प्र0वि0 तरसौरा, नरेन्द्र कुमार सहायक अध्यापक प्र0वि0 पश्चिम सरावॉ, भूपेन्द्र सिंह सहायक अध्यापक प्र0वि0 दादूपुर, मानसिंह सहायक अध्यापक बिट्टल भाई पटेल उदिहिन, पुरन्दर वर्मा प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल लौधना तथा उमा शंकर मिश्र प्रधान लिपिक अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी (कार्मिक-प्रशिक्षण)ध्मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने अनुपस्थित कार्मिकों से सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रचार्य महामाया पॉलिटेक्निक चायल, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951(1951 का 43) की धारा 26 की उपधारा-1 और 3 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

भानु प्रताप और फाफामऊ क्लब को मिली जीत

संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट

प्रयागराज। भानु प्रताप सिंह क्लब ने एसके साहू क्लब को सात विकेट और फाफामऊ क्लब ने मेजर रंजीत सिंह क्लब को तीन विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए पहले मैच में एसके साहू क्लब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 197 रन (मोहम्मद तैमूर 53, कामिल खान 52, ओम राय 21, दिव्यांश यादव 3/26, अमन मिश्र 2/28, प्रवेश सिंह 2/34, सुव्रत प्रसाद तिवारी 2/35) बनाए। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन (अखिल कुमार कश्यप 51 नाबाद, अथर्व प्रजापति 51, शुभम गुप्ता 28 नाबाद, राहुल निषाद 28, विशेष आनंद 1/28, अब्दुल कलाम 1/45) बना लिए। अथर्व प्रजापति को पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अब्बास ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में मेजर रंजीत सिंह क्लब ने 20 ओवर में छह विकेट पर 210 रन (शिवांश यादव 96, मयंक दुबे 36, आशीष रत्नम 33, अश्वनी दुबे 3/52 श्रेयस सिंह 1/26, प्रियांशु यादव 1/33) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 17.3 ओवर में सात विकेट पर 213 रन (अनुज सिंह परिहार 53, सुधांशु सोनकर 35, प्रियांशु यादव 33, गौरव पाठक 31, अभिषेक सिंह 18 नाबाद, अभिनव तिवारी 3/50, अक्षत पाण्डेय, कुलदीप मिश्र, शुभ शर्मा एवं आदर्श पाण्डेय एक-एक विकेट) बना लिए। अनुज सिंह परिहार को रेलवे के क्रिकेटर प्रशांत खरे ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

नाटक छोटी बातें, लेकिन अच्छी बातें दे गया सीख

मोबाइल फ़ोन के अत्यधिक प्रयोग पर दिया जागरूकता का संदेश

प्रयागराज। संस्था द थर्ड बेल समय समय पर विद्यालयों में जाकर विभिन्न सामाजिक विषयों को लेकर जागरूकता का प्रयास करती रही है इसी क्रम में संस्था द थर्ड बेल की पहल पर आज नगर क्षेत्र स्थित डी. पी.पब्लिक स्कूल नया कटरा, प्रयागराज में लघु नाटक %छोटी बातें, लेकिन अच्छी बातें% की प्रस्तुति स्कूल के बच्चों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस नाटक के माध्यम से ये बताया गया कि मोबाइल फोन का अधिक प्रयोग कितना नुकसान दायक है। जैसा कि आज के परिवेश में ये अक्सर देखने में आता है कि बच्चे भी मोबाइल का बहुत प्रयोग कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों के शारीरिक विकास का क्षय हो रहा है।बच्चे अधिक समय मोबाइल पर दे रहे हैं। इसी विषय के प्रति बच्चों में जागरूकता का संदेश दिया गया जिसकी सराहना सभी ने की।

संस्था के सदस्य हेमंत सिंह की कहानी पर आधारित इस लघु नाटक के मंचन के द्वारा बताया गया कि मोबाइल का प्रयोग जब आवश्यक हो तभी करें। संस्था सचिव आलोक नायर ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कलाकारों में हेमंत सिंह, नीरज मिश्रा, समरजीत सिंह, विजय शुक्ला रहे और कार्यक्रम संयोजक अमितेश श्रीवास्तव रहे।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समेत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुरिंदर कौर खालसा एवम अन्य स्टाफ़ उपस्थित रहे।

लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें- शुरभी राय

18 वर्ष पूर्ण हर नागरिक को मतदान करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है- सीमा चौहान

महमूदाबाद,सीतापुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र महमूदाबाद के संबिलियत विद्यालय महमूदाबाद आयोजित पाठशाला में उपस्थित शिक्षकों ग्रामीण और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तहसीलदार शुरभी राय ने मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करके ही हम सब एक जिम्मेदार नागरिक होना प्रमाणित कर सकते हैं देश के हर नागरिक को अपना मन पसंदीदा जनप्रतिनिधि चुनने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आगामी 13 में को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें लोगों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सीमा चौहान ने कहा कि प्रशासन मतदाताओं की सुविधा के लिए हर प्रकार के सारे प्रबंध करेगा। किसी भी मतदान केंद्र पर अगर कोई अव्यवस्था नहीं होगी। ऐसे सभी लोग जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह लोग मतदान अवश्य करने जाएं जिन्होंने मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण कराया है चुनावी पाठशाला को लेखपाल ललतेश कुमार, ललित सिंह संबोधित करते हुए कहां मतदाताओं को उनके वोट का महत्व समझने वालों लोकतंत्र के महापर्व में उनकी सत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित बनाने के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से प्रयासरत है मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक विद्यालय में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को उनके वोट का महत्व समझाने के साथ मतदान प्रक्रिया के प्रति प्रेरित किया जा सके। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महामंत्री पुनीत वर्मा के सहयोजन में समस्त छात्राओं के अभिभावको व ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर शिक्षक अर्जुन सिंह, बंदना श्रीवास्तव ,सना रिज़वी, चांदनी गुप्ता, नैंसी श्रीवास्तव ,दिव्या श्रीवास्तव, बृजेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

जुआ खेलते चार लोगो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लहरपुर,सीतापुर। नगर क्षेत्र में पुलिस ने जुआं खेलते हुए चार लोगों को बनाया बंदी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर चौकी प्रभारी राम आसरे चौधरी व पुलिस टीम ने सामान्य चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर नगर के इमामबाड़ा मैदान में जुआं खेलते हुए चार लोगों को बंदी बनाया, पुलिस ने उनके पास से 4200 रुपए नकद व ताश पत्ते बरामद करने का दावा किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि नगर के मोहल्ला मीरा टोला निवासी शीबू, काशिफ, रशीद एवं शेख टोला निवासी मोहम्मद शकील को जुआं खेलते बंदी बनाया गया है उनके विरुद्ध सार्वजनिक जुआं अधिनियम की धारा 13 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

प्राइवेट चिकित्सालय में डाक्टरी सीखने वाली युवती हुई लापता


थाना प्रभारी निरीक्षक मिश्रिख सीतापुर

सेवा में,

प्रार्थिनी श्रीमती माया देवी पत्नी स्व० शिव प्रसाद मो० सीताकुंड वार्ड 1 मिश्रिख सीतापुर प्रार्थिनी अपनी पुत्री रोहिनी को निकट राजकीय स्कूल मछरेहटा रोड पर स्थित न्यूजीवन हास्पिटल मिश्रिख में सिखने को रोज सुबह 10 बजे प्रार्थिनी पुत्री को छोड़ने जाती थी। प्रार्थिनी उस दिन दिनांक 21/04/2024 को भी छोड़ने गई थी और प्रार्थिनी की पुत्री लगभग दो से तीन वर्ष ही चुके है प्रार्थिनी की लड़की कल दिनांक 21/04/2024 को शाम को घर नहीं गई तो प्रार्थिनी और प्रार्थिनी के दोनों लड़के इधर - उधर और रिश्ते दारो में भी तलास की गई व दोस्तों से भी तलास की गई काफी तलास करने पर प्रार्थिनी जब न्यूजीवन हास्पिटल के डॉक्टर साहब से मिली तो उन्होंने कहा की नहीं आई थी। प्रार्थिनी जब की अपनी पुत्री रोहिनी को गेट के अन्दर तक छोड़कर आई थी। तब डाक्टर साहब कह रहे है। कि नहीं आई थी प्रार्थिनी का कहना है कि हमारी लड़की को गुम कर दिया है।

अतः प्रार्थिनी का निवेदन है कि प्रार्थिनी की पुत्री रोहिनी डाक्टर साहब की निगरानी में थी अतः प्रार्थिनी की पुत्री को कुछ भी हो गया तो डाक्टर साहब ही जिम्मेदार होंगे।

अतः श्रीमान जी से विनय निवेदन है की प्रार्थिनी की प्रार्थना पत्र की जाँच करवाने के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की कृपा करें।

आपकी महान कृपा होगी।

दिनांक 22/4/2024

प्रार्थिनी

गुमशुदा का मोबाईल नं० 7007147339,9140463900

माया देवी पत्नी स्व० शिवप्र

मो०9956536160

नि० पता उपरोक्त।

मिश्रित,सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मिश्रित निवासिनी माया देवी पत्नी स्वर्गीय शिव प्रसाद ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देने के साथ ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया है । कि उनकी पुत्री रोहिनी निकट राजकीय विद्यालय मछरेहटा रोड पर स्थित नवजीवन क्लीनिक में ऐनम का कार्य सीखने रोज सुबह 10 बजे जाती थी । पीड़िता का आरोप है । कि वह अपनी पुत्री को प्रति दिन सुबह प्राइवेट चिकित्सालय तक स्वयं छोड़ने जाती थी । परंतु दिनांक 21 अप्रैल को वह चिकित्सालय तक छोड़ कर आई थी । परन्तु उसकी पुत्री देर रात तक जब घर वापस नहीं पहंची । तो पीड़िता के परिवार वाले सकते में आ गए । और अपनी रिश्तेदारी व दोस्तों के यहां तलाश करने लगे । परंतु उसका कहीं अता-पता नहीं चल सका । तो पीड़िता चिकित्सालय जाकर वहां के डा. सफीक गाजी से पूंछा । कि हमारी पुत्री अभी तक घर नही पहंची है । परंतु उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया । पीड़िता का आरोप है । कि डा. साहब की मिली भगत के चलते उसकी पुत्री कहीं लापता हो गई है । जब कि उनके ही चिकित्सालय में पीड़िता छोड़ कर आई थी । पीड़ित महिला ने मांमले का शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देने के साथ ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं ।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें- एसडीएम शिखा शुक्ला

महमूदाबाद,सीतापुर। हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है।देश के वयस्क नागरिकों को अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार प्राप्त है।मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करके ही हम जिम्मेदार नागरिक होना प्रमाणित कर सकते हैं।महमूदाबाद विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में आयोजित पाठशाला में उपस्थित शिक्षकों,ग्रामीणों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला ने यह बात कही।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी 13 मई को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रीश गुप्ता ने कहा कि प्रशासन मतदाताओं की सुविधा के लिए सारे प्रबंध करेगा।किसी भी मतदान केंद्र पर कोई अव्यवस्था नहीं होगी।अट्ठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे सभी लोग मतदान अवश्य करें जिन्होंने मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया है।चुनावी पाठशाला को बीईओ सीमा चौहान व रामपुर मथुरा के बीईओ उदय मणि पटेल ने भी संबोधित किया।इस मौके पर एसडीएम,बीडीओ व बीईओ ने मतदाता सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन भी किया।कार्यक्रम का संचालन उमेश वर्मा व आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा,प्रधान प्रेम चन्द्र वर्मा,दीप्ति वर्मा,पवन कुमार,शिवेंद्र प्रताप,राम सजीवन,राजेन्द्र कुमार,अतुल वर्मा,ललित शर्मा,मुन्नी लाल,शिवप्यारी,सुमन देवी,आशा देवी, शिखा,प्रेमा देवी, रेशमा,लतीफा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

भव्य कलश यात्रा का किया गया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

लहरपुर,सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में नवनिर्मित मंदिर में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना को लेकर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के तहत मंगलवार को मंदिर प्रांगण से एक भव्य कलश यात्रा क्षेत्र के प्रसिद्ध मदिर सूर्यकुंड तक निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा-अर्चना और और धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत क्षेत्रके प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर तक निकाली गई, कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते भजनों पर नाचते गाते एवं जय श्री राम के जयकारों से आसमान को गूंजायमान कर रहे थे,कलश यात्रा के सूर्य कुंड मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर प्रांगण में स्थित पवित्र सरोवर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर जल भरकर यात्रा वापस मंदिर प्रांगण में समाप्त हो गई।

गया प्रसाद राठौर का असमय निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

महोली,सीतापुर। कपूरपुर निवासी गया प्रसाद राठौर के असमय हुआ निधन की सूचना पाते ही गया प्रसाद के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्याप्त करते बीजेपी विधायक शशांक त्रिवेदी दुर्घटना में हुई मृत्यु उपरांत परिवार को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे त्वरित लाभ दिलाने हेतु अधिकारियों से दृढ़ता पूर्वक कहा ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को शांति प्रदान कर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें ।

मिश्रिख की नवीन गल्ला मंडी में संचालित हो रहे गेहूं क्रय केन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

मिश्रिख,सीतापुर। तहसील क्षेत्र के किसानों का गेहूं उचित मूल्य पर खरीदने हेतु कस्बा मिश्रिख के कुतुब नगर रोड पर स्थित नवीन गल्ला मंडी में सरकारी गेहूं क्रय केंद्रो संचालन किया जा रहा हैं ।ज

इस मंडी में पीसीयू एक , पीसीएफ एक , आईएफसी 4 , एफसीआई 1 कुल 7 गेहूं क्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा है । बीपैक्स मंडी समिति मिश्रिख के सचिव अशोक कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया है । कि उनका भी केंद्र नवीन गल्ला मंडी में ही संचालित हो रहा है । इस केंद्र पर कुल 48 कुंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है ।

जिसमें करमसेपुर निवासी ललित मिश्रा का 72 घंटे के अंदर भुगतान भी आ चुका है । इस नवीन गल्ला मंडी में संचालित सातों गेहूं क्रय केंद्रों पर अभी तक कुल 26 सौ 4 कुंतल की खरीद की जा चुकी है । मंडी समिति के बाबू विश्वास वाजपेई ने बताया है । कि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों से बराबर संपर्क किया जा रहा है ।

समय से लक्ष्य के अनुरूप खरीद पूरी कर ली जाएगी ।

चुनावी पाठशाला का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

हरगांव,सीतापुर। विकास खण्ड हरगांव के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कटेसर में जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में चुनावी पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को बढ़ाने के लिए शासन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर चुनावी पाठशाला कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। चुनावी पाठशाला में जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए। मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और लोकतंत्र में मतदान कितना अनिवार्य है इसे बताया गया ।उन लोगों ने सभी मतदाताओं छात्र एवं छात्राओं से आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा के चुनाव में मतदान करने व आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा और सभी मतदाताओं से मतदान करने की विस्तृत जानकारी दी। उसके उपरांत सभी मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका व क्षेत्र के बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

मिश्रिख,सीतापुर। विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत बरमी के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक , शिक्षिकाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करके मतदान करने के प्रति लोगों को हाथ उठाकर शपथ दिलाई । आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है । इस लिए हम सब शपथ लेते हैं । कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेगे । स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखकर निर्भीक होकर धर्म , वर्ग जाति , समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित न होकर सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । आयोजित कार्यक्रम में अपील की गई । कि दिनांक 13 मई को होने वाले मतदान के महा पर्व में सभी लोग पहले मतदान करें फिर जलपान करें । इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक , शिक्षिकाऐ , प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार , पंचायत सहायक सीमा देवी , कोटेदार अशोक कुमार सिंह , आंगनबाड़ी कार्यकर्ती राजेश्वरी देवी व सफाई कर्मचारी आदि काफी संख्या में मतदाता मौजूद रहे ।

अग्नि शमन यूनिट प्रभारी की सक्रियता से बचा किसानो का सैकड़ो बीघे गन्ना

लोकमित्र ब्यूरो

मिश्रिख,सीतापुर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना नैमिषारण्य के ग्राम रामपुर खेवटा में आज गेहूं व गन्ने के खेतों में अचानक आग लग जाने की सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र यूनिट मिश्रिख के यूनिट प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने सौरभ नैन व कुलदीप सिंह को साथ लेकर आनन फानन में मौके पर पहुंचे । और काफी मास्कत के बाद आग पर काबू पाया । अन्यथा दर्जनों किसानों की फसलें जल कर राख हो जाती । आपको बता दें । कि ग्राम रामपुर खेवटा निवासी सोबरन पुत्र चिंता , शब्बीर पुत्र अली मोहम्मद का आठ बीघा गेहूं व महबूब पुत्र नदौली बाज का चार बीघा गन्ना , मुस्ताक पुत्र नदौली बाज का चार बीघे गन्ने में आग लगने से नुसान हुआ है । सूचना पाकर मौके पर अग्नि शमन केंद्र मिश्रिख की टीम पहुंचने से दर्जनों किसानों की सैकड़ो बीघे गेहूं व गन्ने की फसलें राख होने से बच सकी है

सराय अकिल कस्बे में बड़े धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में मंगलवार को हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई कस्बे के सभी मंदिरों को दुल्हन जैसे सजाया गया गल्ला मंडी के हनुमत निकेतन मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का जाप किया गया महावीर नगर हनुमान मंदिर में भंडारे का हुआ कार्यक्रम।

बता दे सराय अकिल कस्बे में हनुमान जयंती पर बड़े धूमधाम से मनाया गया कस्बे के सभी मंदिरों को दुल्हन जैसे सजाया गया गल्ला मंडी हनुमत निकेतन मार्ग में

हनुमत निकेतन मंदिर में हनुमान जयंती पर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का जाप किया गया कस्बे के सभी मंदिरों को भक्तों ने भव्य रूप से सजाया गया हनुमान निकेतन के अध्यक्ष शीतला प्रसाद सोनवाल ने बताया कि हनुमत निकेतन मंदिर में साफसफाई का विशेष ध्यान देते हुए आज सुबह से पूरे विधि विधान से हनुमान जयंती पर वेद मत्रोंउच्चारण के साथ पूजा अर्चना हवन की गई इसी तरह महावीर नगर में हनुमान जी की मंदिर पर पूरे विधान से पुजारी कल्लू जी महाराज पूजा अर्चना की तथा महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने महा प्रसाद ग्रहण किया मंदिरों में जय बजरंगबली के नारे गुजते रहे जिसमें हनुमत निकेतन मंदिर के अध्यक्ष शीतला प्रसाद सोनवाल नरोत्तम दास अग्रहरि नगर अध्यक्ष अनूप सिंह विकास गुप्ता प्रकाश चंद्र अग्रहरि संदीप केसरवानी श्री नारायण सोनवाल रामदास केसरवानी अजय कुमार अग्रहरी सत्यम अग्रहरि सोम चंद्र अग्रहरि मोनू रस्तोगी जितेंद्र तामकार लाल तामकार दिनेश श्रीवास्तव सीताराम केसरवानी राजू केसरवानी दिलीप स्वर्णकार बच्चू केसरवानी बंगा जायसवाल आदि भक्त मौजूद रहे।

तहसील परिसर में मनाई गई हनुमान जयंती

चायल, कौशाम्बी। तहसील परिसर में मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान की आराधना हुई और भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अधिवक्ताओं के अलावा, तहसील परिसर में मौजूद कर्मचारी और सामाजिक लोगों ने शिरकत की और हनुमान बाबा की पूजा अर्चना करके भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धूमधाम के साथ मनाई। हनुमान मंदिर में सुबह से पूजा करने लोग पहुंचने लगे थे।

वृद्ध को प्रधानमंत्री आवास नहीं बनने दे रहा दबंग, शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

नेवादा, कौशाम्बी। सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के खानपुर खास गांव में एक दबंग प्रधानमंत्री आवास निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहा है। वह मकान का निर्माण नहीं होने दे रहा है। गाली गलौच कर मारपीट करने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने मंगलवार को मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। एसडीएम ने इंस्पेक्टर सरायअकिल को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

खानपुर खास गांव निवासी अमजद अली ने बताया कि वह अपने पुश्तैनी मकान में रहते हैं। मकान जर्जर होने के कारण उनके बेटे मोहम्मद हारुन ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के बाद उसके खाते में पहली किश्त आ गई। आवास की रकम आने के बाद उसने कच्चे मकान को गिराकर उसमें निर्माण कार्य शुरु कर दिया। आरोप है कि पड़ोसी दबंग आवास निर्माण करने नहीं दे रहा है। वह गाली गलौच कर मारपीट करने पर आमादा है। चौकी में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने इंस्पेक्टर सरायअकिल को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

श्री हनुमान जयंती के अवसर पर धर्म सभा आज

लोकमित्र ब्यूरो

कौशांबी। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर बुधवार को बड़ी कुटी गौरा भरवारी में धर्म सभा एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। शोभा यात्रा के माध्यम से राम भक्त हनुमान के प्रति लोगों में आस्था जगाई जाएगी।

नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित बड़ी कुटी से बुधवार को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं द्वारा शोभायात्रा निकल जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाननिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री हरी हरा नंद जी महाराज व मुख्य वक्ता करू मूवी मधुराम शरण शिवा, क्षत्रीय गो रक्षा प्रमुख लखनऊ, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कविंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष काशी प्रांत विश्व हिंदू परिषद करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शाम 4 बजे से शुरू होगा। पहले धर्म सभा होगी। इसके माध्यम से लोगों को हिंदुत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके बाद हनुमान जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवा रंग का झंडा लेकर लोग जय श्री राम व जय हनुमान का जयकारे लगाते हुए पूरे कस्बे का भ्रमण करेंगे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नीलमणि समेत गई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद होंगें।

अपना दल एस ने की लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपना दल एस की लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक मुख्यालय स्थित एक गेस्ट में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहें जिलाअध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल बैठक में मुख्यअतिथि के रूप में माननीय राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष अपना दल एस वशिष्ठ अतिथि माननीय जवाहर लाल सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव पंचायत मंच एव भानु प्रताप सिंह प्रदेश सचिव व छेदी लाल सिंह पटेल जिलाध्यक्ष विधि मंच रहें तथारूकार्यक्रम संचालन कर रहे वेद प्रकाश शुक्ला जिलाउपाध्यक्ष एवं डॉक्टर चंद्र भवन पाल जिला उपाध्यक्ष इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार पाल नें बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन अनुप्रिया पटेल जी के निर्देशानुसार जो भी आदेश होगा पालन करते हुए जो भी प्रत्याशी एनडीए गठबंधन से मैदान में आएगा उन्हें पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर भारी से भरी बहुमत से जिताकर लोकसभा भेजने का काम करेंगे और पार्टी को बड़ी जीत दिलाते हुए पार्टी को उत्तर प्रदेश में नंबर वन पर लाना है

इस अवसर पर जिला कमेटी के कार्यकर्ता जोन सेक्टर बूथ के सैकड़ो कार्यकर्ताओं नें मुख्य अतिथि का फूलों की माला पहनकर जोरदार किया स्वागत-सत्कार किया

इस अवसर पर उपस्थित रहे कलीम हाशमी जिलाध्यक्ष श्रमिक मंच अश्वनी सिंह पटेल मंझनपुर विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार पाल जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद जिला सचिव भागीरथी सिंह पटेल प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुमार सेक्टर अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष संगीता चौधरी जिला अध्यक्ष महिला मंच रामदुलारी प्रजापति शिव भूषण गौतम जिला महासचिव श्रमिक मंच सुरेशचंद्र कोरी सुबेदार सिंह सुनील गर्ग जिला महासचिव अमरजीत सिंह संदीप कुमार राममिलन पटेल जिला मीडिया प्रभारी अमर सिंह पटेल चायल विधानसभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह रंजीत कुमार सरोज जिला अध्यक्ष आईटी सेल शिव बाबू सरोज जिला महासचिव डा अजमेर सिंह पटेल रामचंद्र पटेल राजकुमार पटेल शशि प्रकाश आदित्य प्रकाश सिंह सुभाष चंद्र पटेल राकेश सिंह सरदार बृजभान सिंह विधानसभा अध्यक्ष शिवसागर सिंह पटेल भरत कुमार वर्मा ब्रह्मानंद पटेल जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच धर्मवीर सिंह पटेल धारा सिंह पटेल राम नारायण अभिषेक सरोज जिला अध्यक्ष अनुसूचित मंच रामप्रताप पाल आदि अपना दल एस के काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।

भाई ने मामूली विवाद में परिजनों के साथ मिलकर कुनबे को पीटा

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के सिरियांवा कलां गांव निवासी मोहम्मद दिलबर ने बताया कि वह अपने पिता नवाब हुसैन के कामों में हाथ बंटाता है। इसी बात को लेकर उसके भाई उससे नाराज रहते हैं। मंगलवार दोपहर को वह अपने घर में बैठा था। इसी दौरान उसका भाई अपने बच्चों के साथ लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंचा और गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर उन लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर मौके पर बीच बचाव करने पहुंची पत्नी फूल बीबी और बेटा अहद को भी जमकर पीट दिया। इससे तीनों को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

करारी मदरसा के अंकपत्र वितरण समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। करारी कस्बा स्थित मदरसा जामिया इमदादुल उलूम में मंगलवार को अंकपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 33 मेधावियों को अंकपत्र के साथ शील्ड आदि पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन से अरमान नामक छात्र ने किया। करारी मदरसा में अंक पत्र वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 33 मेधावी छात्र छात्राओं को बेहतर अंक लाने पर उन्हें अंकपत्र के साथ साथ शील्ड आदि पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मदरसा जामिया इमदादुल उलूम के प्रधानाचार्य मो इमरान ने छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को मुबारकबाद पेश की,

तथा अन्य छात्रों से उनका अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर इंसान और जानवर में कोई फर्क नहीं होता है। आज पूरी दुनिया जान चुकी है कि शिक्षा के बगैर कोई तरक्की संभव नहीं है। इसलिए प्यारे बच्चों पुरी मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण कर विद्यालय, परिवार और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर तहजीब फातिमा, हबीबा, अलअक्शा बानो, नाजनीन, फिरदौस फातिमा, सबा अंसार, मोहम्मद माज, शफक्कत फातमा, नरगिस, नाजरा, शाइस्ता, शिफा अंजुम, उम्मे हबीबा, सायरीन अख्तर, शाइस्ता नाज, कौनैन मियाँ, नाजरीन, हुमा बिलाल, तुबा, नाजमीन, सारा फातमा, रिदा फातमा, अलीना मुर्तजा, सोगरा फातमा, मोबश्शरीन, हसनैन, मोहम्मद सैफ, हिफ्जा फातमा, फुरकान, सानिया, साबरीन बानो व रिफत खान को श्रेष्ठ अंक पाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाफिज लईक अहमद, हाफिज मोहम्मद इस्माईल, खुर्शीद, शहंशाह, यासीन, नफीस, सलमान, शहजादे खान, हाफिज समीउल्लाह, सोहनलाल, अमीन, समीर आदि मौजूद रहे।

दुर्गा भाभी सभागार में सैनिक सम्मेलन व अपराध की हुई गोष्ठी

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की गयी। जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए तद्उपरान्त लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत विभिन्न बिंदुओं जैसे सी0ए0पी0एफ0, पुलिस, पी0ए0सी0 होमगार्ड्स के रूकने के लिए चिन्हित किये गये स्कूलों पर मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में समीक्षा 2. एफ0एस0टी0, एस0एस0टी0 की ड्यूटी के अनुपालन के सम्बन्ध में समीक्षा 3. शस्त्रों की जमा कराये जाने की स्थिति की समीक्षा गई साथ ही 4 थानो में लम्बित आईजीआरएस, शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा 5. जिलाबदर अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में समीक्षा 6. गिरफ्तारी हेतु शेष पुरस्कार, माफिया गैंग पंजीकरण आदि के सम्बन्ध कृत कार्यवाही एवं नये माफियाधौंग के चिन्हांकन की स्थिति की समीक्षा 7. डीजी परिपत्रों के अनुपालन की समीक्षा 8. हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के सम्बन्ध में समीक्षा 9. अनावरण हेतु शेष हत्या, लूट, के अपराधों की समीक्षा 10. सम्मन, बीडब्लू, एनबीडब्लू, नोटिस के सम्बन्ध में प्रचलित अभियान में कृत कार्यवाही की समीक्षा 11. प्रचलित अभियान लम्बित विवेचना, सीएसध्एफआर दाखिला में कृत कार्यवाही आदि की समीक्षा की गई एवं जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी,जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीध्शाखा प्रभारी व जनपद के गोष्ठी से सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।